रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 35.0° | अधिक. 35.4°
न्यून. 22.0° | न्यून. 22.9°

रांची, सोमवार
09 जून 2025
वर्ष-26, अंक-127, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## चिराग की चाहत बिहार का मुख्यमंत्री पद, लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

- सम्राट, रविशंकर के भी दिल हूम-हूम कर रहा
- राज्यपाल ने उम्र के विवाद में सम्राट चौधरी को मंत्री पद से हटाया था

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** चिराग पासवान तो केंद्र में मंत्री हैं, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, लेकिन वह बिहार से विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस संबंध में रविवार 1 जून 2025 को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की बैठक हुई थी, जिसके अध्यक्ष चिराग पासवान हैं। बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था कि चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़ाया जाना चाहिए। कार्यकारिणी ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया। बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। चर्चा है कि चिराग पासवान पटना, दानापुर या हाजीपुर में से किसी एक सीट से विधान सभा चुनाव लड़ सकते हैं। मालूम हो कि चिराग पासवान के पिता का नाम राम विलास पासवान हैं, जो अब स्वर्गीय हो चुके हैं। वह केंद्र में जिसकी भी सरकार बनती थी, उसके साथ सट कर या पाला बदल कर उसमें केंद्रीय मंत्री बन जाते थे। इसीलिए लोग उनको राजनीतिक मौसम विज्ञानी कहने लगे थे। इस तरह वह लगभग हर सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे। उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी नाम से अपनी एक अलग पार्टी बनाई।



रही बात चिराग पासवान के माता जी की, तो उनकी मां अमृतसर की पंजाबी हिंदू एयरहोस्टेस रीना शर्मा हैं। वह राम विलास पासवान की दूसरी पत्नी हैं। चिराग की एक बहन निशा पासवान हैं, जिनके पति अरुण भारती भी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में हैं। चिराग की सौतेली मां का नाम राजकुमारी देवी है, जिनकी दो बेटियां - आशा व उषा पासवान हैं। जहां तक चिराग पासवान की पढ़ाई-लिखाई की बात है, तो वे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में तीसरे सेमेस्टर के कॉलेज ड्रॉपआउट हैं। पढ़ाई पूरी नहीं करने के बाद, उन्होंने एक हिंदी फिल्म 'मिले ना मिलें हम' (2011) में अभिनय किया था।

सांसद का हेमंत सरकार पर **तीखा हमला**

## दलितों की उपेक्षा व क्षेत्रीय भेदभाव की नीति अपना रही है झारखंड सरकार : वीडी राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को अपने शांतिपुरी स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में झारखंड सरकार पर एक के बाद एक कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दलित विरोधी करार देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति आयोग का गठन न करके सरकार ने दलितों के संवैधानिक अधिकारों को कुचलने का कार्य किया है। उन्होंने राज्य सरकार को अनुसूचित जातियों के प्रति उदासीन और क्षेत्रीय रूप से भेदभावपूर्ण करार दिया।

भाजपा सांसद वीडी राम ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड गठन के 25 वर्षों बाद भी अनुसूचित जाति आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का गठन नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खुद उन्हीं की सरकार के एक दलित मंत्री को पत्र लिखकर अनुसूचित जाति आयोग के गठन की मांग करनी पड़ रही है, जो इस सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। सांसद वीडी राम ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार भाषा और क्षेत्र के आधार पर भेदभाव कर रही है। उन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा में कुरुख और नागपुरी भाषाओं को शामिल किए जाने पर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब पलामू और गढ़वा जैसे जिलों की भाषाओं को कोई मान्यता नहीं दी जाती, तो यह पक्षपातपूर्ण फैसला क्यों लिया गया? उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र भी राज्य के अभिन्न अंग हैं और वहां की भाषा, संस्कृति और पहचान की उपेक्षा करना एक गंभीर राजनीतिक अन्याय है।

- कहा, झारखंड में 17 वर्षों से अनुसूचित जाति आयोग का गठन लंबित
- राज्य सरकार की नीति क्षेत्रीय असंतुलन व भेदभाव को बढ़ावा देती है
- केंद्र की योजनाओं से दलितों को लाभ, पर झारखंड सरकार की उदासीनता बनी बाधा

**शिक्षक पात्रता परीक्षा में कुरुख और नागपुरी को प्राथमिकता, पलामू-गढ़वा की भाषाओं की उपेक्षा**


### झारखंड में केवल वोट बैंक की राजनीति

सांसद विष्णु दयाल राम ने यह भी कहा कि भाजपा शासित राज्यों में अनुसूचित जाति आयोग और परामर्शदात्री परिषद सक्रिय हैं, जबकि झारखंड में केवल वोट बैंक की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि दलितों को केवल चुनाव के समय याद किया जाता है, बाकी समय सरकार उनके मुद्दों से आंख मूंद लेती है।

उन्होंने कहा कि पलामू और गढ़वा जिले में भोजपुरी, मगही या भोजपुरी मगही मिश्रित पलामू भाषा बोली जाती है शेष पेज 11 पर

**आपके शौर्य सामर्थ्य व शक्ति पर गर्व है हमें**

राष्ट्रीय नवीन मेल




**ब्रजेंद्र नाथ मिश्र**

मेरे देश के जांबाज जवानो! आपने भारत की 145 करोड़ जनता की आशाओं के अनुरूप, भारत सरकार द्वारा दी गई खुली छूट का बिना समय गंवाए, पहलगाम कश्मीर में माताओं और बहनों के पुत्रों और पतियों की जेहादियों द्वारा धर्म पूछकर की गई निर्मम और नृशंस हत्या का 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत उचित बदला लिया। इससे हर भारतवासी के कलेजे को असीम ठंढक मिली है। आपके शौर्य, साहस, शक्ति, सामर्थ्य की हम भूरी-भूरी प्रशंसा करते हैं। मुझे आप पर गर्व है।

यह सिंधु नदी की धारा है, सिंदूर नहीं अंगारा है।
झाड़ियां झुलस गई, गंध बारूदी हुई, शाख-शाख जल गईं, राख मेहंदी हुई, ब्रह्मोस जब चला, ठंढक दिल में हुई, ध्वस्त जब हुआ किला, मौत बिल में हुई, अग्निदाह तुम्हारा है, सिंदूर नहीं अंगारा है।
भारत माता की जय। जयहिंद।

### भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस आज

# धरती आबा को शत-शत नमन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वे मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। वे आदिवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। बिरसा मुंडा आदिवासी समुदाय में 'धरती आबा' (पृथ्वी के पिता) के रूप में पूजे जाते हैं। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1895 में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में अंग्रेजों के खिलाफ महाविद्रोह 'उलगुलान' का नेतृत्व किया। यह केवल एक आंदोलन नहीं था, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए बड़ा संग्राम था। बिरसा मुंडा का जन्म उलिहातु गांव के एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुगना पुर्ती (मुंडा) और माता का नाम करमी पुर्ती था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सालगा गांव में जयपाल नाग की देखरेख में पूरी की। बाद में जर्मन मिशन स्कूल में भी पढ़ाई की। उन्होंने ईसाई धर्म भी अपनाया, लेकिन बाद में उन्होंने इसे त्याग दिया और अपना धर्म 'बिरसैत' शुरू किया।

धरती आबा बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन के अधिकार के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। उनका नारा था 'अबुआ राज सेतारजना, महारानी राज टुंडुजना' (रानी का राज्य समाप्त हो और हमारा राज्य स्थापित हो)। वर्ष 1895 में उनका अंग्रेजों के खिलाफ महाविद्रोह शुरू हुआ। शेष पेज 11 पर




### भगवान बिरसा की जयंती के दिन ही है झारखंड का स्थापना दिवस

झारखंड के स्थापना दिवस का दिन भी 15 नवंबर को इसलिए चुना गया, क्योंकि इस दिन धरती आबा बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था। वे हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं, वे हमारे भगवान हैं। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10 नवंबर 2021 को आयोजित बैठक में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया। ज्ञात हो कि आज के मुंडा समुदाय के लोग जब भी कोई काम शुरू करते हैं, तो वे बिरसा मुंडा को याद करते हैं।



## गुजरात कांग्रेस के महासचिव राजेश सोनी किए गए गिरफ्तार

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके पोस्ट पर हुई कार्रवाई

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गुजरात की भाजपा सरकार ने गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजेश सोनी को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तथाकथित आपत्तिजनक पोस्ट के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इस बारे में राज्य कांग्रेस प्रमुख शक्ति सिंह गोहिल का कहना है कि गांधीनगर पुलिस की साइबर अपराध टीम ने सोनी को ऐसे उठाया जैसे वह कोई 'आतंकवादी' हों। गोहिल ने कहा कि सोनी के पोस्ट का उद्देश्य सैनिकों को उनकी बहादुरी का श्रेय देना था और यह कहना था कि 'सरकारी खजाने से पैसा प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए और ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर राजनीतिक लाभ नहीं लिया जाना चाहिए।



गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजेश सोनी, जो अपने चालीसवें वर्ष में हैं, को शुक्रवार को गुजरात राज्य साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता व अखंडता को खतरे में डालना) और 353 (ऐसे बयान देना, प्रकाशित करना या प्रसारित करना जिससे सार्वजनिक शरारत हो सकती है) के तहत गिरफ्तार किया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, सोनी को वर्ष 2022 में राज्य इकाई का महासचिव नियुक्त किया गया था, जब पूर्व सांसद जगदीश ठाकोर राज्य पार्टी अध्यक्ष थे। ठाकोर ने सोनी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया, 'जिन्होंने बहुत दान किया और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मदद करने के लिए हमेशा सबसे आगे रहे', जबकि राज्य कांग्रेस के प्रवक्ता अमित नायक ने याद किया कि कैसे, कोविड-19 महामारी के दौरान, सोनी ने एक सामुदायिक रसोई चलाई। पूर्व केंद्रीय मंत्री भरत सिंह सोलंकी, जो वर्ष 2015 से 2018 तक राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष थे, का कहना है- 'सोनी हर साल बच्चों को नोटबुक वितरित करने के लिए शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### दर्दनाक हादसा : लातेहार में सड़क दुर्घटना में दो महिलाओं की हुई मौत

**लातेहार।** लातेहार जिले में नेतरहाट थाना क्षेत्र के आराहंस गांव के पास रविवार को अनियंत्रित पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओं को कुचल डाला। इसमें दोनों महिलाओं की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृत महिलाओं की पहचान सुषमा एक्का और पुष्पा एक्का के रूप में हुई है। दोनों आपस में भाभी-ननद थीं। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने नेतरहाट-महुआडांड़ सड़क को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। वहीं, घटना में एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत होने के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों महिलाएं बाजार जाने के लिए सड़क के किनारे बैठकर गाड़ी का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान नेतरहाट से महुआडांड़ जा रही पिकअप वाहन काफी तेज रफ्तार से आई और सड़क किनारे खड़ी दोनों महिलाओं को कुचल दिया। शेष पेज 11 पर

## गुमला के चैनपुर में आपसी कहासुनी में दो की हत्या

**दोहरे हत्याकांड** में एक गिरफ्तार, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में चैनपुर थाना क्षेत्र के लिगिर पाठ गांव में दोहरे हत्याकांड की सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। इस मामले में चैनपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लिगिर पाठ निवासी जातरी मुंडा ने चैनपुर थाना में दिए आवेदन में बताया कि उसके पिता सुखदेव मुंडा (55) और बुधराम मुंडा (22) की हत्या गांव के ही युवक छोटू मुंडा (23) ने की है। शुक्रवार को तीनों गांव के जंगल में पिकनिक मनाने गए थे, जहां आपसी कहासुनी के बाद छोटू मुंडा ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई।वहीं, गांव वालों की मानें तो यह हत्या अलग-अलग दिनों में और अलग-अलग स्थानों पर हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि शुक्रवार को हुए फुटबॉल मैच के बाद तीनों जंगल की ओर गए थे शेष पेज 11 पर




### पुलिस को दो दिन बाद मिली जानकारी

इस दोहरे हत्याकांड की जानकारी चैनपुर पुलिस को दो दिन बाद मिली, जिससे एक बार फिर पुलिस के सूचना तंत्र की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस मौके पर पहुंचती, तो बुधराम की जान बचाई जा सकती थी।

### पुलिस ने कहा- एक गिरफ्तार, जांच जारी है

इस पूरे मामले पर चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार ने कहा कि दोहरे हत्याकांड को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है। अनुसंधान के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी।

## इंडिया भगवान बिरसा मुंडा के अंधेरे गांव का मौसमी विकास और आक्रोश की गूंज



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

स्वतंत्रता संग्राम में देश के जनजातीय समुदाय को प्रेरित करने से लेकर पत्थलगड़ी और अफीम की तस्करी के इतिहास वाले खूंटी जिले के लिए राजधानी रांची से शानदार सड़क संपर्क से एक सवा घंटे में पहुंचा जा सकता है पर 9 जून भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनके जन्मस्थान उलिहातु में इस बार भी किसी बड़े अधिकारी या माननीय का नहीं आना आम बात नहीं है पहले भगवान बिरसा मुंडा के कार्यक्रमों में नेता मंत्रियों की भीड़ लगी रहती थी । 2023 में प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्साह देखने को नहीं मिला था उलीहातू के ग्रामीणों ने बताया कि बिरसा के जन्म दिवस और शहादत दिवस पर कीताडीह से उलिहातु तक जबरदस्त मौसमी विकास होता है हर सरकारी भवन की रंगाई पुताई की जाती है बिरसा के बंशज बुजुर्ग सुखराम मुंडा की खोजबीन कर नया धोती-कुर्ता दिया जाता है फिर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पूजा पाठ कर माला पहनाने के बाद उलीहातू गांव के विकास की बात होती है । कार्यक्रम के बाद उलिहातु को पिछड़ेपन के अंधकार की स्थिति में छोड़ दिया जाता है । इस बार पौधारोपण भी होगा । शीर्ष पदों पर आसीन लोगों से गांव वालों की उम्मीदें जगती हैं कि कभी उनसे उनका दुःख-दर्द पूछा जाए पर ऐसा आज तक नहीं हुआ क्योंकि देश के शीर्ष नेता अधिकारियों से ग्रामीणों को मिलने की इजाजत नहीं होती । स्थानीय कहते हैं कि बिरसा मुंडा के जन्मस्थली के बाद यदि पूरे गांव का भ्रमण किया जाए तो उलीहातू गांव के भयंकर पिछड़ेपन और बेरोजगारी का पता चल जाएगा । झारखंड के 25वें बर्ष तक आज उलीहातू गांव को विकास के नाम पर कुछ विशेष नही मिला ।यहां अधिकतर परिवार टूटे फूटे घरों में रहते हैं ।शहीद आवास का भी कार्य पूरा नहीं हुआ । राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के आने पर गांव का पिछड़ापन ना दिखे इसलिए इन मकानों को 20 फीट ऊंची टेंट से ढंक दिया गया था । इन लोगों का कहना है कि आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के पहले बहुत खुशी हुई थी साथ मे उम्मीदें भी थी लेकिन प्रशासन के द्वारा हमारे गांव के किसी को भी कार्यक्रम स्थल तक जाने नहीं दिया गया



किसी को घर से निकलने तक की मनाही थी सड़कों पर चलना मना था । उलिहातु के लोगों का मानना है कि बिरसा ओड़ा आने वाले अतिथियों से मिलने पर समस्या और वस्तुस्थिति के बारे में बताने का मौका मिलेगा लेकिन ऐसा कभी नहीं होता ।बिरसा के बंशज वृद्ध सुखराम मुंडा ने बताया कि बताया कि उलिहातू समेत आसपास के कई गांवों तुबिद, बेड़ाडीह, जोपनो, लेपसेर, सेल्दा, ग़सार, पीड़िटोली, गेरने और कुईल में पानी की भारी किल्लत है । जोपनो गांव में तो पानी बिल्कुल नहीं है। बिरसा ओड़ा का सोलर जलमीनार खराब पड़ा है। यहां के लोग अभी भी चुंवा का पानी पीने को मजबूर हैं । उलीहातू में तीन चुंवा हैं जिससे लगभग 80 घरों के परिवार और मवेशी पानी पीते हैं एक दो नल लगे हुए है लेकिन जलस्रोत नही होने के कारण साल में चार महीने बरसात के मौसम में पानी निकलता है बाकी आठ महीना सूखा रहता है । जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछाई गई है पर इस सप्लाई पानी से उनकी सभी जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं । साथ ही नियमित पानी का सप्लाई भी नहीं होने से पाइप लाइन बिछाने का ग्रामीणों को कोई विशेष लाभ नहीं मिला है ।

प्रखंड मुख्यालय अड़की में चाय नाश्ते की ढंग की दुकान तक नहीं सालों भर बिरसा ओड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को पानी खरीदना पड़ता है। आवासीय विद्यालय में भी पानी की काफी समस्या है। छात्रों को पीने और साफ-सफाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नेता और अधिकारी आते हैं लेकिन जमीनी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शहीद के सम्मान के साथ मजाक हो रहा है। प्रशासन से अपील की है कि समय रहते व्यवस्था सुनिश्चित करें और जमीनी स्तर पर आदर और जिम्मेदारी दिखाएं। उन्होंने मांग की है कि जलमीनारों की मरम्मत कराई जाए और हर गांव में स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भगवान बिरसा मुंडा के गांव की गरिमा बनी रहे। वहीं दूसरी ओर अशिक्षा और भड़काऊ शक्तियों से अड़की के युवाओं का गलत दिशा में भटकाव भी काफी समस्या खड़ा कर रहा है अधिकतर युवा नशे की चपेट में हैं अफीम की खेती भी काफी बड़ी समस्या है । युवा काम धंधे में कम मेला और बाजारों में हंडिया दारू के अड्डों पर देखे जाते हैं । अत्यधिक नशाखोरी से सड़क दुर्घटना में हुई मौत के आंकड़ों में काफी बढ़ोतरी हुईं है घरेलू हिंसा में हत्या जैसी घटनाएं भी बढ़ी हैं । राज्य या देश की राजधानी तक अड़की के आक्रोश की गूंज पहुंचती है पर दर्द का कारण शायद नहीं पहुंचता इसलिए तारणहार का इंतजार है।

**साथ में अड़की से अरविंद कुमार**

## पेसा कानून लागू होने के बाद सदानों से होगा भेदभाव : राजेंद्र

- मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने रांची में बैठक में कही यह बात
- बोले, डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करे, इससे लगेगी भ्रष्टाचार पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में कुछ लोग पेसा कानून को लागू करवाने की मांग कर रहे हैं, जबकि आदिवासियों की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री, अवैध खनन, स्थानीय नीति और नियोजन नीति को मुद्दा बनाना चाहिए था। पेसा कानून लागू होने के बाद मूलवासी सदानों के साथ ऐसा भेदभाव होगा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। ये बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हॉल रांची में मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक में कही। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान समुदाय आदिवासियों को मिलने वाले अधिकारों के खिलाफ कभी नहीं रहा हैं। लेकिन, राज्य के सबसे पुराने वाशिंदे सदान हैं, जिनकी आबादी 65 प्रतिशत है। 65 प्रतिशत आबादी में सबसे ज्यादा आबादी 55 प्रतिशत ओबीसी और 10 प्रतिशत दलितों की है। ऐसे में जो ओबीसी और दलितों के अधिकारों की बात करते हैं, उन्हें इस पर विचार करना चाहिए।



राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों ने अलग राज्य के लिए शहादत दी थी। हमें क्या मालूम था कि राज्य बनने के बाद मूलवासी सदानों को उनके साथ इतना बड़ा धोखा होगा और सारे राजनीतिक अधिकार और सामाजिक समरसता छीन लिये जाएंगे। कहा कि डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करे, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। मौके पर प्रो अरविंद प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों में ओबीसी और दलितों की सबसे बड़ी आबादी है। शेष पेज 11 पर

# कोयला कारोबारी की गोली लगने से हुई मौत, जांच शुरू


- शव के पास से हथियार भी बरामद किया गया
- कोतवाली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना में रहने वाले कोयला व्यापारी मनीष धानुका की गोली लगने से रविवार को मौत हो गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मनीष धानुका ने खुदकुशी की है या यह हादसा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार रांची के कोयला व्यापारी मनीष धानुका की गोली लगने से मौत हो गई है। धानुका का शव उनके घर के एक कमरे से बरामद किया गया है। शव के पास से हथियार भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि धानुका ने अपने लाइसेंसी हथियार से खुद को गोली मारी है। हालांकि, कोतवाली पुलिस अभी पूरे मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल और कमरे से बरामद हथियार की एफएसएल जांच भी कराई जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और थानेदार आदिकांत महतो मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जा सकेगी।

## ग्राहक बनकर आया चोर बाइक लेकर फरार



**रांची।** कर्बला चौक में ग्राहक बनकर आया एक चोर दुकानदार की बाइक लेकर भाग गया। उसने अलमीरा के लिए पैसा लाने का झांसा देकर घटना को अंजाम दिया। 30 मई को हुई घटना पर दुकानदार आफताब आलम ने अज्ञात पर थाने में केस किया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने पैसे नहीं होने का कहकर प्रज्ञा केंद्र जाने के लिए गाड़ी मांगी। इसके बाद वापस नहीं लौटा।

# झारखंड में 15 जून के आसपास मानसून आगमन की संभावना

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में मानसून के आगमन को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है। यह निर्धारित समय से तीन दिन बाद या पहले आ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक राज्य में 10 जून से हवा के रुख में बदलाव आएगा। खाड़ी में इसके प्रभाव से राजधानी समेत पूरे राज्य में 14 जून को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक राज्य में मानसून के अनुकूल कोई लक्षण नहीं है। दस मई के बाद हवा के रुख में जो बदलाव होगा, उस पर यह निर्भर करेगा कि मानसून कितना जल्दी या विलंब से आएगा।

बंगाल की खाड़ी से फिलहाल ऐसे बदलाव के संकेत नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12 के बाद आसमान में बादल घने हो सकते हैं। 14 को पूरे राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश भी होगी।

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान गर्मी बढ़ी है। रांची के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान दो डिग्री की वृद्धि हुई है, जबकि यहां का न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, राज्य में मेदिनीनगर का तापमान 40.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि राज्यभर में सर्वाधिक है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सभी जिलों के तापमान में एक से तीन डिग्री तक का इजाफा हुआ है। जिलों का अधिकतम (डिग्री) जिले अधिकतम रांची 35.4 जमशेदपुर 37.8 मेदिनीनगर 40.2 बोकारो 37.5 चाईबासा 37.5 देवघर 36.6 पाकुड़ 37.6। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि मानसून के बारे में अभी कुछ कहना निश्चित नहीं है। दस के बाद हवा के रुख में बदलाव आ रहा है। बारिश भी होगी।

# आवाज उठाने वाले आदिवासियों पर हो रहा दमन : दीपंकर भट्टाचार्य

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने बिरसा की विरासत से प्रेरणा लेकर जल, जंगल, जमीन और संस्कृति की लड़ाई के लिए उलगुलान का आह्वान किया है। यह उलगुलान उस दमन के खिलाफ है, जो कॉरपोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले आदिवासियों और आदिम जनजातियों पर हो रहा है। उक्त बातें भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कही। वह रविवार को राजधानी के एसडीसी सभागार में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के दो दिवसीय राष्ट्रीय कन्वेंशन के पहले दिन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश में आदिवासियों की जमीन की लूट एक संगठित प्रक्रिया बन गयी है। इसमें सरकारें भी उनका साथ दे रही हैं। कॉरपोरेट परस्त नीतियों के तहत सीएनटी-एसपीटी जैसे कानूनी संरक्षणों को निष्प्रभावी बनाया जा रहा है। खनिजों की लूट और वन क्षेत्रों पर हो रहे अतिक्रमण को विकास के नाम पर जायज ठहराया जा रहा है। जो भी इस लूट के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन्हें दमन, गिरफ्तारी, और फर्जी मुकदमों का सामना करना पड़ता है।

### आदिवासी संघर्ष मोर्चा करेगा लड़ाई का नेतृत्व

चर्चा के दौरान आदिवासी संघर्ष मोर्चा के प्रभारी व भाकपा (माले) केंद्रीय कमेटी सदस्य क्लिफ्टन ने कहा कि संसाधनों की लूट, संस्कृति पर हमला और आदिवासियों की आवाज को कुचलना इनकी एकमात्र नियति बन गयी है। लेकिन, अब यह संघर्ष टुकड़ों में नहीं, बल्कि इस लड़ाई का नेतृत्व आदिवासी संघर्ष मोर्चा करेगा। वही, सिकटा के विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, ओडिशा से आये त्रिपति गमांगो, असम की आदिवासी नेत्री प्रतिमा एपीजी ने एक ट्रेंड को सामने रखते हुए कहा कि देशभर से आये प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभव साझा कर रहे हैं, जो सभी जगहों पर एक ही पैटर्न को दर्शा रहा है।

# कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर स्टंट करने वाले युवक की हुई पहचान, बाइक बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर बाइक से स्टंट करने वाले युवक की पहचान पुलिस ने कर ली है। खुद को हंटर बताने वाला युवक, पुलिस के भय से फरार हो गया जिसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। दरअसल कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर बाइक बरामद कर लिया है। लेकिन युवक फरार होने में कामयाब रहा। बाइक को जब्त कर सदर थाने में रखा गया है। जानकारी के अनुसार बाइक चलाने वाले का नाम हंटर उर्फ राइडर उर्फ कासिफ है। कासिफ ने बाइक को दूसरे के घर में छिपाकर रखा था।

हैरतअंगेज स्टंट करके खुलेआम युवक कानून का मजाक बना रहे थे। यही नहीं स्टंट करने वालों का दुस्साहस इतना बढ़ गया कि उन्होंने स्टंट करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला। लेकिन यही पर स्टंटबाज गलती कर गए। मामले को लेकर झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री दीपक बरुआ ने तुरंत ट्रैफिक एसपी रांची को निर्देश दिया कि स्टंट करने वाले युवकों को चिन्हित कर इन्हें परिवहन का नियम बताएं और अभिलंब कार्रवाई करें।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा कि स्टंट करने वाले युवक की बाइक, शनिवार रात को जब्त कर ली गई जबकि युवक की तलाश जारी है। फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार और स्टंट करने वाले बाइक को रांची के खिजुरटोला, बूटी सदर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

कई तरह के विवाद और हंगामा के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी सप्ताह सिरम टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। जिससे लोगों को जाम से राहत तो मिली, लेकिन रात के समय फ्लाईओवर पर स्टंटबाज युवकों ने अपना बसेरा बना लिया।

# जनविरोधी नीतियों के लिए याद की जाएगी केंद्र सरकार : कांग्रेस

- मोदी सरकार ने 11 वर्षों में संवाद से दूरी बनाकर लोकतंत्र की बुनियाद को ही हिला दिया है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक दुबे ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को भारत के लोकतंत्र और आर्थिक विकास के लिए सबसे विफल दौर बताया है। उन्होंने कहा कि देश आज गहरे संकट से गुजर रहा है। इन 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल संवादहीनता का परिचय दिया, बल्कि देश की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और सामाजिक ताने-बाने को भी पूरी तरह चौपट कर दिया है। यह 11 साल का शासनकाल भारत के लोकतंत्र के इतिहास में संवादहीनता, जवाबदेही से परहेज, बढ़ती असुरक्षा, आर्थिक विषमता और जनविरोधी नीतियों के लिए याद किया जाएगा।

श्री दुबे ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 वर्षों में संवाद से दूरी बनाकर लोकतंत्र की बुनियाद को ही हिला दिया है। जब देश की जनता सवाल पूछती है, तो सरकार चुप रहती है। यह दर्शाता है कि मोदी सरकार जवाबदेही से डरती है। उन्होंने कहा कि तेल के दाम बढ़े, गैस सिलेंडर महंगा हुआ और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। आम आदमी की जेब दिन प्रतिदिन खाली होती जा रही है। मोदी सरकार की नीतियां गरीब और मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की प्रमुख संस्थाओं को बेचकर देश की संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। रेलवे, तेल कंपनियां, हवाई अड्डे और अन्य महत्वपूर्ण संसाधन बिक गए। ये देश की विरासत हैं, जिन्हें सरकार ने निजीकरण के नाम पर बेच दिया। जनता की आर्थिक सुरक्षा खतरे में है।

# सरना समाज से रीति-विधि को कायम रखने के लिए एकजुट रहने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ट्राइब फर्स्ट अभियान झारखंड ने सरना जनजाति की रीति-विधि परंपरा में बदलाव लाने वालों से सावधान रहने का आह्वान किया है। सरना समाज के पाहन परंपरागत व्यवस्था को तोड़ने का प्रयास करने वालों को सबक सिखाएंगे। पंचायत के नया भुसूर मैदान में पाहन महासम्मेलन का आयोजन किया गया। पाहन झिरगा मुंडा द्वारा विभिन्न परंपरागत तरीके से पूजा किए जाने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम में रांची जिला व आसपास के इलाकों से आए पाहनों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य जनजाति समाज के पाहनों के माध्यम से एकजुट करना है। सरना समाज में रूढ़िवादी परंपरा के मुताबिक रीति-विधि संपन्न कराने वाले पाहन का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके बिना जनजाति समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। कहा गया कि कुछ समय से समाज के मूल स्तंभ को धूमिल व कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका खुलकर विरोध होगा। इस मौके पर पाहनों ने जनजाति समाज की पूजा-पद्धति, अन्य विशेष सामाजिक मसलों को सामने रखा और जरूरी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नया भुसूर के ग्राम प्रधान राजेश टोप्पो, संचालन संदीप उरांव और धन्यवाद ज्ञापन जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सह प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने किया। महासम्मेलन सह सम्मान समारोह में झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, गंगोत्री कुजूर, मेघा उरांव, रवि मुंडा, संगठन की संयोजक मंडली की आरती कुजूर, रितेश उरांव, बिरसा पाहन, सतदेव मुंडा, सनी टोप्पो, राजेश टोप्पो, मुखिया पुष्पा तिर्की, अंजलि लकड़ा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, अजय भोक्ता, बुधराम बेदिया, जयमंगल उरांव, राजेश टोप्पो, मुकेश भगत समेत बड़ी संख्या में सरना समाज के पाहन व अन्य शामिल हुए।

# पुलिस ने नशे के तस्करों को किया गिरफ्तार


## दोनों आरोपियों के रहें हैं गंभीर आपराधिक इतिहास



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र में नशा कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रांची पुलिस ने नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार किया। शनिवार को डीआईजी सह एसएसपी को वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना के आधार पर खादगढ़ा बस स्टैंड परिसर में छापेमारी कर दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। प्रेस वार्ता कर एसपी अजीत कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में खालिद रजा उर्फ माथा नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी का रहने वाला है। खालिद का लंबा आपराधिक इतिहास है और वह पहले से ही टाटीसिलवे, अनगड़ा, सदर और नामकुम थाना में कई गंभीर मामलों में आरोपित रह चुका है। वहीं, दूसरा आरोपी अशफाक अंसारी कांटाटोली कुरैशी मौहल्ला निवासी है। पुलिस के अनुसार उसका भी अपराधिक इतिहास रहा है। वह लोअर बाजार, ओरमांझी समेत कई थाना क्षेत्रों में रंगदारी, चोरी और आर्म्स एक्ट जैसे मामलों में शामिल रह चुका है। वहीं, शुरुआती पूछताछ में दोनों ने ब्राउन शुगर को बिहार से लाकर खुद उपयोग करने और बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस इन बयानों की सत्यता की जांच कर रही है। मामला दर्ज करने के बाद दोनों को जेल भेजा गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

## भगवान बिरसा मुंडा के 125वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आज



**रांची।** झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा भगवान बिरसा मुंडा के 125वें बलिदान दिवस पर सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज मंदिर, श्रद्धानंद पथ, अपर बाजार में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4:00 बजे वैदिक रीति से हवन के साथ होगा। इसके पश्चात शाम 5:00 बजे से विशेष आमसभा का आयोजन होगा, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा एवं सिद्धू-कान्हू परिवार के वंशज भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, त्याग एवं राष्ट्र एवं समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया जाएगा। उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश जनमानस को दिया जाएगा। । झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा सभी नागरिकों से इस गरिमामय आयोजन में आने की अपील की है।

# हैदराबाद में डॉ डी नागेश्वर से मिले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हैदराबाद की अपनी यात्रा के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी से मुलाकात की। उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। इस मुलाकात में चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. रेड्डी के योगदान के प्रति गहरा सम्मान और प्रशंसा व्यक्त की गई। एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी ने सम्मान की एक उल्लेखनीय राह बनाई है, वे तीनों पद्म पुरस्कार- पद्म श्री (2002), पद्म भूषण (2016) और पद्म विभूषण (2025) प्राप्त करने वाले पहले भारतीय डॉक्टर बन गए हैं। उन्होंने डॉ. रेड्डी की यात्रा को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा, "यह केवल एक व्यक्तिगत मील का पत्थर नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का क्षण है। डॉ. रेड्डी के काम ने देश को बहुत सम्मान दिलाया है।

## चारपहिया वाहन लेकर भागे यूपी के चालक पर केस

**रांची।** पीएचईडी कॉलोनी निवासी कपिल देव की गाड़ी लेकर फरार होने के आरोप में यूपी निवासी मोहम्मद जैद पर पीड़ित ने सदर थाने में केस दर्ज कराया। उसने बताया कि मो जैद उनकी गाड़ी चलाता था। आधार कार्ड का सत्यापन करने के बाद उसे काम पर 28 मई को रखा था। दिनभर गाड़ी चलाकर शाम में वह पैसे देता था। 31 मई वह गाड़ी लेकर नहीं आया तो अगले दिन उसकी तलाश की गई। उसने फोन भी बंद कर लिया था। इस पर उन्होंने केस किया।

## राज्य सरकार अनुसूचित जाति आयोग को सक्रिय करे : रजक

**रांची।** अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने समाज की समस्याओं का राज्य सरकार से समाधान की मांग की है। राज्य में 50 लाख अनुसूचित जाति समाज के लोगों को उनकी जनसंख्या के आधार पर भागीदारी देने की मांग की है। समिति ने कहा कि इस जातिवर्ग के साथ भेदभाव करना उचित नही हैं। राज्य में अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित परामर्शदात्री परिषद को सक्रिय नहीं किया है। इस संदर्भ में सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री की समाज के विषय में पत्र के माध्यम से जो सवाल उठाया गया है, वह सत्य है।

# सरकार ने मान लिया कि अनुसूचित जाति व आदिम जनजाति की स्थिति बदतर है : भाजपा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखकर पत्र पर 72 घंटे के बाद भी चुप्पी पर सवाल उठाया है। प्रतुल ने कहा कि मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में जो अनुसूचित जाति के लोग हैं उनकी स्थिति आदिम जनजाति से भी बदतर है।प्रतुल ने कहा इस स्वीकारोक्ति से दो चीजें स्पष्ट हो गई। एक की अनुसूचित जाति की स्थिति मौजूदा सरकार अपने साढे 5 वर्षों के कार्यकाल में ठीक नहीं कर पाई । दूसरा कुछ ऐसी ही स्थिति इन्होंने आदिम जनजाति की भी बना कर रख दी है।

प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार अपने आप को आदिवासी मूलवासी और दबे कुचले लोग की सरकार होने का दावा करती है। लेकिन अब इन्हीं की सरकार के मंत्री इनको शीशा दिखा रहे हैं। बता रहे हैं कि अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की स्थिति इस सरकार में बहुत खराब है। भाजपा सरकार ने 2018 के अंत में अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के कारण कम समय मिला। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले साढे 5 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद इस आयोग का गठन नहीं किया। यह इस जाति समूह के प्रति हेमंत सरकार की नकारात्मक सोच दिखाता है। कमोबेश यही स्थिति अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की भी है। मंत्री के पत्र से ये स्पष्ट है कि आदिम जनजाति एक पैमाना बन गया है पिछड़ेपन का। तभी मंत्री जी भी पिछड़ेपन की तुलना आदिम जनजाति से कर रहे हैं। कहा कि भाजपा की सरकार में शुरू की गई डाकिया योजना और पहाड़िया बटालियन से अच्छी शुरुआत हुई थी। लेकिन इस सरकार ने आदिम जनजाति के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया ।

प्रतुल ने कहा हेमंत सरकार के कार्यकाल में अनुसूचित जनजाति भी उपेक्षा की शिकार हो रही है। धर्मांतरण करने वाली शक्तियां लगातार सक्रिय हैं और बड़े पैमाने पर अनुसूचित जनजाति के लोगों का धर्मांतरण करने का प्रयास जारी है।इस सरकार को पिछड़ा विरोधी भी सरकार कहा जाता है क्योंकि उन्होंने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों को आरक्षण दिए कर लिया था। अब भी पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष विहीन है और स्थानीय निकाय चुनाव करने वाला आयोग के अध्यक्ष भी नहीं है।

प्रतुल ने कहा कि अगर पुराना नैतिकता का दौर होता तो अपने कैबिनेट के मंत्री द्वारा इतने संगीन आरोप लगाने पर मुख्यमंत्री इस्तीफा दे देते थे। या ऐसे आरोप लगाने वाले मंत्री का इस्तीफा ले लेते थे।

### अनुसूचित जाति व जनजाति के मुद्दे पर भाजपा को बोलने का हक नहीं : झामुमो



**रांची।** भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव द्वारा लगाए गए आरोपों को झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सिरे से खारिज करते हुए इसे घोर राजनीतिक दोहरापन करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अनुसूचित जाति और आदिम जनजातियों की याद सिर्फ तब आती है, जब वह विपक्ष में होती है। सत्ता में रहते हुए उन्होंने इन वर्गों के लिए क्या किया, यह पूरे राज्य को पता है। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के हितों की सच्ची हितैषी है। सरकार की योजनाएं-जैसे मरांग गोमके छात्रवृत्ति, सिदो-कान्हू कृषि समृद्धि योजना और फेलोशिप स्कीम इन वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम हैं। भाजपा का यह आरोप कि अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं हुआ, सरासर भ्रामक है। सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है और जल्द ही आयोग का पुनर्गठन होगा। मंत्री राधा कृष्ण किशोर के पत्र को लेकर उठाए गए सवालों पर पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में हर मंत्री को राय रखने का अधिकार है, यही खासियत है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की, कि वह एक तरफा नहीं, बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी की बातों को सुनने और राय लेने में यकीन रखते हैं। ये भाजपा की तानाशाह सरकार नहीं। भाजपा के किसी मंत्री को पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने की आजादी है क्या? या किसी भाजपा मंत्री ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है क्या? लेकिन भाजपा इसे मुद्दा बनाकर आदिवासी और दलित समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

# एसीएस ने नामकुम प्रखंड समिति का किया गठन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने खिजरी विधानसभा अंतर्गत नामकुम प्रखंड समिति का गठन किया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष निशांत तिर्की, उपाध्यक्ष अनिकेत तिर्की, सचिव बिपिन मुंडा, उपसचिव निखिल सांगा, कोषाध्यक्ष अजय गाड़ी, उपकोषाध्यक्ष सुशील तिर्की, मीडिया प्रभारी अदिति केरकेट्टा, जितिन खलखो, राजनीतिक सलाहकार कारलोस बिहा शामिल हैं। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी है। मौके पर केंद्रीय मीडिया प्रभारी समित उरांव, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव, डीएसपीएमयू इकाई अध्यक्ष विवेक तिर्की, सचिव अमित टोप्पो, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष महादेव उरांव, रातु प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज उरांव, देव दर्शन उरांव, विष्णु कुमार, अभय नायक, राज नायक, रोशन नायक, कुनाल महतो, मनीष बांडों, गोबिंद लिंडा, आशीष बिहा, रूपेश सांगा, राज इक्का, बैजनाथ धान, विवेक उरांव, प्रभु टोप्पो, आयुष लोहरा, अनीश खलखो, आनंद बिहा, फ्रांसिस सांगा, टेलीस्फोर इक्का, शर्मेंदर सिंग बिनझिया आदि शामिल थे।

### राष्ट्र सेविका समिति का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती की तरह जीवन करें राष्ट्र को समर्पित : चित्रा ताई





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्र सेविका समिति, झारखंड प्रांत की ओर से रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। इस शिविर में झारखंड के 20 जिलों से पधारीं 225 सेविकाओं ने भाग लिया। समापन समारोह की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सहकार्यवाहिका चित्रा ताई जोशी ने कहा कि भारत माता हमारी प्राणशक्ति हैं। हमारी भौतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति वह स्वयं करती हैं। हमें अपने जीवन का प्रत्येक क्षण और प्रत्येक कर्म भारत माता के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। उन्होंने महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की वह पुण्यश्लोक रानी थीं जिन्होंने सेवा, धर्मनिष्ठा और न्यायप्रिय शासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने देश के कई पवित्र तीर्थों काशी विश्वनाथ, प्रयागराज, रामेश्वरम, सोमनाथ और मथुरा का जीर्णोद्धार कर राष्ट्र की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित किया। उन्होंने नारी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का जो मार्ग प्रशस्त किया, वह आज की पीढ़ी के लिए भी अत्यंत प्रेरणास्पद है।

### सेविका शिविर में राष्ट्रसेवा, आत्मरक्षा और संस्कारों की सीख

महारानी दुर्गावती के बलिदान को याद करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती ने विदेशी आक्रांताओं से वीरता से संघर्ष करते हुए मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका जीवन स्त्री शक्ति की साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम का अमर प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। समारोह की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक निर्मल कौर ने सेविकाओं के अनुशासन, ऊर्जस्विता और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर राष्ट्र को कर्तव्यनिष्ठ, चरित्रवान और राष्ट्रभक्त नागरिक प्रदान करते हैं। उन्होंने बालिकाओं को लव जिहाद के प्रति आगाह करते हुए कहा कि छोटी बच्चियों के जीवन बर्बाद किया जा रहा हा। इसलिए ऐसी बुराइयों के डटकर सामना करने और दूसरी बच्चियों की भी मदद करने का आह्वान उन्होंने उपस्थित बच्चियों से किया। शिविर का उद्देश्य युवतियों में अनुशासन, शारीरिक सुदृढ़ता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना था। प्रतिदिन सेविकाओं ने योग, व्यायाम, बौद्धिक चर्चा, गीत, सेवा कार्य में भाग लिया। इस आवासीय शिविर में सेविकाओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक पक्षों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 14 शिक्षिकाएं और प्रांत स्तर की 10 अधिकारी निरन्तर मौजूद रहीं। शिविर को अखिल भारतीय स्तर की वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनीता हल्देकर और नीता बा ने भी सम्बोधित किया। क्षेत्र संपर्क प्रमुख पदमा देवी का निरंतर सहयोग भी सेविकाओं को प्राप्त हुआ।

शिविर में देशभक्ति, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी उत्पादों का उपयोग और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श एवं अभ्यास हुआ। मुख्य शिक्षिका का दायित्व मनुश्री ने निभाया। 6 जून को नगर में आयोजित पथ संचलन में सेविकाओं ने पूर्ण गणवेश में नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा के रूप में निकाली गई थी, जिसे जनसामान्य ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यह संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर, बस स्टैंड होते हुए पुनः परिसर में समापन तक भव्यता के साथ संपन्न हुआ था।

समापन समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों कई लोग उपस्थित थे। इनमें शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, महिला संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

**शिविर में ये रहे मौजूद :** शिविर में राष्ट्र सेविका समिति की उषा सिंह ( प्रांत संचालिका ) , शारदा गुप्ता ( प्रांत कार्यवाहिका ), डॉ. त्रिपुला दास (प्रांत सह कार्यवाहिका ), निर्मला सिंह ( प्रांत संपर्क प्रमुख), पूनम सिंह, डॉ. जिज्ञासा ओझा, शालिनी सचदेव, रीता सिंह, सुमन सिन्हा के अलावा इस वर्ग की सर्व व्यवस्था प्रमुख मृदुल चौरसिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय ग्राम विकास आयाम के सदस्य सिद्धनाथ सिंह, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव, प्रांत के सामाजिक सद्भाव के संयोजक विजय घोष, सेवा भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष गुरुशरण, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के मंत्री अखिलेश मिश्र, भाजपा के गणेश मिश्र, आशा लकड़ा, आरती कुजूर , सत्यनारायण कंठ, स्निग्ध, सुनील, रांची विभाग कार्यवाह, अचल, भारतीय मजदूर संघ सहित कई महिलाएं और अभिभावक मौजूद थे।

# माहेश्वरी समाज ने बुजुर्ग सदस्यों बच्चों व युवा प्रतिभा को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



माहेश्वरी समाज के महेश नवमी पर्व जो 8 दिनों से चल रहा था। उसका समापन रविवार को हुआ। मौके पर संध्या 4:00 बजे से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सभागार में वरिष्ठ समाज जन सम्मान, ओजस्वी प्रतिभा पुरस्कार, विशेष प्रतिभा पुरस्कार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक सहभोज के साथ संपन्न हुआ।

**रविवार की सुबह महेश्वरी भवन में "जीवनसाथी का चयन – युवा और अभिभावक की सोच:** एक आदर्श जीवन साथी कैसे खोजें" विषय पर एक सारगर्भित सामाजिक परिचर्चा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम को दीपक मारु, नीरज चितलांगिया, प्रिया लाखोटिआ ने सजाया। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के युवाओं, अभिभावकों और विचारशील लोगों ने भाग लिया। इस चर्चा का उद्देश्य आज के समय में जीवनसाथी चयन को लेकर बदलती सोच, चुनौतियां और समाज की भूमिका को समझना था। इस परिचर्चा में बहुत ही सार्थक और समाजहितैषी विचार सामने आए। सभी प्रतिभागियों ने इसे एक अत्यंत उपयोगी और विचारोत्तेजक चर्चा बताया जो आने वाले समय में युवाओं और अभिभावकों को विवाह जैसे महत्वपूर्ण निर्णय में सोचने और समझने का एक नया दृष्टिकोण देगा। कार्यक्रम में लव मैरिज -अरेंज मैरिज, एकल परिवार -संयुक्त परिवार, अंतरजातीय विवाह, लड़कियों की उच्च शिक्षा, वित्तीय स्वतंत्रता, उच्च कैरियर की चाह, देर से होने वाली शादी, बच्चें न पैदा करने की प्रवृत्ति आदि विषयों पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने मुक्त विचार रखें। सभी वक्ताओं ने एक विषय पर सहमति बनाई कि सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों का ह्रास चिंता का विषय है।

### आउटसोर्स कर्मियों का तीन चरणों में प्रदर्शन आज से

**रांची।** मांगों को पूरा कराने के लिए झारखंड के सरकारी कार्यालयों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी सोमवार से तीन दिवसीय प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस दौरान सभी कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर विरोध जताएंगे। सरकार की ओर से उनकी मांगें पूरी नहीं किए जाने पर कर्मचारियों ने आंदोलन करने का घोषणा की है। मांग पूरी नहीं होने पर 15 जून को राज्यभर के कर्मी रांची में धरना देंगे। बताया गया कि आंदोलन तीन चरणों में किया होगा। पहले चरण में नौ, 10 और 11 जून को कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। दूसरे चरण में 11 जून को शाम छह बजे जिला मुख्यालय पर कैंडल मार्च निकाला जाएगा।

### मोरहाबादी की चौपाल

## शराब पीना तो दूर, शराब की दुकान के नजदीक से भी नहीं गुजरेंगे






मोरहाबादी की चौपाल में आज का विषय था शराब पर इन दोनों रोज समाचार पत्रों में शराब घोटालो की खबरें आती रहती है। वहीं जांच का दायरा बढ़ते जा रहा है, तो इसी पर गंभीर होकर एक चौपाल ने चिंता व्यक्त की कि कहीं ऐसा ना हो कि जांच का दायरा बढ़ते बढ़ते पहुंच जाए कि घोटाले वाली शराब किसने किसने पी। तब तो झारखंड के बहुत लोग जांच के दायरे में आ जाएंगे। किसी दूसरे चौपाली ने कहा हम तो 6 साल पहले ही छोड़ दिए थे, किसी ने कहा अरे पकड़ेगा कैसे, कोई हमारे नाम से दुकान वाले ने बिल थोड़े ना बनाया था जबकि ₹10 ज्यादा भी लिया था, एक ने कहा अरे भाई हम लोग तो राज्य के विकास के भागीदारी हैं, हमरे राजस्व से ही तो ठेकेदार, अफसरों और नेताओं का ठाठ होता है। हम लोगों को कोई चिंता करने की बात नहीं। बस सावधानी बरतनी है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाए, शराब पीना तो दूर,हम लोग शराब की दुकान के नजदीक से भी नहीं गुजरेंगे। एक सदस्य ने सुझाव दिया घर में अगर खाली बोतल वगैरह भी हो तो उसको रात के अंधेरे में कहीं फेंक कर आ जाना है, ड्राई डे वाले दिन,बाकी दिन तो रात में गाड़ी रोक कर जांच होती है मुंह सुंघा जाता है।

### पासवा का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह 23 को

**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) 23 जून को राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में होगा। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलोक कुमार दूबे ने बताया कि इसमें सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड से 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क होगा।

### धुर्वा में चल रहा एक्वा वर्ल्ड मेला

## आकर्षण का केंद्र बना जलपरी और विदेशी झूला




**निगम वसूलता है लाखों पर व्यवस्था देता है जीरो**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धुर्वा थाना अंतर्गत शहीद मैदान में जय जगन्नाथ इंटरप्राइजेज के तहत एक्वा वर्ल्ड मेला पिछले 15 मई से चल रहा है। शहर में इस मेले की चर्चा जोरों पर है। वहीं मेला में नेपाल से आए जलपरी की टीम और विदेश झूला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेला में 60 स्टॉल लगाए गए है। जिसमें स्थानीय और दूसरे राज्यों के भी लोग स्टॉल लगाए हुए हैं। टिकट का प्रवेश शुल्क 20 रूपए है। इस मेला में प्रतिदिन 2500 से 3000 लोगों की भीड़ जुट रही है। वहां नगर निगम सिर्फ पैसे वसूलने में लगा है। निगम इस मेले के लिए 6100 रुपए प्रतिदिन की दर से शुल्क वसूल रही है। शुल्क वसूलना तो ठीक है मगर निगम ने कोई भी व्यवस्था मेले परिसर में नहीं दी है। भयंकर गर्मी के मौसम में नगर निगम ने पीने के पानी की व्यवस्था नहीं दी है न ही शौचालय की गाड़ी उपलब्ध कराया है, कचरे के गाड़ी भी मेला में नहीं आती है न ही निगम के लोग साफ सफाई करने आते हैं। मतलब निगम लाखों वसूल रही है और व्यस्था इस तरह के आयोजन में जीरो रखती है।

**घूरती रथ तक मेला चलेगा : ओम प्रकाश**



मेला संचालक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 15 मई से मेला चल रहा है और घूरती रथ तक मेला चलेगा। आसपास और सभी का सहयोग मिल रहा है जिससे मेला चलाने में आसानी हो रही है। धुर्वा थाना का भी सहयोग मिल रहा है जिससे शाम 4 बजे 10 बजे रात तक मेला संचालन में कोई परेशानी नहीं होती है।

### पेरेंटिंग माह के रूप में मनेगा जून माह, स्कूलों में होंगे कई कार्यक्रम


**रांची।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा जून महीने को पेरेंटिंग माह के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य माता-पिता और परिवारों की भूमिका को सम्मान देना और बच्चों के पालन-पोषण में उनके अहम योगदान को उजागर करना है। यह विशेष रूप से यूनिसेफ द्वारा समर्थित है। इसे देखते हुए झारखंड में भी "पेरेंटिंग माह" के दौरान कई प्रकार की गतिविधियां, जागरूकता अभियान और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे कि बच्चों के साथ-साथ माता-पिता के रिश्ते को मजबूत किया जा सके और उनके समग्र विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

**पेरेंटिंग वीडियो शेयर किए जाएंगे :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सभी जिलों में विद्यालय स्तर पर नाटक, खेल, संगीत और पेरेंटिंग आदि के माध्यम से अभिभावकों और बच्चों के बीच रिश्तों को मजबूती देने की कोशिश की जाएगी। इसके तहत सभी विद्यालयों के साथ 29 पेरेंटिंग वीडियो शेयर किए जाएंगे, जिनसे बच्चों की सकारात्मक परवरिश को बढ़ावा मिलेगा।

**28 जून को विद्यालयों में मनेगा पेरेंटिंग पर्व :** पेरेंटिंग माह के अंतिम दिन 28 जून को सभी विद्यालयों में पेरेंटिंग पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत विद्यालय स्तर पर अभिभावक सम्मान समारोह सह शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### किशोरगंज फीडर से तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप

**रांची।** किशोरगंज फीडर से रविवार को तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। यह समस्या क्षतिग्रस्त पोल को दुरुस्त करने के लिए के लिए किया था। बिजली नहीं होने से लोग गर्मी से बेहाल रहे। बिजली दोपहर 12 बजे के आसपास बहाल हो पाई। आज अशोक नगर सब स्टेशन से बंद रहेगी बिजली आज अशोकनगर सब स्टेशन के 11 केवी न्यू वे फीडर से बिजली बंद रहेगी। इस दौरान सुबह 10 बजे से सुबह 11.30 बजे तक बिजली पोल लगाने का कार्य होगा। इससे अशोक विहार, सेंट्रल अशोका, बुद्ध विहार, रामदेव विहार, अशोक कुंज, अरगोड़ा चौक में बिजली नहीं रहेगी।



### आज / कल




# अन्नपूर्णा महाप्रसाद में तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

- मंदिर में 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन
- भजन- संध्या में मनमोहक भजनों में भक्तगण खूब झूमे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 210 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद डूंगरमल अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल ने अपनी पोती सान्वी एवं मेहल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हज़ार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, पुड़ी आलू चना सब्जी, जीरा राइस, चिप्स आदि का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में ज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिर में रांची के अलावे झारखंड के कई जिलों से आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मंदिर का दर्शन किए। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, सुनील पोद्दार, अनिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन कुमार पोद्दार, अजय राय,मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार, आशीष कुमार, सूरज कुमार, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।



## मंत्री के साथ राज्य भर के डीईओ की बैठक आज

**रांची।** राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों का आयोजित होने वाली मासिक समीक्षा बैठक सोमवार को होगी। शिक्षा परियोजना परिषद में प्रेक्षा गृह में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग मंत्री भी हिस्सा लेंगे। इसके बाद एमडीआई भवन में मंत्री अपने कक्ष में नगर विकास तथा उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग मंत्री एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के साथ राज्यपाल के आदेश पर बंद हुए इंटर कॉलेजों के विषय पर बैठक होगी। जिसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के साथ-साथ संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र व पीसीसी पथ का किया शिलान्यास, कहा

# विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है

- **सड़क को हमेशा से ही विकास का पैमाना माना गया है। सड़के अच्छी होगी तभी सरकार की योजनाओं को भी रफ्तार दिया जा सकता है।**

**नवीन मेल संवाददाता**



**चान्हो।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को क्षेत्र की जनता को योजनाओं की सौगात दी है। मंत्री ने चान्हो प्रखंड में 4 आंगनबाड़ी केंद्र और एक पी सी सी सड़क का शिलान्यास किया। प्रखंड के नुन्हू, मसमानो, रकाडीह और ओपा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जाएगा। वहीं चटवल में अखरा से लेकर सरहुल अम्बा तक पी सी सी सड़क निर्माण की आधारशिला मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रखी। मौके पर मंत्री ने कहा कि विकास एक दो दिन या एक दो योजना की प्रक्रिया नहीं , ये निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंत्री ने कहा कि आज उसी जिम्मेवारी का निर्वहन करने के लिए यहां आई हूं। आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य बच्चों का पोषण , स्वास्थ्य , शिक्षा और सामाजिक विकास करना है । गांव के बच्चें पढ़ेंगे , तभी आगे बढ़ेंगे । इस सोच को गांव के हर एक परिवार को समझना होगा। बच्चों की शिक्षा में उनके परिजनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा को जारी रखने के लिए तत्परता दिखानी होगी। कई बार ये देखा गया है कि गांव के बच्चें 8 वीं या 10 वीं की शिक्षा लेकर , कई कारणों से आगे की पढ़ाई छोड़ देते है। उच्च शिक्षा या सरकारी नौकरी तक वो नहीं पहुंचा पाते। इस सोच को बदलने की जरूरत है । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गांव के युवाओं को मोबाइल फोन से तौबा और किताबों से दोस्ती करने की अपील की। . उन्होंने कहा कि इसके लिए वो खुद किताब उपलब्ध कराने को तैयार है। मंत्री ने कहा कि सड़क को हमेशा से ही विकास का पैमाना माना गया है। सड़के अच्छी होगी तभी सरकार की योजनाओं को भी रफ्तार दिया जा सकता है। ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्तावित योजनाओं को पूरा करने की वो हर संभव प्रयास करती है और आगे भी करती रहेंगी।

## न्यूज बॉक्स

### लाभुकों का सत्यापन बायोमेट्रिक से

**सिल्ली।** मुरी फैक्ट्री मोड स्थित भारत गैस एजेंसी में लाभुकों का बायोमेट्रिक किया जा रहा है यह बायोमेट्रिक लगभग छह महीने से चल रहा है। जिन लाभुकों ने अभी तक बायोमेट्रिक नहीं करवाया है तो उनका गैस से नाम कट जाएगा। गैस एजेंसी की मैनेजर अंजू सुवर्णा ने बताया कि जल्दी से एजेंसी में आकर बायोमेट्रिक करवा लें । तभी जाकर आपके खाते में गैस का सब्सिडी पैसा जाएगा और गैस से भी नाम नहीं कटेगा सभी लाभुकों को बायोमेट्रिक करना जरूरी है। हमारा गैस लेकर डिलीवरी बॉय आपके घर जाता है तो उससे भी आप बायोमेट्रिक करवा सकते हैं। दूर दराज से ग्रामीण इलाकों में बायोमेट्रिक होने में असुविधा होती है तो वह ऑफिस आकर हमारे कर्मचारी से करवा सकते हैं। सरकार बायोमेट्रिक के जरिए लाभुकों का पहचान कर रही है जो लाभुक मर चुके हैं उनका नाम गैस से अभी तक नहीं हटा है तो अब उनका नाम चयनित करके हटा दिया जाएगा। उन्होंने लाभुकों से अपील किया है कि अपने साथ आधार कार्ड, गैस कार्ड और जिनके नाम से गैस है उनको भी साथ लेकर आएंगे क्योंकि उनका अंगूठा का निशान लगाकर बायोमेट्रिक किया जाएगा।

### भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करना हमारा दायित्व : दुर्गावती ओडेया

**खूंटी।** केंद्रीय सरना संगोम समिति खूंटी द्वारा रविवार को करम अखड़ा में भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं शहादत दिवस को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करम अखड़ा की अध्यक्ष दुर्गावती ओडेया ने की। बैठक में अध्यक्ष दुर्गावती ओडेया ने कहा कि शहीदों का सम्मान करना समाज की गरिमा बनाए रखने का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा जल, जंगल, जमीन और अबुआ दिशुम, अबुआ राज के सिद्धांतों पर चलकर ब्रिटिश सत्ता एवं उनके स्थानीय शोषकों जमींदारों, साहूकारों और जागीरदारों के खिलाफ उलगुलान कर देश और समाज के लिए बलिदान हुए। उन्होंने कहा कि वीर बिरसा मुंडा के सपनों को पूरा करना हम सभी का दायित्व है। पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी पूजाः बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं शहादत दिवस को आदिङ ओड़ा में पारंपरिक मुंडा रीति-विधान से पूजा-पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। सभी सामाजिक अगुवाओं, ग्राम प्रधानों, पड़हा राजाओं, समाजसेवियों एवं आम जनों से उलिहातू पहुंचने की अपील की गई। बैठक में बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने मिलकर शहादत दिवस को गरिमामय तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

### तोरपा के मरचा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के मरचा पंचायत भवन मे केएस गंगा हॉस्पिटल के तत्वावधान में रविवार को हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। जांच शिविर में 177 लोगों का फ्री चेकअप किया गया और मरीजों के बीच निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ मुनून ने मरीजों का उपचार किया। इस दौरान ओस्टियो आर्थराइटिस, रूमेटॉयड माइग्रेन, पेट संबंधी रोग, छाती से संबंधित रोगों के साथ बुखार जोड़ो में दर्द, एनीमिया, आंखों और चर्म रोगों के कई मरीजों ने अपना उपचार कराया। जांच शिविर को सफल बनाने में अतुल, पवन राम, आलोक, रीना, अंशु, कृतिका, शिवम् एवं अन्य ने सहयोग किया।

### अल्बर्ट तिग्गा बने कर्रा कांग्रेस प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष

**कर्रा।** कर्रा प्रखंड के गोमा भगत बगीचा में रविवार को कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत प्रखंड कमेटी का पूर्णगठन जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कांग्रेस के नए प्रखंड अध्यक्ष अल्बर्ट तिग्गा को चुनाव किया गया। वहीं पुराने प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया की जिम्मेवारी बढ़ाते हुए उन्हें जिला कमेटी में भेजा गया है। नए सिरे से गठित कर्रा प्रखंड कमेटी अध्यक्ष सहित दो उपाध्यक्ष, नौ महासचिव का चुनाव किया गया है। इसमें उपाध्यक्ष उमेश कुमार महतो, महासचिव विवेकानंद कुमार, मंगल मुंडा, अमन खलखो, अल्बर्ट तिड़ू, एलिजाबेथ खाखा, अगुस्टीन गुड़िया, पीटर बारला का चुनाव किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने नवनियुक्त प्रखंड प्रभारियों को कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत समझाते हुए कहा कि हम लोगों को जनता की हर समस्या व परेशानी का सहारा बनकर खड़ा रहना है। गरीब जनता, किसान, मजदूर वर्ग तक सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विलशन तोपनो, प्रखंड प्रवक्ता सुनिता गोप, कर्रा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि विक्रम नाग, मुरहू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि धर्मदास कंडिर, कांग्रेस आदिवासी सेल के प्रखंड अध्यक्ष अलेक्सियूस परधिया, लाल सिंह मुंडा, सुमित तिग्गा, राम सिंह भगत, बुधवा उरांव, जयसिंह मुंड़ा, सुनिता किस्पोट्टा, अनिता तिग्गा, कर्मेला तिर्की, बबिता कच्छप, ललिता कच्छप, अनिता बारला, अंजली किस्पोट्टा सुरेश तिग्गा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रातू के डंडई हेहल में सरना प्रार्थना सभा का आयोजन

**रातू।** प्रखंड के डंडई हेहल रातू में रविवार को सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव ने कार्यक्रम में शामिल सरना समाज के लोगों से कहा कि सरना प्रार्थना सभा का आयोजन आपसी दूरी को मिटाने के लिए होता है। शादी विवाह के कार्यक्रम से नशा पर अधिक जोर दिया जा रहा है हमें इससे बचने की जरूरत है। कार्यक्रम में कई गांवों की मंडली ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया और लोगों को जागरूक किया। सरना प्रार्थना सभा में तिलता, पिर्रा, रातू, पुनगी, फेटा, बूचीदाड़ी, चटवल ब्राम्बे, मलटोटी और सिमलिया आदि गांव के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश उरांव, दीपक तिर्की, जतरू उरांव, महादेव उरांव, राजू उरांव, सतीश कच्छप, मनोज उरांव, संगीता उरांव, गोपी, सरिता उरांव, शांति उरांव, सरोज तिग्गा, मीना उरांव, सुखराम उरांव आदि लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# खलारी रेलवे साइडिंग से तांबा तार चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत केडीएच रेलवे साइडिंग से कर्षण तार (ओवरहेड इक्विपमेंट) की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की यह घटना 12 मई 2025 को घटी थी, जिसे लेकर खलारी थाना में कांड संख्या 30/25 दर्ज किया गया था। अनुसंधान पदाधिकारी पुअनि रविकुमार सोनी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ईबरार अंसारी (27 वर्ष), पिता कुर्बान अंसारी, ग्राम पंडरी, थाना चान्हो, जिला रांची, छोटू ठाकुर उर्फ जरल (19 वर्ष), पिता गोरी ठाकुर, साकिन कोएलरा, थाना पिपरवार, जिला चतरा, सचिन उरांव (18 वर्ष), पिता विटा उरांव, साकिन लुकेया, थाना पिपरवार, जिला चतरा शामिल है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से करीब 80 किलोग्राम ओएचई तांबा तार बरामद किया है। साथ ही इनकी निशानदेही पर अन्य स्थान से भी 80 किलोग्राम चोरी का रेलवे तांबा तार बरामद हुआ है। कुल मिलाकर लगभग 160 किलोग्राम तांबा तार जब्त किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में खलारी थाना प्रभारी पुअनि जयदीप टोप्पो, पुअनि कपिलदेव यादव, पुअनि रवि कुमार सोनी, पुअनि मुकेश कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# सेल के मेघाहातुबुरु-किरीबुरु खदानों को मिला क्लीयरेंस

- **247 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए स्टेज-2 फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिला है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची। चाईबासा (पश्चिम सिंहभूम)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के किरीबुरू और मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदानों को कुल 247 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए स्टेज-2 फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गया है। रविवार को सारंडा के डीएफओ अविरूप सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है। इस मंजूरी के साथ सेल को इन पहाड़ी क्षेत्रों में लौह अयस्क खनन शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। पिछले कई वर्षों से खदान प्रबंधन इसके लिए लगातार प्रयासरत था। विशेषकर मेघाहातुबुरु खदान की हालत बेहद नाजुक थी। यहां उच्च गुणवत्ता वाले अयस्क का भंडार लगभग समाप्त हो चुका था और लो ग्रेड अयस्क निकालकर संयंत्रों को भेजा जा रहा था। सेल के बोकारो, राउरकेला जैसे संयंत्रों को कच्चे माल की आपूर्ति इन्हीं खदानों से होती है। ऐसे में खदानें बंद हो जातीं, तो उत्पादन ठप होने के साथ हजारों लोगों की आजीविका पर संकट आ जाता। स्टेज-2 क्लीयरेंस मिलने से खदानों की माइनिंग लाइफ में 20 वर्ष की बढ़ातरी हुई है। इससे डीएमएफटी फंड से शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और सड़क जैसी योजनाएं भी निर्बाध चल सकेंगी। यह मंजूरी न केवल खदानों, बल्कि राज्य के औद्योगिक विकास और आदिवासी क्षेत्रों के भविष्य के लिए भी वरदान साबित होगी।

## रैयत विस्थापितों का अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कल



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले आगामी 10 जून को अंचल कार्यालय खलारी के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर रविवार को डकरा स्थित मोर्चा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने की। बैठक में आंदोलन की रणनीति व रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।
निर्णय लिया गया कि धरना कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रखंड के प्रत्येक गांव से रैयत विस्थापितों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। संगठन ने सभी प्रखंडवासियों से अपील की है कि वे जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए इस जनआंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल हों। बिगनसिंह भोगता ने कहा कि, रैयतों की भूमि से जुड़े कार्यों के लिए उन्हें बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, जो न केवल समय की बर्बादी है, बल्कि अपमानजनक भी है। यह धरना केवल विरोध नहीं, बल्कि रैयतों के अधिकारों की पुकार है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और अधिक से अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि प्रशासन द्वारा रैयतों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह सिर्फ एक शुरुआत है। बैठक में जगरनाथ महतो, छोटू अंसारी सहित मोर्चा के कई वरिष्ठ सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जेवियर आरसीबी ने जेवियर जीटी को हराया

**रांची।** रांची क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में खेले गए जेवियर प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मुकाबला सेंट जेवियर स्कूल ग्राउंड में खेला गया, जिसमें जेवियर आरसीबी ने जेवियर जीटी को 6 विकेट से हरा कर खिताब जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेवियर जी टी ने 16.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 64 रन बनाए शौर्य ने 16 और युवराज ने 10 रन बनाए विलदान को 11 रन देकर 4 और यश्वी को 14 रन देकर 2 विकेट प्राप्त हुए। जवाब में जेवियर आरसीबी की टीम ने 14.1 ओवरों में 4 विकेट खोकर 65 रन बना लिए और आसानी से जीत दर्ज कर ली। फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच विलदान को चुना गया। वही बेस्ट बैट्समैन विक्रम बंधु और बेस्ट बॉलर का खिताब आर्यन को दिया गया। मुख्य अतिथि सुमित कुमार ने विजेता और उपविजेता टीम को कप और मेडल देकर सम्मानित किया । इस मौके पर मोहम्मद वसीम, मोहम्मद उज्जैर, समीर चौधरी, कुंतक आनंद, रणविजय सिंह,मो. अमजद, श्याम प्रसाद, मकसूद एवं कई अन्य लोग मौजूद थे।



### गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन का प्रांत सम्मेलन

## समाज के सभी व्यक्ति को साथ लेकर चलने पर बनी सहमति


**रांची।** गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन का झारखंड प्रांत सम्मेलन रविवार को हरमू स्थित अस्थाई कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन में राज्य के प्रायः सभी जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके साथ ही झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी प्रदेश अध्यक्ष उमेश गिरी की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रदेश महासचिव विपिन गिरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय संरक्षक अरविंद गिरी एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष संपूर्णा नंद भारती,अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गिरी एवं शिवकुमार गिरी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में संगठनात्मक मुद्दे पर चर्चा करते हुए संगठन से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को जोड़ने का निर्णय लिया गया ताकि वह विकास की दौड़ में बहुत पीछे न छूट जाएं। सामाजिक गतिविधियों को तेज करने का भी निर्णय बैठक में लिया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष समरेश गिरी , रांची जिला युवा अध्यक्ष संजीत गिरी, समरसता प्रमुख दीपा गोस्वामी, केंद्रीय सदस्य एवं झारखंडी धाम के नरेश पंडा, गिरिडीह जिला अध्यक्ष वासुदेव पंडा, कोडरमा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न गिरी, प्रदेश संगठन मंत्री वरुण गिरी, परमानंद गिरि, सिमडेगा महिला जिला अध्यक्ष हेमा भारती, मीणा गोस्वामी, राजीव गौरव गिरी ,अनुपम गिरी सहित अन्य कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# पुराने हाल में ही हैं पुरानी रांची के लोग

**रांची।** राजधानी रांची की पुरानी रांची कई चीजों को लेकर जाना जाता है। यहां कुम्हार की संख्या सबसे अधिक है जिनकी जीवनी मिट्टी के बर्तनों को बेच कर चलती है। वहीं राजधानी का यह क्षेत्र संकरी गलियों के लिए भी जाना जाता है। जहां कहीं सारी सुविधाएं हैं तो कहीं सही सड़क तक की व्यवस्था नहीं है। कुछ कुम्हारों ने बताया कि आज के समय में कुम्हारों की संख्या काफी कम होती जा रही है और जीवन यापन पर भी असर पड़ रहा है। वहीं कुम्हार टोली की गली जो किशोरगंज चौक से महज कुछ दूरी पर है, जहां सड़क पर ही बड़ा सा गड्ढा है। यहां जहां दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। आस पास के लोगों ने बताया कई बार शिकायत भी की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।





### युवाओं को अब कुम्हार क्षेत्र में नहीं है रुचि : रोहित प्रजापति




पुरानी रांची स्थित कुम्हार टोली निवासी कुम्हार रोहित प्रजापति ने बताया कि गली में तो कुछ परेशानी नहीं होती है। लेकिन पहले की तुलना में अब कुम्हारों की जीवन में बदलाव आ गया है। लोग इस क्षेत्र में रहना नहीं चाहते हैं। उनका कहना है मिट्टी के बर्तनों की मांग तो है लेकिन अब चाइनीज सामानों के कारण लोग सिर्फ पूजा पाठ में मिट्टी के बर्तन खोजते हैं। वहीं उनसे उनके कारोबार और परिवार के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पहले कुम्हारों की संख्या ज्यादा हुआ करती थी।

### सड़क हमेशा रहता है जाम : अजय कुमार




पुरानी रांची के कुम्हार टोली में राशन दुकान का संचालन कर रहे अजय कुमार ने कहा कि कुछ खास परेशानी नहीं है। लेकिन रोड के अंदर घुसते वक्त रोड पर ही बड़ा सा गड्ढा है जिस कारण आने जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। इस रोड को लोग अधिकतर शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल करते है जिस वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा कई बार शिकायत की गई लेकिन हमेशा चार दिनों के लिए ही उपाय निकाला गया।

### पहले से सड़कें हुई है बेहतर : सैयद कैफ



पुरानी रांची निवासी सैयद कैफ ने कहा कि पुरानी रांची में वैसी कोई खास परेशानी नहीं होती है। इनका कहना है यहां 90 प्रतिशत लोगों के अपने घर हैं। रोड पहले की तुलना में बेहतर कर लिए गए हैं।

### यह रहने में कोई परेशानी नहीं है : राहुल लकड़ा



राहुल लकड़ा पिछले 8 वर्षो से पुरानी रांची में रह रहे हैं। इन्होंने कहा कि पहले भी इस इलाके में कुछ खास परेशानी नहीं थी अब भी नहीं है। सड़क नाली पानी लगभग सभी सुविधाएं है।

### गली संकरी होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है : किरण




किरण तिर्की काफी सालों से समोसा दकान चला रही हैं। उन्होंने कहा कि वैसे तो इस इलाके में कुछ खास परेशानी नहीं है। अकेली महिला दुकान चलाती हैं लेकिन फिर भी किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि गली संकरी होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।

### योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारी को लेकर राज्य योग केंद्र में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 और 8 जून को आयोजित किया गया। समापन के मौके पर कार्यक्रम में झारखंड राज्य युवा आयोग अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) कुमार गौरव, सदस्य विशाल अम्बर तिर्की, सुनील टुडू, वेद रत्न मोहन सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अलावा योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 200 से ज्यादा लोग शामिल हुए।

## एक्वा वर्ल्ड में बंगाल की कला और संस्कृति की दिखी झलक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर द्वारा आयोजित कार्यक्रम बंगाल की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम बंगाल के थीम पर आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में बंगाली गानों के मैशअप पर नृत्य पेश किया गया। इसके अतिरिक्त दीपांजलि सहित विभिन्न ग्रुपों ने कोलकतार रसगुल्ला, मंगल दीप ज्वेले, आमी देवदासी,एक बार नाचो मा, आदि गीतों पर नृत्यों की शानदार पेशकश किया। बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक बंगाली परिधान पर रैंप वॉक भी किया।अतिथियों और निर्णायकों में विपुल नायक, सुरजीत घोष, पोंपा सेनगुप्ता, देवज्योति नाहा उपस्थित थे।सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में पपिया, रितु,सौम्या, अनुष्का, कषिका, बुलबुली, संतोषी , रेशमा, अश्विनी, एंजेल लकड़ा, आरवी, कंचन, तनुश्री ,चंद्रा, पियूषा, भव्या, अकशिनी, आराध्या, निवा, तृषा, जानवी, शानविका, आदि प्रमुख थे।
आज बंगाली संडे में बड़ी संख्या में बंगाल के पृष्ठभूमि से आए लोगों की भागीदारी रही।

### आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी सुल्ताना टीम

# ग्रामीण क्षेत्र में भी क्रिकेट के प्रति बढ़ रहा है युवाओं का जुनून: मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पसई में आयोजित प्रखंड स्तरीय आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट सिजन 5 का फाइनल मुकाबला रविवार को सुल्ताना बनाम बानादाग टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुल्ताना की टीम ने कुल 12 ओवर में 135 रन का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए बानादाग की टीम ने 9 विकेट खोकर 12 ओवर में 120 रन बनाकर सिमट गई। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बैटिंग कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर हौसला अफजाई की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्रिकेट खेल के प्रति लोगों का उत्साह और जुनून देखा जा रहा है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए आयोजक समिति की सराहना की। कहा कि किसी भी मैच में दर्शकों की भीड़ खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करता है, जो यहां देखने को मिल रहा है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा जताया। उपस्थित अन्य अतिथियों ने टूर्नामेंट के विजेता टीम को सिल्ड के साथ 10 हजार नगद व उप विजेता टीम को 5 हजार पुरस्कार प्रदान कर हौसलाअफजाई की। आयोजन समिति के आनंद राणा ने कहा कि इस प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग ली। यह आयोजन पिछले 5 वर्षों से हो रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्र में छुपे प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान कर आगे बढ़ना है। मैच का कॉमेंट्री राजेश गुप्ता ने किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मनोज कुमार, राकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## घाघरा फॉल में डूबे मृतक के आवास पहुंचे सांसद, जताया गहरा दुःख



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बीते दिनों केरेडारी क्षेत्र के घाघरा डैम जलप्रपात में एक अत्यंत ही दुखद घटना घटी जिसमें यहां नहा रहे हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं का आकस्मिक निधन हो गया। जिसमें एक युवक कटकमदाग प्रखंड के कटकमदाग हरि नगर निवासी आशीष कुमार शामिल हैं जो महज 22 साल के थे और उनका शादी महज आठ दिन पूर्व ही उन्हीं के गांव की लड़की से प्रेम विवाह के तहत हुआ था। मृतक आशीष कुमार झारखंड सरकार के प्रचार गाड़ी में एक एजेंसी के लिए ड्राइवर का काम करते थे। उनके निधन से दो परिवार के साथ पूरे इलाके में शोक का माहौल है । रविवार को इनके शोकाकुल परिवार में पहुंचकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मृतक के दादा जगदीश राम, मृतक के पिता देबू राम और मृतक की पत्नी के पिता जोधन राम सहित उनके पूरे परिवारजनों से मिलकर गहरा शोक संवेदना जताया और मृतक को आपदा प्रबंधन से मिलने वाले मुआवजा राशि दिलाने में हरसंभव मदद का भरोसा जताया। उन्होंने ईश्वर से मृतक के आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को अदम्य सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की । मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायण कुशवाहा, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सुखदेव पासवान, अविनाश पासवान, दीपक पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## दहेज प्रथा समाज के लिए कोढ़ है: ईश्वर यादव

- दहेज मुक्त विवाह कर बीरेन्द्र ने समाज में मिसाल कायम की

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका निवासी ललधारी महतो के कनिष्ठ पुत्र और पीएम इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कॉलेज के निदेशक सत्येन्द्र प्रसाद ने भाई बिरेंद्र प्रसाद का दहेज मुक्त विवाह कर लोगों के लिए एक नया संदेश देने का कार्य किया है। आदर्श विवाह करने पर दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ ने पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर उक्त परिवार को सम्मानित किया।

मौके पर दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के जिला महामंत्री ईश्वर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए कोढ़ है। दहेज प्रथा के कारण कई बेटियों की जान चली जाती है और कई बेटियों को गर्भ में ही मार दिया जाता है। समाज से दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए सभी को आगे आना होगा। तभी दहेज नामक जहर समाज से मिट सकता है। उन्होंने कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कॉलेज के निदेशक सत्येन्द्र प्रसाद को अपने भाई को दहेज मुक्त विवाह करने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में लोगों की मानसिकता बदलेगी और दहेज प्रथा पर लगाम लगेगा। वहीं संघ की ओर से 22 जून को विष्णुगढ़ में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, राजेन्द्र यादव, महेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा रामगढ़ जिला द्वारा कार्यशाला का आयोजन

# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की पहचान होगी: विकास

- संकल्प से सिद्धि" की ओर एक मजबूत कदम

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** भाजपा जिला के तत्वाधान में 8 जून को लॉयंस क्लब रामगढ़ कैंट के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की भाजपा सरकार 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आगामी विभिन्न कार्यक्रमों के निमित्त जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन दिन के 11: 30 बजे किया गया । डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलन कर एवं राष्ट्र गीत वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं, मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को संकल्प से सिद्धि की और बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम बताया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने 11 साल पूरे कर लिए ।

इन 11 सालों में देशवासियों को कई अहम योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात दी ।

चिनाव नदी पर बना दुनिया का सबसे बड़ा पुल का उद्घाटन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया है।उन्होंने बताया कि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है और 2027 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी आर्थिक शक्ति देश के रूप में भारत की पहचान होगी। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को ध्यानाकर्षित कराते हुए कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से मंडल टोली शक्ति केन्द्र के संयोजक, सहसंयोजक और बूथ अध्यक्ष के साथ घर घर जा कर मोदी सरकार के उपलब्धियों से अवगत कराएंगे ।

जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने स्वागत भाषण देते हुए विषय प्रवेश कराया और आगामी कार्य योजना की जानकारी दी। कार्यशाला में जिला वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया । कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फ़ौजी द्वारा किया गया। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, अशोक कुमार सोनी,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार शर्मा, जिला मोर्चा के योगेश कुमार दांगी, शीतल सिंह, अमरेश कुमार सिंह सहित कार्यक्रम के मण्डल टोली सहित अन्य अपेक्षित वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सर्पदंश वाले स्थान का फोटो व्हाट्सएप करें, टीम करेगी मदद, ओझा गुणी से बचें : प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** बीते दिन धनवार पंचायत के रालो गांव में कोबरा के काटने से एक महिला की मौत हो गई थी. महिला की मौत का मुख्य कारण हार्ट अटैक था। उक्त बातें रेस्क्यू करने तोपचांची धनबाद से पहुंचे प्रकाश एनिमल वेलफेयर ट्रस्ट के संचालक प्रकाश यादव ने कही। दूरभाष पर दिए जानकारी में श्री यादव ने बताया कि सर्पदंश की स्थिति में ज्यादातर मृत्यु का कारण विष नही बल्कि सदमा व भय होता है। उन्होंने बताया कि सर्पदंश वाले व्यक्ति को भीड़ भाड़ से दूर रखकर शांत व सामान्य रखने का प्रयास करे। घाव को साफ करते हुए हल्के रूप से दबाव पट्टी लगाए. पीड़ित को चलने फिरने या कुछ भी खाने से रोकते हुए तत्काल चिकत्सक से संपर्क करें। विष फैलने में समय लगता है और यदि विष फैल भी गया तो दवा से विषहीन कर बचाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि कभी भी सर्पदंश वाले स्थान पर चीरा या कसकर बांधने अथवा सांप को पकड़ने का प्रयास अथवा झाड़ फूंक या ओझा गुणी नही करनी चाहिए।

## परेशान ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया श्मशान घाट का रास्ता



- रास्ता बन जाने से अब लोगों को सफलित होगी: पूर्व मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहारा कला में ग्रामीणों ने श्रमदान कर श्मशान घाट का रास्ता बनाया। ग्रामीणों के मुताबिक शव का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट आने जाने का सुगम रास्ता नहीं था। लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। खासकर बरसात के दिनों में मुश्किलें काफी बढ़ जाती थी।वहीं पूर्व मुखिया मुंशी पासवान ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से जेसीबी और ट्रैक्टर से मिट्टी भरकर रोड़ बनाया गया है। रास्ता बन जाने से लोगों को अब सहुलियत होगी। रास्ता बनाने में पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, ईश्वर यादव, जीवन यादव, भुनेश्वर राणा, मुकेश यादव, श्यामलाल सिंह, मनी यादव, फलजीत यादव, राजेन्द्र यादव, राजू यादव, बिरेंद्र पासवान, राजेन्द्र प्रजापति, लखन महतो समेत आदि ग्रामीणों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता व नशा मुक्ति अभियान

- नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में तेजी से फल फूल रहे नशा के कारोबार और नशे के लत में जीवन बर्बाद कर रही युवा पीढ़ी की दुर्दशा से चिंतित बरवां के ग्रामीणों ने रविवार को स्वच्छता और नशा मुक्ति अभियान चलाया। अभियान के दौरान लोगों ने गांव में घुम घूमकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के अनेक फायदे और नशे के दर्जनों दुष्प्रभाव की जानकारी दी । लोगो ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यदि आप अपने बच्चे का बेहतर भविष्य और सभ्य समाज का निर्माण चाहते हैं तो अपने बच्चों को नशे से दूर रखें, नशा व्यक्ति के जीवन को नर्क बना देती है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक रामचंद्र प्रसाद ने बताया कि जिस रफ्तार से नई पीढ़ी नशापान का शिकार हो रहे हैं यदि समय रहते इस पर नियंत्रण न किया जाए तो भविष्य में समाज पर इसका गहरा दुष्प्रभाव पड़ेगा। नशा समाज को खोखला और व्यक्ति की जीवन को बद से बदतर बना देती है। वहीं बताया कि नशापान से बेहतर और सभ्य समाज का कल्पना भी नहीं किया जा सकता है। मौके पर गोपेश्वर प्रसाद ,लखन प्रसाद ,छोटी मंडल ,सीमा देवी, सुषमा देवी नगीना देवी ,उर्मिला देवी ,राधा देवी ,मुकेंद्र प्रसाद ,भागीरथ प्रसाद ,रीतलाल प्रसाद केदार रजक ,जागेश्वर रजक ,संतोष रविदास ,अजय रविदास ,समन ठाकुर महेश्वर मंडल, रामेश्वर मंडल, भुवनेश्वर महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 133वीं वर्षगांठ पर निःशुल्क डॉक्टर परामर्श होगा आयोजन

**हजारीबाग।** संत कोलम्बस मिशन अस्पताल ने समर्पित स्वास्थ्य सेवा के 133 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस यादगार पल को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से अस्पताल परिवार द्वारा सोमवार को जनता को निःशुल्क डॉक्टर परामर्श प्रदान किया जा कर रहा है, जिसमें सामान्य चिकित्सक और स्त्री रोग विशेषज्ञों की सेवाएँ शामिल हैं। यह पहल सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अस्पताल की निरंतर प्रतिबद्धता और दयालु चिकित्सा देखभाल की इसकी विरासत को दर्शाती है। निवासियों को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह के लिए इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## क्रिकेट खेलने के दौरान बॉल से लगने से सांसद मनीष जायसवाल हुए चोटिल



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग थाना क्षेत्रांतर्गत पसई क्रिकेट मैदान में आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट- 2025 के फाइनल के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल का स्थानीय युवाओं संग क्रिकेट खेलने के क्रम में बेटिंग करने के दौरान बॉल से लगने से नाक में चोट लग गई, जिससे रक्तस्राव होने लगा। रक्तस्राव नहीं रुकने पर सांसद मनीष जायसवाल सीधे हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां उनका यहीं के शल्य चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार ने नोज़ल पैकिंग किया और प्राथमिकता उपचार किया जिसके उपरांत उनके नाक से रक्तस्राव बंद हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने खुद अपने सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से जानकारी देते हुए बताया कि मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं और क्षेत्र के कार्यक्रमों में भाग लेने रामगढ़ जा रहा हूं । सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके इलाज के दौरान उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, पूर्व प्रमुख अशोक यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# पुराने बिछड़े आज मिले फिर नहीं बिछड़े: ज्ञान ब्रह्म पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** 8 जून 2025 को परसोतिया स्थित ज्ञान मंदिर विद्यालय का 35 वां स्थापना समारोह विद्यालय के निदेशक ज्ञान ब्रह्म पाठक एवं प्रधानाध्यापिका ने संयुक्त रूप से भारत माता मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। प्रधानाध्यापिका ने अपने संबोधन में 1990 से 2025 तक के पुरातन भैया बहनों को आचरण को जीवन में उतारना एवं अनुशासन जीवन का लक्ष्य है, देश सेवा सर्वपरी है। ज्ञान ब्रह्म पाठक ने अपने संबोधन में 1990 से 2025 तक के पुरातन भैया बहनों का अर्थात पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन में बताएं कि पुराने बिछड़े आज मिले फिर नहीं बिछड़े हम से अपने संबोधन में बोल और पूर्व विद्यार्थी को आशीर्वाद और अपने लक्ष्य के प्रति वफादार बने और देश सेवा के साथ समाज का कार्य करें।

# विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम किया है रौशन, गर्व का विषय : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** बीते 18 मई को स्ट्रीमेक्स फाउंडेशन हजारीबाग द्वारा आयोजित डॉ भीम राव अंबेदकर ज्ञान प्रतियोगिता में सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना के तीन विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया है. जिन्हे रविवार को हजारीबाग पैराडाइज रिसॉर्ट में संस्थान के निदेशक बिपिन कुमार के हाथों पुरस्कृत किया गया. पुरस्कृत होने वाले छात्रों में कक्षा 6 के ओम राणा, कक्षा 8 की अनुष्का कुमारी और कक्षा 9 की सोनल कुमारी हैं. सीएमपीएस के प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि परीक्षा हजारीबाग व चतरा जिले के 13 विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर गुरुपवाइज आयोजित किए गए थे. ग्रुप ए में कुल 1449 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. जिसमें उनके विद्यालय के तीन विद्यार्थी सहित कुल 518 सफल हुए परीक्षार्थी सफल हुए हैं. परीक्षा सामान्य ज्ञान पर आधारित था. जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक की जांच करना व प्रतियोगी बनाना था. उन्होंने बताया कि इस जिलास्तरीय प्रतियोगिता में उनके विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर सिर्फ विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है. विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्य सहित विद्यालय के निदेशक टुकलाल साव, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद और शिबू रजक अरुण कुमार, चंदन कुमार, नूरेशा खातून आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

## गरीबों को कराया भोजन



**रामगढ़ ।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों ने सैंकड़ों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, उदयभान दुबे, लालू उरांव, विजय राम, लखन राम, कारू यादव, आशुतोष कुमार, सुरज शर्मा आदि उपस्थित थे ।

### शहीद स्मारक पर जय हिन्द सैनिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

# आपका समर्पण राष्ट्र की अमूल्य पूंजी है : मुन्ना सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**




**हजारीबाग ।** शहीद स्मारक परिसर में रविवार को एक अत्यंत गरिमामयी और भावनात्मक आयोजन के अंतर्गत जय हिन्द सैनिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना के सेवानिवृत्त वीर सैनिकों, सूबेदारों और हवलदारों को उनके साहस, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रसेवा के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं नगर निगम पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने सैनिकों को पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इन वीरों की वर्दी भले आज उनके शरीर से अलग हो चुकी हो, परंतु उनके हृदय में भारत माता के प्रति वही ज्वलंत समर्पण आज भी जीवंत है। देश की सीमाओं पर बिताया गया उनका हर क्षण हम सबके लिए प्रेरणा है। वहीं सम्मान प्राप्त करने वाले वीरों में कप्तान डी.डी. सिंह, एच.एफ.ओ. एस.पी. सिंह, कप्तान पी.के. पांडेय, एस.एम. ए.के. राणा, एस.एम. एच.एच. प्रसाद, एस.एम. ए.के. पांडेय, सूबेदार जी.के. सिंह, सूबेदार जोसेफ बस्ता, सूबेदार फादर मिंटो, मालेश्वर पांडे शामिल हैं जबकि मीडिया से बातचीत के दौरान मुन्ना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रारंभ से ही राष्ट्र की सुरक्षा, सैनिकों की गरिमा और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि ऐसे वीरों के अनुभवों, योगदान और सामाजिक पुनर्वास को सदैव प्राथमिकता दी जाएगी।

# भगवान शिव की अटूट आस्था का पर्व मंडा पूजा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़ ।** भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था और भक्ति का पर्व मंडा पूजा 8 जून को करमा में विधिवत पूजा अर्चना के साथ संपन्न हो गया गया। इस क्रम में 7 जून की देर रात मंडा पूजा में आए कचाहातू कोटशिला के चितरंजन कुमार तथा पुरुलिया के विकास कुमार की छऊ नृत्य टीम ने बारी बारी से अपने संगीतमय कला का प्रदर्शन कर मौजूद लोगों को खूब मनोरंजन कराया। जबकि अहले सुबह उपवास रखे 351 शिव भक्त और महिला श्रद्धालुओं ने पिपरा तालाब में स्नान के पश्चात नए वस्त्र का धारण कर और फूल माला एवं गुब्बारों से सजे धजे शिव भक्त नाचते गाते शिव मंदिर परिसर पहुंचे। यहां पंडित मुकेश तिवारी ने हनुमान वंशी महतो, देवासी टुकनू महतो, गहबरिया मितरलाल डोम, पाहन दुबराज पाहन के उपस्थिति में पूजा अर्चना कराया गया। साथ ही सभी शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर और पीठ में बनस गुथाई कर 30 फीट की ऊंचाई में बनस झूला झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया।

मंडा पूजा में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक तिवारी महतो व विशिष्ट अतिथि करमा परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा, जिप सदस्य तापेश्वर महतो, मांडू उप प्रमुख पिंटू कुमार, मुखिया सरोज देवी, खागेश्वर महतो, रामसेवक महतो, जेएलकेएम के बिहारी महतो, लोकल सेल समिति अध्यक्ष रामेश्वर महतो शामिल हुए। अतिथियों ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर छऊ नृत्य का उदघाटन किया।

### झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू ने सिमडेगा परिसदन में की बैठक

# झारखंड कांग्रेस ने सिमडेगा में संगठन सृजन 2025 की रणनीति तैयार की

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** परिषदन भवन, सिमडेगा में 'संगठन सृजन 2025' कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डेविड तिर्की ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस वर्किंग कमिटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड कांग्रेस के प्रभारी डॉ. के. राजू उपस्थित रहे।बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, सिमडेगा संगठन प्रभारी एवं विधायक भूषण बड़ा, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू तथा जिला पर्यवेक्षक रमा खलखो भी विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक में डॉ. के. राजू ने जिले के 10 प्रखंड अध्यक्षों, प्रखंड पर्यवेक्षकों एवं 18 मंडल अध्यक्षों से संगठनात्मक स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जिला अध्यक्ष को निर्देशित किया कि सभी मंडल एवं प्रखंड समिति सदस्यों को तत्काल नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएं। साथ ही, सभी प्रखंड व मंडल अध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक को निर्देश दिया गया कि वे पंचायत स्तर पर रात्रि प्रवास करते हुए ग्रामीण कांग्रेस समिति का गठन करें और कांग्रेस के झंडे घर-घर लगाएं।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे, पूर्व सांसद धीरज साहू और पर्यवेक्षक रमा खलखो ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और संगठनात्मक सशक्तिकरण पर बल दिया।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत जिला महिला उपाध्यक्ष जोशिमा खाखा एवं अन्य महिलाओं ने पुष्पगुच्छ और मालाओं से किया।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोनसन मिंज, सामरोम पॉल टोपनो, कृष्णा नाग, एजाज अहमद, नॉमिता बा, पुष्पा कुल्लू, रणधीर रंजन, मो. तनवीर आलम, अरविंद लुगुन, बिपिन पंकज मिंज, सुशील जड़िया, सुलभ नेल्सन डांग, अख्तर खान, अक्षण खान, अजित लकड़ा, बर्थलोमो तिर्की, सुनील सुरीन, अमर टोपनो, अनिल डांग, जयवंत बेग, एंटोनी केरकेट्टा, फुलकेरिया डांग, तुलसी खलखो, अजित कंडुलना, प्रवीण खेस, प्रेम दास, राकेश कोंगाड़ी, फ्रांसिस बिलुंग, जोसफ सोरेंग और असफाक आलम शामिल रहे।

### केशव महतो ने 50% प्रतिनिधित्व और पेसा कानून की अहमियत जताई

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन निर्माण में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, विशेष रूप से 50% प्रतिनिधित्व एसटी एससी युवा एवं महिलाओं को दिया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पेसा कानून के चार पृष्ठों का अध्ययन अवश्य करें और उसे हर घर तक पहुँचाएं।विधायक भूषण बड़ा ने सभी प्रखंड व मंडल अध्यक्षों से कहा कि संगठन में यदि किसी भी प्रकार की कठिनाई आती है तो वे तुरंत उनसे संपर्क करें। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निकाय चुनावों में वर्तमान कार्यशैली का सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। संगठन में मेहनती कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी और पंचायत समिति में सभी जाति-धर्मों को समुचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा, जो कांग्रेस की मूल विचारधारा है।

# झारखंड मजदूर यूनियन की बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

- मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने, राशन डीलरों पर कालाबाजारी का आरोप



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड अंतर्गत लम्बोई बाजार डाँड़ में झारखंड मजदूर यूनियन की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विजय मुंडा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय मजदूरों की समस्याओं पर मंथन करना था।बैठक में उपस्थित मजदूरों ने बताया कि उन्हें सरकारी निर्माण कार्यों में उचित दर पर काम नहीं मिल रहा है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि सरकारी ठेकों में बंगाली मिस्त्री और ठेकेदारों को तरजीह दी जा रही है, जबकि स्थानीय मजदूरों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 446 प्रतिदिन की मजदूरी दर के बावजूद, उन्हें सड़क निर्माण, चेक डैम, पीसीसी और ढलाई जैसे कार्यों में ठेकेदार बहुत कम भुगतान करते हैं।मजदूरों ने यह भी बताया कि उनके पास राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, जॉब कार्ड और श्रम कार्ड होने के बावजूद उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। राशन डीलरों पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि कई डीलर प्रति कार्ड धारक को 1 किलो ही राशन देकर शेष अनाज की कालाबाजारी करते हैं।प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिले में स्टेडियम, भवन, सड़क जैसे सरकारी निर्माण कार्यों में मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं मिल रही है, जिसके खिलाफ जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।श्री सिंह ने आरोप लगाया कि जलडेगा प्रखंड के अधिकांश राशन डीलर गरीबों का हक मार रहे हैं और सरकारी अनाज की बंदरबांट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जून 2025 को जलडेगा प्रखंड स्तर पर एक विशाल राज मिस्त्री सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी पंचायतों के मिस्त्री भाग लेंगे। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें विजय टोपनो, कुलदीप इंदौर, सोडा टोपनो, येसुदास बर, पागल हीरो, अमर हीरो, ज्वेल लकड़ा, सिंगरों समद, प्रफुल्ल केरकेट्टा, जेस समद, सबनम केरकेट्टा और बाल्कन कुंडलना को शामिल किया गया है।

## पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज का रिजल्ट, 97 छात्राएं प्रथम श्रेणी में सफल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज, सिमडेगा ने सत्र 2023-25 की वार्षिक इंटरमीडिएट कला परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर जिले में गौरव बढ़ाया है। कुल 151 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी सफल रहीं। इनमें 97 छात्राएं प्रथम श्रेणी और 54 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं।कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर 'सत्या' ने कहा कि यह उपलब्धि इसलिए विशेष है क्योंकि कॉलेज में उन छात्राओं का नामांकन लिया जाता है जो अन्यत्र प्रवेश से वंचित रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज की यह सफलता शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों और छात्राओं के संयुक्त प्रयास का परिणाम है।कॉलेज की टॉप टेन छात्राओं में मिक्की कुमारी ने 378 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीना कुमारी (375) दूसरे और प्रियंका सांगा (371) तीसरे स्थान पर रहीं। सुरेखा समद (368), सुभन्ति कुमारी (361), बिमला टोप्पो (359), रेशमा कुमारी (354), अनु कुमारी और सुषमा कुमारी (दोनों 353), तथा अहिल्या कुमारी (348) अन्य प्रमुख स्थानों पर रहीं।इस सफलता पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी, अंचल अधिकारी मो. इम्तियाज, पूर्व एसडीओ कुंवर सिंह पहान, शिक्षक वैदेही प्रसाद, सरिता केशरी, रमेश काशी, निशात अंजुम समेत सभी शिक्षकों और गणमान्यजनों ने छात्राओं और कॉलेज परिवार को बधाई दी।कॉलेज प्रशासन ने आशा जताई कि आने वाले वर्षों में यह परंपरा और सशक्त होगी तथा और अधिक छात्राएं उत्कृष्ट परिणाम के साथ आगे बढ़ेंगी।

## तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया का बानो क्षेत्र का दौरा आज

**बानो।** झामुमो प्रखंड कमेटी बानो के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज डुमरिया पंचायत के उरमु बाजार के पास सुबह 09:00 बजे पहला कार्यक्रम रखा गया है एवं दूसरा कार्यक्रम दिन के 11:00 बजे डुमरिया पंचायत अंतर्गत डुमरिया खास में रखा गया है। साथ ही विधायक के इस विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के कार्यक्रम में प्रखंड समिति बानो के सभी पदाधिकारी,सक्रिय कार्यकर्ता, एवं साहुबेड़ा एवं डुमरिया पंचायत समिति के सभी पदाधिकारीयों को समय पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है एवं आज के कार्यक्रम के विधायक डुमरिया पंचायत के मारिकेल गांव एवं गेनमेर पंचायत के कर्रादमाईर गांव का भी दौरा करेंगे।विदित हो कि पिछले दिनों अखबार में न्यूज़ आई थी कि इन दोनों पंचायतों के गाँवों में सड़क एवं पुल के अभाव में गर्भवती महिला को खटिया में ढोकर अस्पताल पंहुचाया गया था।

# व्यापारी से 18 हजार की छिनतई, दो आरोपी गिरफ्तार, 13 हजार बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस में लूटपाट के मामले में सफलता हासिल करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया सिमडेगा एसपी एम अर्शी के द्वारा प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले के रहने वाले रिमीश मिंज के साथ सिमडेगा में छिनतई की घटना सामने आई है। वादी ने बताया कि वह 4 जून 2025 को सिमडेगा में खेती के लिए काड़ा-भैंस खरीदने आया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात सायपुर निवासी खुद्दन साव से हुई, जिसने उसे काड़ा दिखाने के बहाने शाम करीब 6 बजे सायपुर खिजरी की ओर ले गया। वहाँ पीछे से दो युवक आए और उसके 18,000 रुपये छीनकर फरार हो गए।इस घटना को लेकर सिमडेगा थाना में कांड संख्या 65/25 के तहत धारा 304(2)/3(5) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया। एक आरोपी चरकू साव उर्फ अजय कुमार साव को नामजद किया गया जबकि दूसरा अज्ञात बताया गया।वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिलने के बाद 6 जून 2025 को पुलिस ने चरकू साव को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 13,000 नकद और एक मोबाइल बरामद हुआ।पूछताछ में चरकू साव ने बताया कि खुद्दन साव ने उसे जानकारी दी थी कि एक व्यापारी काफी पैसे लेकर आया है, जिसे लूटना है। इसके बाद खुद्दन साव व्यापारी को पहाड़ी इलाके में ले गया और चरकू ने अपने साथी के साथ मिलकर उससे रुपये छीन लिए। लूट के बाद 5,000 अपने साथी को और 13,000 खुद रख लिया था। एसपी ने बताया कि मामले में चरकू स्व तथा खुद्दन साव को गिरफ्तार कर लिया पुलिस अब फरार साथी की तलाश में जुटी है। मामले की जांच जारी है।

# महिला उद्यमियों ने वन संसाधनों से आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल पेश की

नवीन मेल संवाददाता




- 'सोना बुरु' कंपनी ने रचा

**सिमडेगा।** विकसित भारत के सपने को साकार करती एक मिसाल झारखंड के सुदूर आदिवासी ज़िले सिमडेगा से सामने आई है, जहां पूरी तरह महिलाओं के नेतृत्व में संचालित सोना बुरु जंगल प्रोड्यूसर कंपनी ने 24.5 मीट्रिक टन साल बीज का सफल व्यापार कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है।कंपनी ने 500 से अधिक महिलाओं की भागीदारी से 44 गाँवों से साल बीज एकत्र कर 7.5 लाख का कारोबार किया। बीज की पहली खेप एएके इंडिया को भेजी गई, जिसमें फारमार्ट ने सप्लाई चेन और पूंजी सहयोगी की भूमिका निभाई।महज़ एक महीने में कंपनी का पंजीकरण, जीएसटी, बैंक खाता संचालन, और निदेशक महिलाओं के लिए वित्तीय प्रशिक्षण इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस की मदद से संपन्न हुआ। आइएसबी के सुलभा कार्यक्रम' के तहत यह पहल संचालित है।कंपनी की अध्यक्ष सुबर्दानी लुगुन ने कहा, यह तो बस शुरुआत है। हमारा उद्देश्य लघु वन उपज को उचित बाज़ार से जोड़ना और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करना है।इस मॉडल की खास बात यह रही कि ग्राम सभा द्वारा गठित सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों ने सक्रिय सहयोग किया। वन अधिकार अधिनियम के तहत गठित इन समितियों के जरिए साल बीज का टिकाऊ संग्रहण हुआ और बिक्री से प्राप्त राशि से ग्राम सभा को रॉयल्टी दी जाएगी, जो सीधे स्थानीय स्वशासन को मज़बूत बनाएगी।आइएसबी के प्रो. अश्विनी छात्रे ने इसे वन आधारित महिला उद्यमशीलता का नया युग बताया। वहीं फारमार्ट के सीईओ अलेख संघेरा और एएके इंडिया के अनुभव श्रीवास्तव ने स्थानीय स्त्रोत से पारदर्शी व्यापार को भविष्य की दिशा बताया।अगुस्टीना सोरेंग जैसे जमीनी कार्यकर्ता इस पहल को सिमडेगा के अन्य क्षेत्रों में विस्तार देने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## ठेठईटांगर में शिव मंदिर का द्वितीय वार्षिक उत्सव 27 जून से

**ठेठईटांगर।** तापूड़ेगा करंज टोली स्थित शिव मंदिर में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुलदीप प्रसाद ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 27 जून 2025 को भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो सुबह 7 बजे पूजन के साथ प्रारंभ होगी। इस शोभायात्रा के उपरांत अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन होगा, जो 24 घंटे तक निरंतर चलेगा।इस कार्यक्रम में जिले भर की कीर्तन मंडलियाँ हिस्सा लेंगी। 28 जून को हवन, महाआरती और भंडारा के साथ नाम जाप का समापन किया जाएगा। यह आयोजन द्वितीय वार्षिक उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा।बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और सभी श्रद्धालुओं को इस धार्मिक अवसर पर सादर आमंत्रित किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से सुबोध महतो, सुदेश महतो, सहित अनेक श्रद्धालु और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# झारखंड को राष्ट्रीय मंच पर मिला प्रतिनिधित्व, अनूप केसरी को नई जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता



- उनकी नियुक्ति को झारखंड के लिए सम्मानजनक उपलब्धि माना गया है

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप केसरी को अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उनके मनोनयन से जिले और प्रदेश भर में हर्ष का माहौल है।अनूप केसरी सामाजिक और राजनीतिक दोनों क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। इन्होंने सिमडेगा में संगठन को एकजुटता के साथ मजबूत करने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में जिले में कई सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं।उनकी यह नियुक्ति न केवल सिमडेगा बल्कि पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। उनके चयन को लेकर झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि अनूप केसरी राष्ट्रीय मंच पर भी संगठन को नई दिशा देंगे।इस अवसर पर झारखंड प्रदेश सभा की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गई हैं।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा स्टेडियम की टूटी चहारदीवारी बनी संकट का कारण

**कोलेबिरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंईयां सम्मान योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम के लिए प्रखंड प्रशासन द्वारा कोलेबिरा स्टेडियम की चहारदीवारी तोड़ी गई थी, लेकिन कार्यक्रम समाप्त हुए चार से पांच महीने बीत जाने के बाद भी अब तक बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया है।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही को देखते हुए प्रशासन ने अस्थायी रास्ता बनाने के लिए दीवार गिराई थी। परंतु अब तक उस हिस्से को नहीं जोड़ा गया, जिससे स्टेडियम की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पालतू जानवर मैदान में घुसकर गंदगी फैला रहे हैं, वहीं मालवाहक वाहन मैदान के भीतर आकर लोडिंग-अनलोडिंग कर रहे हैं, जिससे मैदान की सतह गड्ढेदार हो गई है।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्टेडियम खेल और सार्वजनिक आयोजनों के लिए है, न कि जानवरों और भारी वाहनों के प्रवेश के लिए। चहारदीवारी टूटे रहने से स्टेडियम की सुरक्षा और स्वच्छता पर संकट है।

### बोलबा प्रखंड के राजस्व शिविर में आयोजन, समस्याओं का हुआ निष्पादन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में राजस्व से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु एक दिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की विभिन्न राजस्व समस्याओं को सुना गया और मौके पर ही उसका समाधान किया गया।शिविर में उत्तराधिकारी दाखिल-खारिज के दो, दाखिल-खारिज के दो, आय प्रमाण पत्र के नौ, जाति प्रमाण पत्र के दो, और स्थानीय प्रमाण पत्र का एक आवेदन प्राप्त हुआ, जिनका निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया।इस अवसर पर अंचल अधिकारी सुधांशु पाठक, अंचल निरीक्षक सीधेश्वर पासवान, राजस्व कर्मचारी निशि केरकेट्टा, अंचल अमीन समीर केरकेट्टा, एवं अन्य अंचल कर्मी उपस्थित थे।

### एसके बागे कॉलेज में नामांकन जारी

**कोलेबिरा।** एसके बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में स्नातक सत्र 25-29 के लिए नामांकन जारी है. महाविद्यालय में स्नातक स्तर के हिंदी, संस्कृत, इंतिहास, राजनीतिक शास्त्र, मानव शास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, नागपुरी, मुंडारी आदि विषयों की पढ़ाई होती है. इसके अलावा महाविद्यालय में वाणिज्य की भी पढ़ाई होती है. यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रोफेसर संजय प्रसाद ने बताया कि महाविद्यालय के छात्राओं को कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति, छात्रावास, निःशुल्क भोजन, महाविद्यालय परिसर में वाई-फाई, उच्च कोटि के पुस्तकालय के अलावा अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं. नामांकन के इच्छुक छात्र कार्यालय अवधि में संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में रथ मेला की तैयारी बैठक आज

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में रथ मेला कि. तैयारी को लेकर आज एक बैठक आहूत की गई है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मोतीराम सेनापति ने बताया कि दुर्गा मन्दिर परिसर में समय 4 बजे रथ मेला की तैयारी को लेकर बैठक बुलाया गया है। जिससे की इस बार का रथ मेला और भी भव्य हो सके। बैठक में समिति के सदस्यों, समाजसेवी, दुकानदारों एवं अन्य. लोगो को समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### बीरु में 13 जून को 'राष्ट्र ज्योति संविधान व मानवाधिकार जागृति सम्मेलन

**सिमडेगा।** वंचित समुदायों को उनके संवैधानिक और मानवाधिकारों की जानकारी देकर सशक्त करने की एक महत्वपूर्ण पहल हेतु सनातन पुनर्जागरण संगठन अग्नि समाज द्वारा 'राष्ट्र ज्योति संविधान एवं मानवाधिकार जागृति सम्मेलन' का आयोजन झारखंड के सिमडेगा जिले के बीरू गांव में शुक्रवार, 13 जून को किया जाएगा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य दलितों और अन्य वंचित समुदायों को उनके कानूनी अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और संवैधानिक संरक्षणों के बारे में जागरूक करना है।जिसमें स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार दास सम्मेलन के आयोजन में समन्वय की भूमिका निभा रहे हैं।

### बीए व बीकॉम के नए सत्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**सिमडेगा।** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में बीए एवं बीकॉम नए सत्र में नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गया है। इच्छुक छात्र कॉलेज कैंपस में कार्यालय अवधि में आकर नामांकन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। जानकारी कॉलेज के ट्रेजरर फा ब्रुनो टोप्पो ने दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिवार कम खर्च पर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रही है।

### शिल्प व्यापार मेला में उमड़ रही है लोगों की भीड़

**सिमडेगा।** गांधी मैदान में शिल्प व्यापार मेला में रविवार को लोगों की काफी देखी गई। मेला संचालक हितेश कुमार पाठक ने बताया कि शिल्प व्यापार मेला में भारत वर्ष के हस्त शिल्पकारों द्वारा 15 से 20 राज्यों द्वारा 65 से 75 स्टॉल लगाए गए है। जिसमे उत्तर प्रदेश, मेरठ के खादी के कपड़े, सहारनपुर गिफ्ट आईटम, बनारसी साड़ी, भागलपुर सूट ड्रेस, मैटेरियल राजस्थानी फिरोजाबाद कांच क़ी चूड़ियाँ, जयपुर माउथ फ्रेशनर, बच्चों के लिए अनेक प्रकार के खिलोने महिलाओ के लिए सौन्दर्य प्रशाधान के सामान क़ी खरीदारी एक ही छत के नीचे कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि बाजार सुबह 11 बजे से रात के नौ बजे तक खुला रहेगा।

# बांकी में 205 बच्चों को दिया गया दृढ़ीकरण संस्कार



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो प्रखंड के ख्रीस्त राजा बासा चर्च, बांकी में रविवार को भव्य दृढ़ीकरण संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर 205 बच्चों-बच्चियों ने विधिवत रूप से दृढ़ीकरण संस्कार प्राप्त किया। यह संस्कार लचरागढ़ भिखरियेट के डीन फादर राजेश केरकेट्टा द्वारा संपन्न कराया गया। फादर राजेश केरकेट्टा ने अपने संदेश में कहा कि पवित्र आत्मा हमारे हृदय में ईश्वर का प्रेम भर देता है और दृढ़ीकरण संस्कार हमें ख्रीस्त के अदृश्य अंग के रूप में जोड़ता है। उन्होंने कहा, आज आप सभी प्रभु यीशु मसीह के पूर्ण अंग बन गए हैं। अब आपका दायित्व है कि आप ईश्वर के बताए मार्ग पर चलकर धर्म और समाज को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में पल्ली पुरोहित फा. अलेक्जेंडर कुल्लू, फा. पीटर जोजो, फा. शशिभूषण कुल्लू, ब्रदर भिनसेन्ट कुल्लू, तथा प्रचारक राफेल डांग सहित बड़ी संख्या में विश्वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मसीही भजनों के साथ हुई, जिसमें युवक-युवतियों को जुलूस के रूप में चर्च तक लाया गया। चर्च परिसर को इस अवसर पर आकर्षक ढंग से सजाया गया था।कार्यक्रम का संचालन अपोस्टोलिक बांकी के बच्चों ने मिस्सा गीतों के माध्यम से किया। तकनीकी सहयोग में केसियो पर फ्रांसिस सर, पैड पर हर्षित कंडुलना और साउंड सिस्टम की जिम्मेदारी राजू कंडुलना ने निभाई।

## कोनसोदे के पास बाइक दुर्घटना, युवक गंभीर रूप से घायल

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के कोनसोदे के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। बानो छोटकेतुंगा निवासी गुलशन सिंह 22 उम्र वर्ष बाइक चला रहा था वहीं पीछे एक अन्य साथी भी सवार था। मिली जानकारी के अनुसार ये दोनों बानो से कोनसोदे की ओर जा रहे थे।अचानक से बाइक सवार ने अपना नियंत्रण खो दिया और दोनों सड़क पर ही गिर पड़े। तत्पश्चात ओटो से ग्रामीणों ने इलाज हेतु बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर मनोरंजन कुमार ने दोनों घायल व्यक्ति का प्राथमिक ईलाज किया।डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि बाइक सवार गुलशन कुमार को गंभीर चोट लगी है।उनके माथे पर चोट आई है वहीं नाक से रक्त प्रवाह हो रहा था और जबड़ा कट गया था। प्राथमिक ईलाज के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कराया गया। मालूम हो कि घायल व्यक्ति गरीब परिवार से था उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए।

# बीरू भिखारिएट युवा संघ अधिवेशन में युवाओं को दिया शिक्षा और नेतृत्व का संदेश

- अधिवेशन में करीब 700 युवाओं ने हिस्सा लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** दो दिवसीय बीरू भिखारिएट युवा संघ अधिवेशन का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। यह कार्यक्रम युवाओं को नेतृत्व, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें कुल लगभग 700 युवक-युवतियों ने भाग लिया।7 जून को उद्घाटन समारोह के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें खंजालोया पल्ली के फादर रंजीत डुंगडुंग को नया डायरेक्टर और सिस्टर सरिता बेक को लेडी एनिमेटर नियुक्त किया गया। इस दिन आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता और बाइबल क्विज भी हुआ। खंजालोया पल्ली ने दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाया।8 जून को पवित्र मास फादर आनंद प्रकाश बा की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिसमें फादर हेरमोन खलखो, प्रवीण, सिलबानुस केरकेट्टा, अजित पौल, और पौलुस लकड़ा शामिल रहे। फादर आनंद ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं, इन्हें हर दृष्टिकोण से मज़बूत बनाना ज़रूरी है। उन्होंने नशा से दूर रहने और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।मुख्य वक्ता आदिवासी विचारक ग्लैडसन डुंगडुंग ने पेसा कानून और आदिवासी अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पेसा कानून आदिवासी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु युवाओं को जागरूक होना चाहिए। साथ ही उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए जीपीआरए जैसे प्रस्तावों के प्रति सजग रहने को कहा राजनीति विशेषज्ञ संदीप ने कहा कि झारखंड में मात्र 12% आदिवासी युवा राजनीति में सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने युवाओं को राजनीति में भागीदारी बढ़ाने की अपील की।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतियोगिता और क्विज में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में रिमीस हेमरोम, रितेश मिंज, दिव्या रश्मि बिलुंग, रोशन डुंगडुंग, संदीप बारला, ब्रीसियुस सोरेंग सहित कई युवाओं की अहम भूमिका रही।

## सेल के किरीबुरु और मेघाहातुबुरु खदानों को स्टेज-2 फॉरेस्ट का मिला क्लीयरेंस

**पश्चिम सिंहभूम।** सेल के किरीबुरू और मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदानों के लिए लंबे इंतजार के बाद बड़ी खुशखबरी आई है। दोनों खदानों को कुल 247 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए स्टेज-2 फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गया है। रविवार को सारंडा के डीएफओ अविरुप सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है। इस मंजूरी के साथ सेल को इन पहाड़ी क्षेत्रों में लौह अयस्क खनन शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। पिछले कई वर्षों से खदान प्रबंधन इसके लिए लगातार प्रयासरत था। विशेषकर मेघाहातुबुरु खदान की हालत बेहद नाजुक थी, जहां उच्च गुणवत्ता वाले अयस्क का भंडार लगभग समाप्त हो चुका था और लो ग्रेड अयस्क निकालकर संयंत्रों को भेजा जा रहा था। सेल के बोकारो, राउरकेला जैसे संयंत्रों को कच्चे माल की आपूर्ति इन्हीं खदानों से होती है। ऐसे में खदानें बंद होतीं तो उत्पादन ठप होने के साथ हजारों लोगों की आजीविका पर संकट आ जाता। स्टेज-2 क्लीयरेंस मिलने से खदानों की माइनिंग लाइफ में 20 साल का इजाफा हुआ है। इससे डीएमएफटी फंड से शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और सड़क जैसी योजनाएं भी निर्बाध चल सकेंगी। यह मंजूरी न केवल खदानों बल्कि राज्य के औद्योगिक विकास और आदिवासी क्षेत्रों के भविष्य के लिए भी वरदान साबित होगी।

## बैडमिंटन समर कैंप का हुआ समापन खिलाड़ियों ने सीखे नए हुनर

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में चाईबासा बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 18 दिवसीय समर बैडमिंटन कैंप का रविवार को समापन हुआ। कैंप की शुरुआत 20 मई से हुई थी और इसमें जिले के 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 20 बालक और 10 बालिकाएं शामिल थीं। इन खिलाड़ियों को बैडमिंटन की विभिन्न तकनीकों और बारीकियों की गहन प्रशिक्षण दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी पारस राणा उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों में चंद्रजीत झा, संजय हेंब्रम, सुशील पूर्ति, राजेश बारी, सुब्रत दास, बलराम मुंदुइया और मुकेश बारी शामिल थे, जिन्होंने खिलाड़ियों को नए-नए गुर सिखाए। समापन के दिन कैंप में प्रशिक्षित खिलाड़ियों के बीच एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाए जाने पर सभी का आभार : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने ईद-उल-अजहा/बकरीद को लोहरदगा जिला में शांतिपूर्ण मनाये जाने पर सभी प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सद्भावना मंच के सदस्य, शांति समिति के जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय सदस्यों, मीडियाकर्मियों, समाज के प्रबुद्धजनों, बुद्धिजीवी मंच, आमजनों व सभी समुदाय के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में बकरीद का त्यौहार बहुत ही शांतिपूर्ण, प्रेम और आपसी सद्भाव के साथ मनाया गया। यही समरसता है। लोहरदगा जिला हमेशा से लोगों के बीच आपसी प्रेमभाव के लिए जाना जाता रहा है।



उपायुक्त डॉ ताराचंद ने प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, मीडिया व आमजनों का जताया आभार

जिला प्रशासन को पूर्ण भरोसा है कि आगामी त्यौहारों में भी आप सभी इसी तरह का सहयोग देते रहेंगे। जिला के प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों का धन्यवाद है जिनकी बदौलत असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकी। सभी महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर दण्डाधिकारी व पुलिस बल तैनात किए गए और सभी की सतर्कता की वजह से ही किसी प्रकार की अनहोनी पर नजर रखी जा सकी। सभी ने बेहतर कार्य किया। लोहरदगा जिला के गांव-गांव में सद्भवना मंच गठित की गई है जिनके द्वारा समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। आप सभी उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। युवा साथियों के हाथों में लोहरदगा जिला का भविष्य है। आप सभी एक दूसरे से प्रेम-भाव रखें और एक दूसरे के सुख-दुःख को आपस मे साझा करें। मीडियाकर्मियों ने हमेशा से सतत प्रहरी का कार्य किया है। समाज को सचेत करने में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसके लिए प्रेस के मित्रों का विशेष धन्यवाद है। जन प्रतिनिधिगण हमेशा से आमजनों के बीच उनके सुख-दुःख में सहभागी रहे हैं जिसका लाभ समाज को हमेशा मिलता रहा है।

इसके लिए सांसद, विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्यों, प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्यों, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि का विशेष धन्यवाद है। शांति समिति के सदस्य प्रत्येक बार प्रखंड व जिला स्तर पर आयोजित होने वाले बैठकों में जिला प्रशासन का प्रमुख हिस्सा रहे हैं। शांति समिति के सदस्यों का विशेष धन्यवाद है जिन्होंने असामाजिक तत्वों के अफवाहों को रोकने में और सामाजिक सद्भाव व शान्ति बनाये रखने में जिला प्रशासन की मदद की। समाज के प्रबुद्धजन व आमजन का विशेष आभार है जिनकी बदौलत समाज की समरसता बनी रही।

## पुरुष अधिकारों की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**पूर्वी सिंहभूम।** छोटा गोविंदपुर अन्ना चौक पर रविवार को मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन की ओर से पुरुष आयोग बनाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान संस्था के जिला सदस्य आनंद किशोर के नेतृत्व में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ। इस दौरान आमजन, पुरुष और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कई पुरुषों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की तो कुछ महिलाओं ने भी अपने परिवार में भाइयों के साथ हो रहे अत्याचारों के बारे में जानकारी दी।



## लोहे की चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई

**बरही।** हरिला गांव स्थित धीरज हाईड्रोलिक पोकलेन वर्कशॉप के संचालक धीरज कुमार ने अपने गैराज से लोहे की चोरी को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. संचालक ने चोरी का आरोप दो स्थानीय युवक पर लगाई है. जिसे वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी के फुटेज से हुए शिनाख्त के आधार पर लगाया गया है. गैराज मालिक ने लिखित आपने आवेदन में जिक्र किया है कि उनका गैराज उनके घर स्थित हरिला फर्म में चलता है. बीते कुछ दिनों से उनके गैराज से लोहे के सामान की चोरी हो रही थी. 6 जून की संध्या 5 बजे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दो युवक को गैराज के पीछे से गैराज में प्रवेश करते देखा गया है. जिन्हे लोहे का सामान चोरी करते देखा गया है. आस-पास के लोगों ने फुटेज से चोरी करने वाले युवक की पहचान स्थानीय युवक के रूप में किया है. संचालक ने पुलिस से उचित छान बीन कर उचित कारवाई की मांग किया है. पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की उम्मीद है।

## अग्निवीर की ट्रेनिंग लेकर जवान लौटा अपने गांव



**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड अंतर्गत बाजपुर निवासी कुंदन कुमार की अग्निवीर ट्रेनिंग पूरी होने पर रविवार को गांव में भव्य स्वागत किया गया। कुंदन ने अहमदनगर (महाराष्ट्र)ट्रेनिंग सेंटर से 8 महीने की ट्रेनिंग पूरी की है। गांव लौटने पर माता व ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किया। मां ने आरती उतारी। बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। ग्रामीणों ने इसे गर्व का क्षण बताया। कुंदन का चयन 1 नवम्बर 2024 को अग्निपथ योजना के तहत हुआ था। कुंदन के पिता छोटन सिंह गांव में मजदूरी करते हैं। कुंदन ने सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। पढ़ाई के साथ मजदूरी भी की। सेना में जाने की तैयारी जारी रखी। मेहनत रंग लाई और सेना में चयन हुआ। गांव लौटने पर घर में भी पारंपरिक तरीके से स्वागत हुआ। परिजनों ने तिलक लगाकर घर में प्रवेश करवाया। कुंदन ने माता को सेना की कैप पहनाकर सम्मानित किया।

# कराटे शारीरिक मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास बढ़ाता है : उप निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित टेम्पल ऑफ वॉरियर्स में 8 जून को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशक झारखंड राजेश कुमार ने कराटे खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप 2025 जो उत्तराखंड में आयोजित होने वाली है उसके लिए कराटे खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और कराटे के महत्व पर प्रकाश डाला।उप निदेशक ने बताया कि कराटे न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती प्रदान करता है बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसे गुणों को भी विकसित करता है जो जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी हैं। उन्होंने शिक्षा और खेल के बीच संतुलन के महत्व पर जोर दिया। कहा कि कराटे के नियमित अभ्यास से खिलाड़ी न केवल अपनी शारीरिक क्षमता को




बढ़ा सकते हैं बल्कि यह उनके करियर को आकार देने में भी मदद करता है चाहे वह खेल के क्षेत्र में हो या अन्य पेशेवर क्षेत्रों में।

उप निदेशक ने सेंसई शशि पांडेय की प्रशंसा की जिन्होंने अपने प्रयास से कई कराटेकारों को प्रशिक्षित किया है। सेंसई शशि पांडेय की मेहनत की बदौलत रामगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। उप निदेशक ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि यदि वे राष्ट्रीय चौंपियनशिप में पदक जीतते हैं तो उन्हें सरकार की ओर से खिलाड़ियो को दी जाने वाली नकद पुरस्कार और अन्य सहायता प्रदान करने हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा । कार्यक्रम में राष्ट्रीय चौंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी काशवी मेहता , सार्थक पांडेय, रक्षा रानी, ईशा उमंग कश्यप. सलोनी कुमारी , शालिनी श्री, तेजस दीप सिंह, आदित्य सिन्हा, आर्या प्रगति आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन झारखंड प्रदेश उप महासचिव और रामगढ़ जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार कश्यप उपस्थित हुए और कहा कि आत्मविश्वास पूर्वक कोई भी काम करने से उसमें सफलता निश्चित प्राप्त होती है इसलिए आप सभी लोग अर्जुन के जैसा लक्ष्य रखकर परिश्रम करें सफलता निश्चित है ।

## कानूनी सशक्तिकरण पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए कार्यशाला का सफल आयोजन

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। रविवार को जमशेदपुर क्वीयर सर्कल (जेक्यूसी) के तत्वावधान में बुले वार्ड होटल में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें समुदाय के सदस्य, कानूनी विशेषज्ञ और युवा नेता शामिल थे। यह कार्यक्रम सी 19 आरएम केपी ग्रांट प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्लान इंडिया और द हमसफर टस्ट के सहयोग से किया गया था। विशेष अतिथि के रूप में कुनाल सारंगी, केंद्रीय प्रवक्ता, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि समानता, गरिमा और न्याय हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है और ट्रांसजेंडर समुदाय को भी यह अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने ऐसे प्रयासों को समाज में बदलाव लाने के लिए आवश्यक बताया।

## समाज के सहयोग से पूरा हुआ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो के बालीगुमा बागान क्षेत्र में बस्तीवासियों के सपनों को साकार करते हुए श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इस क्षेत्र में घनी आबादी होने के बावजूद मंदिर नहीं था, जिससे लोगों को पूजा-अर्चना के लिए दूर जाना पड़ता था। कई वर्षों तक जमीन की कमी के कारण मंदिर बनाने का सपना अधूरा रहा, लेकिन सेवानिवृत्त सिंचाई विभाग कर्मचारी नंदू प्रसाद ने अपनी एक कट्ठा जमीन मंदिर के लिए दान कर दी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य शुरू किया, जो एक वर्ष की मेहनत के बाद पूरा हुआ। नवनिर्मित मंदिर में मध्य प्रदेश की नर्मदा नदी के तट से शिवलिंग लाकर स्थापित किया गया। इस अवसर पर पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रयागराज से पंडित आचार्य राजकुमार मिश्रा और उनके ग्यारह सदस्यीय दल ने विधिवत कार्यक्रम संपन्न किया। तीसरे दिन शिवलिंग का नगर भ्रमण भी हुआ, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। अंतिम दिन महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नेताओं और बस्तीवासियों ने सक्रिय सहयोग दिया। रविवार को पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि बालिगुमा बागान एरिया के लोगों का कई वर्षों का सपना पूरा हुआ है। इस पूरे कार्यक्रम में नंदू प्रसाद, अनिल प्रसाद और उमेश प्रसाद सहित सभी बस्तीवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दीपक श्रीवास्तव ने किया 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**डुमरी।** प्रखंड के अतकी पंचायत के बंगाली टोला में बीते एक सप्ताह से 25 केवीए ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक श्रीवास्तव को देने के बाद भाजपा नेता ने विद्युत विभाग के पदाधिकारी से बात कर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया जिसका लोकार्पण रविवार को भाजपा नेता ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया।इस दौरान अतकी पंचायत के उपमुखिया बासुदेव महतो,लालजीत रजक तुलसी रजक गणेश रजक रामप्रसाद रजक विनोद रजक पुनीत महतो दीपक रजक आदि उपस्थित थे।

## ट्रैफिक पुलिस ने बाइक चालक से की बदसलूकी, प्रशासन पर उठे सवाल

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। नियमों को ताक पर रखकर वाहन चालकों से जबरन वसूली और बदसलूकी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला सिदगोड़ा 28 नंबर रोड का है, जहां रविवार सुबह टाटा स्टील के कर्मचारी प्रदीप तियू अपनी पत्नी को डॉक्टर के पास छोड़कर लौट रहे थे। इसी दौरान पेड़ के पीछे छिपकर बैठे ट्रैफिक पुलिस के जवान ने उन्हें रोक लिया। प्रदीप ने बताया कि पुलिसकर्मी ने पहले बाइक की चाभी छीनने की कोशिश की, जब वह असफल रहा तो उनके सिर से हेलमेट उतार लिया और बाइक को जबरदस्ती ले जाने की कोशिश करने लगा। इस दौरान उसका साथी वीडियो भी बना रहा, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोग ट्रैफिक पुलिस के इस कारनामे पर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है। आए दिन पुलिसकर्मी वाहन जांच के नाम पर पेड़, गुमटियों और खंभों के पीछे छिपकर लोगों को पकड़ने और डराने-धमकाने का काम करते हैं। प्रदीप तियू ने बताया कि एसएसपी और डीसी कई बार कह चुके हैं कि वाहन जांच के दौरान बाइक की चाभी जबरन छीनने का कोई नियम नहीं है। इसके बावजूद पुलिसकर्मी बेलगाम होकर ऐसी हरकतें कर रहे हैं। इस घटना के खिलाफ आजसू, भाजपा और महिला संगठनों ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। सवाल यह उठता है कि जब शिकायतें बार-बार पुलिस अधिकारियों तक पहुंच रही हैं तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? क्या पुलिस प्रशासन की जवाबदेही खत्म हो गई है?

## पर्स छिनतई ममाले में दो आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए पर्स छिनतई के मामलों का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान बिरसानगर निवासी सौरभ झींगन और सरजामदा निधिर टोला निवासी रवि सुंडी के रूप में हुई है। रविवार को डीएसपी विधि-व्यवस्था तौकीर आलम ने प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बताते चलें कि 5 जून को प्रमथनगर में सुपर्णा और 6 जून को हलुदबनी में मितु मुखर्जी से पर्स छिनने की घटनाएं हुई थीं। मितु मुखर्जी के गिरने से उन्हें चोटें भी आई थीं। पीड़ित महिलाओं ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना पर रवि सुंडी के किराए के मकान से दोनों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, पर्स और 6,400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। सौरभ झींगन के खिलाफ पहले से लूट और छिनतई के तीन मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी मो. फैज अहमद के नेतृत्व में कार्रवाई हुई।

## तांत्रिक के चक्कर में पत्नी और बच्चों को घर से निकाला

**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी थाना क्षेत्र में एक पति और पत्नी के विवाद ने तांत्रिक के हस्तक्षेप से नया मोड़ ले लिया है। पत्नी का आरोप है कि पति ने तांत्रिक के बहकावे में आकर उसे और बच्चों को घर से निकाल दिया। वहीं पति ने पत्नी पर ही चरित्रहीनता का आरोप लगाया और कहा कि मामला कोर्ट में लंबित है। 48 घंटे से घर के बाहर बैठी पत्नी न्याय की गुहार लगा रही है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। सोनारी थानांतर्गत कुम्हार कुमार पाड़ा की रहने वाली कोमल सिंह अपने पति बलदेव सिंह के खिलाफ इंसाफ की गुहार लगाते हुए 48 घंटे से अपने घर के बाहर बैठी है। कोमल सिंह का आरोप है कि उसके पति ने तांत्रिक के बहकावे में आकर उसे और उसकी बच्ची को घर से निकाल दिया और बेटा लेकर फरार हो गया। उसने बताया कि तांत्रिक एक टाटा स्टील कर्मचारी है, जबकि बलदेव सिंह बेरोजगार है। शादी के समय से ही तांत्रिक उनके घर में आता-जाता रहा और उसके पैसे के प्रभाव में आकर पति ने उसे छोड़ दिया। कोमल सिंह का कहना है कि कुछ दिन पहले उसकी तबीयत खराब होने के चलते वह छत्तीसगढ़ मायके चली गई थी। लौटकर आई तो देखा कि घर में ताला लगा था और पति तांत्रिक के साथ बेटे को लेकर गायब था। आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि वे लोग पूरी चले गए हैं। उसने सोनारी थाना और महिला थाना में गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं, बलदेव सिंह रविवार को अचानक सामने आए और पत्नी पर ही चरित्रहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि मामला कोर्ट में लंबित है और पत्नी का चाल-चलन ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने पहले भी लिखित में समझौता कराया था लेकिन पत्नी बार-बार विवाद खड़ा कर देती है। बलदेव सिंह के समर्थन में लोधी समाज के कुछ लोग भी पहुंचे और पत्नी के चरित्र पर सवाल खड़े किए।

## जमशेदपुर में ताल प्रतिभा खोज का शुरू हुआ चौथा सीजन

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी भारत की सबसे बड़ी और बहुचर्चित प्रतिभा प्रतियोगिता "ताल" के चौथे सीज़न की शुरुआत जमशेदपुर से हो चुकी है। साई गुरुकुल, परसुडीह की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में इस बार पूर्वी भारत के पांच प्रमुख शहरों—जमशेदपुर, रांची, बोकारो, धनबाद और कोलकाता—की प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। पहला ऑडिशन 15 जून को जमशेदपुर के बिस्टूपुर स्थित मिलनी क्लब में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस दौरान प्रतिभागियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। चयनित प्रतिभागियों को अंतिम चरण के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिसका ग्रैंड फिनाले 10 अगस्त को जमशेदपुर में भव्य रूप से आयोजित होगा।

## मोदी के 11 साल का शासन देश का अमृत काल है : कोचे मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से 2025 तक के 11 साल का शासन काल देश का अमृत काल है। उन्होंने कहा विश्व के बड़े राजनीतिक दल होने के नाते भाजपा की जिम्मेदारी भी बड़ी है। हमने संकल्प लिया है कि भारत को समृद्ध बनाने का। पूर्व विधायक रविवार को भाजपा के जिला कार्यालय में संकल्प से सिद्धी तक विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कोचे मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के बल और कुटनीतिज्ञ से आज भारत जापान को पछाड़ कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया। गरीबों को इससे आगे बढ़ने में मदद मिली। महिलाओं के सम्मान में गैस दिया, शौचालय दिया, किसानों को सम्मान राशि दी, सेना को हथियार दिये और कहा कि गोली का हिसाब नहीं लिया जाएगा। पहलगाम घटना के बाद सेना का शौर्य हम सब ने देखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला के बाद भारत ने जो 22 मिनट का कार्यवाही की है उसे पाकिस्तान जीवन में कभी भूल नहीं पाएगा। एन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र में चौपाल लगाना है और मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा करनी और मां के नाम एक पेड़ लगाना है। मुख्य वक्ता झारखंड प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप ने अपने सम्बोधन में कहा कि पार्टी ने संकल्प लिया था। कश्मीर से धारा 370 हटाएंगे, राम मंदिर निर्माण कराएंगे, महिलाओं को सम्मान दिलाएंगे 14 करोड़ इज्जत घर शौचालय निर्माण करा कर दिया, ये है संकल्प से सिद्धी तक। मोदी सरकार ने जो संकल्प लिया, उसे पूरा किया। धारा 370 को हटाने की मांग करते हुए हमने संगठन के पथ प्रदर्शक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भी दिया है। संकल्प से सिद्धी यह वंचितों की सेवा, महिलाओं को सशक्त बनाने, युवाओं को अवसर देने और किसानों को सम्मान दिलाने से जुड़ी 11 वर्षों की गाथा है। यह एक नए की भारत कहानी है। देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमान भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है।



## अलकतरा फैक्ट्री विस्फोट मामले में प्रबंधन पर केस दर्ज, कंपनी सील

**पूर्वी सिंहभूम।** बोड़ाम के एसटीपी लिमिटेड कंपनी( अलकतरा फैक्ट्री) में तीन दिन पहले हुए विस्फोट और जहरीली गैस कांड के मामले में कंपनी प्रबंधन पर केस दर्ज किया गया है। यह मामला बोड़ाम थाने के एसआई विनोद सिंह ने दर्ज कराया है। आरोपितों में कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर, जीएम एस रविंद्र नाथ, मुख्य प्रवक्ता सुभाष भट्टाचार्य समेत कई अधिकारी शामिल हैं। घटना 5 जून की शाम को हुई थी, जब कंपनी के टैंक में विस्फोट हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक विस्फोट के बाद जहरीली गैस फैल गई, जिससे लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति नियंत्रित की। कंपनी के जीएम रविंद्र नाथ ने बताया कि टैंक में 20 टन अलकतरा था। अत्यधिक तापमान के चलते उसमें अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद पुलिस ने कंपनी को तत्काल बंद करा दिया और प्रबंधन से पूछा कि आखिर इको सेंसिटिव जोन में कंपनी कैसे चल रही है।

## सामूहिक प्रयास से मानसिक रोगी युवक को मिला नया जीवन

**पश्चिम सिंहभूम।** शहर के महादेव कॉलोनी निवासी अजय बरहा, जो लंबे समय से मानसिक रोग से जूझ रहे थे। अब एक नए जीवन की उम्मीद लेकर रांची के रिनपास (कांके) में रविवार को भर्ती हो गए हैं। यह संभव हो पाया है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक तंत्र की सराहनीय संवेदनशीलता के कारण। अजय बरहा के असामान्य व्यवहार और बिगड़ती मानसिक स्थिति को देखकर उनका परिवार और मोहल्ले के लोग बेहद परेशान थे।

## भारी लगन और अच्छी कृषि उपज ने वाहनों के व्यापार को बढ़ाया: गोविंद

**रामगढ़।** बाजार में शादी विवाह के लगन और अच्छे कृषि उपज ने वाहनों के व्यापार को बढ़ाया है। यह दवा झारखंड चैप्टर के चेयरपर्सन गोविंद प्रसाद मेवाड़ ने किया है। रविवार को उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि मई- 2024 की तुलना में मई-2025 में खुदरा वाहनों की बिक्री में काफी उछाल आया है। पिछले वर्ष जहां 46308 गाड़ियां बिकी थी। वहीं इस वर्ष सिर्फ एक महीने में 25.11 प्रतिशत बढ़त दर्ज की गई। इस महीने में 57938 गाड़ियां बिकी हैं। पूरे झारखंड में दोपहिया वाहन, तीन पहिया वाहन और ट्रैक्टर की बिक्री ने यह स्पष्ट किया है कि बाजार में काफी उछाल आया है। तीन चक्का वाहन ने मई माह में 2481 इकाई के साथ 58.94 प्रतिशत की बढ़त बनाई है। कॉमर्शियल वाहन की बिक्री ने मई 25 में 15.09 की वृद्धि के साथ 1632 इकाई बिक्री दर्ज की है। यात्री वाहन ने झारखंड में इस वर्ष मई माह में 18.45प्रतिशत की बढ़त बनाते हुए 5315 इकाई की बिक्री दर्ज की है। मई 2025 मे ट्रैक्टर की बिक्री में भारी वृद्धि 59.30 प्रतिशत के साथ 1319 की इकाई की बिक्री दर्ज की है। पूरे भारत के आंकड़ों पर गौर करें तो मई 2025 में पिछले वर्ष मई की अपेच्छा मात्र 5.11 प्रतिशत की बिक्री में वृद्धि हुई है।

# रजरप्पा पहुंचकर तिवारी महतो के पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड स्थित मां छिन्नमस्तिका की पावन धरती रजरप्पा स्थित केशरी कुंज परिसर में रविवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के आमंत्रण पर सामूहिक पूजन एवं प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद शमनीष जायसवाल शामिल हुए और माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया। इस



पावन अवसर पर झारखंड की राजनीति के कई प्रतिष्ठित चेहरों से सांसद मनीष जायसवाल ने आत्मीय मुलाकात की। जिनमें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो तथा रामगढ़ आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी प्रमुख रूप से शामिल हैं । रजरप्पा से हजारीबाग लौटने के क्रम में रामगढ़ कोर्ट के समीप स्थित होटल टी एंड ट्रीट परिसर में जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया और कोठार पुल के समीप रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता एवं सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं ने गर्मजोशी से सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत किया और उनका कुशलक्षेम जाना ।

## बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबन्ध समिति की बैठक में श्रावणी मेले को लेकर विचार विमर्श

**खूंटी।** बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी समिति की रविवार को धाम परिसर में हुई बैठक में आसन्न श्रावणी मेले की व्यवस्था और भक्तों को सुविधा मुहैया कराने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मेला और पूजा व्यवस्था, साज सज्जा, लाइट, टेंट, साफ-सफाई सहित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव ने बताया कि दो माह बाद श्रावण माह आनेवाला है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अपने मनोरथ पूरे होने से पहले यह रात जैसी सौगुनी लम्बी मालूम होती थी, यदि अब तुम्हारे मिल जाने पर भी यह वैसी ही लम्बी बनी रहे। - कालिदास, विक्रमोर्वशी

## संपादकीय

# डरा रहे कोविड के आंकड़े

भारत ही नहीं झारखंड भी वैश्विक स्तर पर कार्यरत है जहां दुनिया भर से लोग आ रहे हैं और केविड के आंकड़े डरा रहे हैं। कोविड की वापसी हो रही है। क्या आपको पता चला कि ऑपरेशन सिंदूर के शोर के बीच भारत में 2021 में कोविड से मौतों के आधिकारिक आंकड़े आए हैं? सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) की 2021 की रिपोर्ट ने बताया कि कोविड से वास्तविक मौतें आधिकारिक कोविड मृत्यु (3.3 लाख) से छह गुना ज्यादा थीं। सरकारें सही आंकड़ों से खौफ खाती हैं, मगर हकीकत यह है कि इन आंकड़ों के जरिए ही दुनिया को महामारी विज्ञान मिला था, जिसके बाद पूरी दुनिया ने एकसाथ महामारी की रणनीतियां बनानी शुरू कीं। तो आइए, विराजिए टाइम मशीन में, हम आपको ले चलते हैं इतिहास के उस हिस्से में, जहां आंकड़ों ने बाजार और विज्ञान को नई सूझ दी थी। यात्रीगण ध्यान दें, टाइम मशीन 14वीं सदी में है। प्लेग यानी ब्लैक डेथ का आतंक है। प्लेग यूरोप को निगल रही है। लोग शहर छोड़कर भाग रहे हैं। लूटपाट और अराजकता का आलम है। सम्राट एडवर्ड तृतीय परेशान हैं- कैसे पता चले कि कौन मरा, कौन बचा? उन्होंने चर्च ऑफ इंग्लैंड को आदेश दिया कि हर मौत का हिसाब रखा जाए। स्थानीय प्रशासन को निर्देश मिला कि मरने वालों का ब्योरा-नाम, लक्षण और कारण-लंदन भेजा जाए। यह लंदन बिल्स ऑफ मार्टिलिटी है। यह प्लेग का साप्ताहिक बुलेटिन है-21वीं सदी के कोविड डैशबोर्ड जैसा। लंदन बिल्स ऑफ मॉर्टेलिटी दुनिया का पहला व्यवस्थित स्वास्थ्य आंकड़ा संग्रह है। बिल पहले किंग व उनके सलाहकारों को दिखाए जाते हैं, फिर जनता में बांटे जाते हैं। इसका मकसद बड़ा विचित्र है। प्लेग के डर से अमीरों ने शहर छोड़ दिया है। बिल्स के जरिये किंग इन रईसों को बता रहे हैं कि महामारी ज्यादातर गरीबों को मार रही है, लिहाजा वे लौट सकते हैं। उनके आने से टैक्स मिलेगा व कारोबार चलेंगे। इतिहासकार स्टीफन ग्रीनबर्ग लिखेंगे कि 17वीं सदी तक इन बिल्स की पांच से छह हजार प्रतियां हर साल छपती व बंटती थीं।लंदन बिल्स ऑफ मॉर्टेलिटी में यह भी लिखा जाता है कि कितने लोग 'दांत निकलने' या 'उदासी' से मरे। मॉर्टेलिटी बिल्स को जुटाने का काम स्थानीय 'सर्चर्स' को देते हैं। ये महिलाएं, जो मृतकों की जांच करती हैं, कम पढ़ी-लिखी होती हैं, जिसके कारण बिल्स में गलतियां होती हैं, फिर भी, बिल्स ऑफ मॉर्टेलिटी एकमात्र आधिकारिक सूचना स्रोत है, जो अफवाहों के बीच सच का झंडा बुलंद करता है। टाइम मशीन अब 17वीं सदी में है। हम लंदन में हैं। लंदन फिर प्लेग और चेचक की चपेट में है। मगर चर्चा में हैं जॉन ग्राउंट। ग्राउंट कोई मशहूर डॉक्टर हैं? न जी न, ग्राउंट तो एक समृद्ध व्यापारी हैं, जो दर्जियों का सामान बेचते हैं। 1666 की लंदन की आग में उनकी दुकान जलकर खाक हो गई थी, अलबत्ता आंकड़ों को पढ़ने और पैटर्न बनाने में उन्हें महारत हासिल है। हम अब ग्राउंट के दफ्तर में हैं, जहां वह लंदन बिल्स ऑफ मॉर्टेलिटी पढ़ रहे हैं। उनकी किताब आई, नेचुरल एंड पॉलिटिकल ऑब्जर्वेशंस मेड अपॉन द बिल्स ऑफ मॉर्टेलिटी (1662)। ग्राउंट की किताब चार हिस्सों में छपी है, जिसमें उन्होंने लंदन की जनसंख्या, मृत्यु दर और बीमारियों के रुझान का विश्लेषण किया है। उन्होंने मृत्यु के कारणों को 80 से ज्यादा श्रेणियों में बांटा, जैसे 'प्लेग', 'बुखार',और यहां तक कि 'भय से मृत्यु।' किताब ने लंदन के बौद्धिकों में सनसनी मचा दी है, क्योंकि ग्राउंट ने न सिर्फ मौतों का विश्लेषण किया, बल्कि लंदन की जनसंख्या का पहला अनुमान भी लगाया है। इस वक्त जब टाइम मशीन लंदन में है, तो इस शहर की आबादी लगभग 3.84 लाख है।

> *ऑपरेशन सिंदूर के शोर के बीच भारत में 2021 में कोविड से मौतों के आधिकारिक आंकड़े आए हैं?*

# आर्ट ऑफ पेरेंटिंग : स्मार्ट जमाना, स्मार्ट पेरेंटिंग जरूरी



आज के समय में पेरेंटिंग आसान नहीं रही। पहले के जमाने में बच्चे खुद से सीख जाते थे, परिवार में दादी-नानी का साथ होता था, मम्मी-पापा घर पर होते थे, और जीवन धीमा व सरल था। लेकिन आज दोनों पेरेंट्स वर्किंग हैं, संयुक्त परिवार का स्वरूप मिटता जा रहा है, और बच्चे स्क्रीन के साथ बड़े हो रहे हैं। ऐसे में सिर्फ खाने-पीने और स्कूल भेजने से बच्चे अच्छे नहीं बनते-उन्हें समझने, गहराई से जोड़ने और स्मार्ट तरीकों से गाइड करने की ज़रूरत है। इस लेख में मैंने15 ऐसे गहरे बिंदुओं पर चर्चा किया है, जो हर पेरेंट को न सिर्फ सोचने पर मजबूर करेंगे, बल्कि उन्हें 'स्मार्ट पैरेंट्स' बनने की ओर प्रेरित भी करेंगे, और मैंने यह सब चीज अपने बच्चों पर आजमाया है तब आज मैं यह बोल पा रही हूं।

### आर्ट ऑफ पैरेंटिंग : आज के दौर में बच्चों को पालना एक तपस्या है

1. बच्चों से जुड़े रहिए — सज़ा से नहीं, समझ से जब बच्चा गलती करता है, तो हम तुरंत डांट देते हैं। लेकिन क्या कभी हम सोचते हैं कि उसके मन में क्या चल रहा था? बच्चा जानबूझकर नहीं करता — वो सीख रहा होता है।
उदाहरण के लिए: अगर बच्चा चीज तोड़ दे, तो डांटिए मत। पूछिए, "क्या हुआ बेटा? कैसे गिरा?" और फिर बताइए, "देखो, चीजें कैसे संभालते हैं।" इस तरह बच्चा डरने की बजाय सीखता है।

2. पैरेंट्स बनिए, स्कूल के टीचर नहीं घर में अगर हम हर बात पर बोलते रहते — ये ऐसे नहीं, ये वैसे नहीं — तो बच्चा खुद को दबा हुआ महसूस करता है बल्कि खेल-खेल में पढ़ाई करें, और हर बातों को प्यार से समझाएं।
**क्या करें:** आप कहानी के ज़रिए सिखाइए — जैसे "शिवजी ने गुस्सा क्यों नहीं किया?" "कृष्ण भगवान ने कैसे माखन चुराया लेकिन सच्चाई कबूल की?" — इससे बच्चा खुद इन गुणों को सीखता है।

3. हर मांग तुरंत पूरी मत करें बच्चे की हर छोटी चीज़ अगर तुरंत दे दी जाए — चॉकलेट, खिलौना, मोबाइल — तो वो "हक" समझने लगता है और जिद्दी बन जाता है
**क्या करें:** थोड़ा इंतजार करवाइए। कहिए, "अगर तुमने आज ये 3 काम पूरे किए तो कल ये मिलेगा।" इससे वो समझता है कि मेहनत से चीज़ें मिलती हैं।

4. शुक्रगुज़ारी सिखाइए ज़िंदगी में सब को कुछ सब कुछ नहीं मिलता जितना भी मिला है उसके उसके लिए हमेशा भगवान का धन्यवाद देते रहना चाहिए आज का बच्चा "धन्यवाद" बोलना भूल गया है। उसे लगता है कि सब चीज़ें उसे मिलनी ही चाहिए।
**क्या करें:** हर रात सोने से पहले बच्चे से पूछिए — "आज किस चीज़ के लिए भगवान को धन्यवाद दोगे?" इससे वो आभार व्यक्त करना सीखेगा, और कद्र भी।

5. हर ट्रिप को एजुकेशनल बनाइए अगर हम बच्चों को बस पार्क या मॉल ले जाएं तो सिर्फ मौज ही होगी, सीख नहीं।
**क्या करें:** पहले से बताइए, "जहां हम जा रहे हैं, वहां क्या खास है?" वापसी पर उनसे 3 बातें पूछिए जो उन्होंने देखीं। इससे उनका अवलोकन और याद रखने की क्षमता बढ़ेगी।

6. शेयरिंग की आदत बचपन से डालिए आजकल पेरेंट्स अपना सिर दर्द खत्म करने के लिए हर चीज बच्चों को अलग-अलग देते हैं यह तेरा वह तेरा या ना कीजिए,अलग-अलग चीज़ें देकर आप झगड़े टाल सकते हैं, पर वो "मेरा ही है" वाली भावना बढ़ जाती है।
**क्या करें:** एक चॉकलेट लाइए और दोनों बच्चों से कहिए, "आप दोनों बराबर बांटिए।" शुरुआत में मना करेंगे, लेकिन बार-बार ऐसा होगा तो 'हम' की भावना खुद बन जाएगी।

7. जैसा देखेगा, वैसा सीखेगा बच्चे उपदेश से नहीं, उदाहरण से सीखते हैं। आप अगर खुद देर से उठेंगे, तो बच्चा जल्दी नहीं उठेगा।
**क्या करें:** खुद पहले नियम में रहिए। अगर आप डिनर के बाद मोबाइल नहीं चलाते, तो बच्चा भी धीरे-धीरे आदत बदल लेगा।

8. हर व्यवहार के पीछे कारण होता है — उसे समझिए अगर बच्चा चुप है, गुस्से में है, या बार-बार जिद कर रहा है, तो उसका कारण जानना जरूरी है।
**क्या करें :** बस इतना पूछिए — "आपका मन क्यों खराब है?" धीरे-धीरे वो खुलना शुरू करेगा। एक बार बच्चा आपको अपना दोस्त समझने लगे, तो सुधार अपने आप हो जाएगा।

9. किताबों का माहौल घर में बनाइए
अगर घर में सिर्फ टीवी और मोबाइल रहेगा, तो बच्चा कैसे पढ़ेगा? एक लाइब्रेरी भी छोटा सा बनायें।
**क्या करें:** रोज़ 15 मिनट सब लोग पढ़ें। बच्चे से कहिए, "जो आज पढ़ा, वो मुझे सुनाओ।" इससे किताब से लगाव और आत्मविश्वास दोनों आएंगे।

10. टेक्नोलॉजी का सही उपयोग बच्चों कोसीखने का समय सारणी बनाइए। जिसमें मोबाइल और टीवी में ज्ञानवर्धक चीज देखें। सिर्फ कार्टून और मारधाड़ वाली फिल्में देखने से दिमाग सुन्न हो जाता है।
**क्या करें:** महीने में एक दिन 'लर्निंग मूवी डे' रखिए। और रोजअगर कुछ भी दिखाना है तो सिर्फ काम की चीज़ पढ़ाई की चीज के लिए ही मोबाइल दीजिए जैसे "Super 30", "I Am Kalam", "Hawa Hawai" — फिर उस पर बात कीजिए, "तुमने क्या सीखा?"

11. घर के रूल सबके लिए एक जैसे हों अगर आप कहते हैं "मोबाइल मत चलाओ" और खुद मोबाइल में लगे रहते हैं, तो बच्चा भी सीखेगा नहीं। अगर यह प्ले टाइम है तो सबको कुछ ना कुछ खेलना है
**क्या करें:** एक 'फैमिली चार्टर' बनाइए — जैसे शाम 7 से 9 मोबाइल बंद, खाने के वक्त टीवी बंद, और सब साथ बैठेंगे। सब पालन करें, तभी असर होगा।

12.. बच्चों को सवाल पूछने दीजिए अगर बच्चा पूछता है "आकाश नीला क्यों होता है?" और आप कहते हैं "चुप बैठो" — तो उसका सोचने का साहस मर जाता है।
**क्या करें:** जवाब नहीं आता तो बोलिए, "चलो मिलकर खोजते हैं।" इससे उसे लगेगा कि सवाल करना अच्छा होता है।

13. बच्चा जो करना चाहता है, करने दीजिए वह अपने आप ही प्रकृति से बहुत कुछ सीख लेगा हर बच्चा पढ़ाई में ही नहीं, किसी में अच्छा होता है - जैसे डांस, सिंगिंग, ड्रॉइंग, कोडिंग।
**क्या करें:** एक दिन उसे सिर्फ उसकी पसंद का करने दें। आप साथ दीजिए, सराहिए। बच्चा खुद आगे बढ़ेगा।

14. हर पेरेंट बने 'Story Teller'बच्चों को कहानियां सुनाना बंद हो गया है, इसलिए सोचने की क्षमता भी कम हो रही है।
**क्या करें:** रोज़ रात 10 मिनट एक कहानी सुनाइए — जिसमें ज्ञान हो, नैतिकता हो, और अंत में सवाल हो — "इससे आपने क्या सीखा?" इससे बच्चा भी बात करना सीखेगा।

15. पॉकेट मनी का सही इस्तेमाल सिखाइए
बच्चे को अगर हर चीज़ यूं ही मिलती रही तो खर्च की कद्र नहीं होगी।
**क्या करें:** एक निश्चित पॉकेट मनी दीजिए और एक छोटी सी डायरी बनवाइए जिसमें बच्चा लिखे — कहां कितना खर्च हुआ। इससे self-control आएगा।

"बच्चा जैसा बनाना चाहते हैं, वैसा खुद बनिए।" पेरेंटिंग एक दिन का काम नहीं — ये रोज़ की तपस्या है। कभी-कभी रोना आएगा, कभी गुस्सा भी, लेकिन अगर आप स्थिर रहेंगे — तो वही बच्चा कल आपका नाम रोशन करेगा।

(veenavlogs@gmail.com)

आज की बात



वीणा देवांगन

# प्लास्टिक के फूल

शहर की इस बार की पर्यावरण रैली कुछ ज्यादा ही हरी-भरी थी। हर गली, हर नुक्कड़, हर चौराहा हरा नहीं, हरा-पीला-नीला-बैंगनी दिखाई दे रहा था। वजह साफ़ थी- 'पर्यावरण दिवस' आने वाला था और तैयारियाँ प्लास्टिक के फूलों से इतनी सज-धजकर की गई थीं कि खुद गुलाब की झेंप खुल जाए और मोगरा आत्महत्या कर ले। मुहल्ले की गुप्ता आंटी, जो पूरे साल नल खुला छोड़कर पौधे धोती हैं, इस दिन सुबह से प्लास्टिक की माला लेकर तुलसी के गले में ऐसे झूल पड़ीं जैसे कोई बहू सास की सेवा में झूलती है - दिखावे भर के लिए। तुलसी ने खाँसते हुए शायद कहा भी हो-"कृपया मुझे जीवित रहने दीजिए," पर उस आवाज़ को आंटी ने साउंड बॉक्स में बज रहे 'ए पर्यावरण माई, रक्खिहो हमार लाज' में गुम कर दिया। लब्बोलुआब यही था-"पौधों को ऑक्सीजन चाहिए, हमने उन्हें सेलोफेन ओढ़ा दिया।" मुहल्ले के निगम पार्षद, श्री टाइगर प्रसाद 'हरियाले', अपने दो चमचों के साथ, हरे रंग की प्लास्टिक टी-शर्ट पहनकर निकले। एक हाथ में माइक और दूसरे में प्लास्टिक का गमला था, जिसमें नकली बोनसाई रखी थी। उन्होंने माइक से ललकारा-"हम पेड़ नहीं काटते, बस उनकी जगह पर सेल्फी पॉइंट बनाते हैं।" पूरा मुहल्ला ताली बजा-बजाकर धरती की छाती पीटने लगा। बच्चे तो प्लास्टिक के फूल चबाकर खुश थे। एक छोटा बच्चा बोला-"मम्मी! ये जैविक लगता है।" मम्मी मुस्कराईं -"हाँ बेटा, ये बायोडिग्रेडेबल टाइप फील देता है।" पंचलाइन उड़ती हुई आई-"जहाँ भावनाएँ प्लास्टिक की हों, वहाँ फूल असली क्यों हों?" तैयारियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड हो रही थीं। कैप्शन में लिखा था-"गो ग्रीन विथ प्लास्टिक ड्रीम!" एक लड़की ने पौधे की फोटो के नीचे लिखा-"हैप्पी नेचर डे ऑल माय डियर ट्रीस।" उस पेड़ को काट कर उस पर वही फोटो चिपकाई गई थी। जड़ें हवा में थीं, और कैप्शन जन्नत में। एक बुढ़ा पीपल पेड़ देखकर सुबक पड़ा-"पहले मुझे पूजते थे, अब मेरे फोटो से लाईक्स कमाते हैं।" उसी पेड़ के नीचे एक बोर्ड लटक रहा था-"दिज इज ए सेल्फी जोन-सेव ट्रीस"-"जंगल बचे या ना बचे, जंगल की यादें इंस्टा में ज़रूर बचें।"स्कूलों में बच्चों ने भाषण दिए। एक छोटा बच्चा चिल्लाया-"प्लास्टिक नहीं चाहिए!" उसके ठीक पीछे पूरे मंच को प्लास्टिक के पर्दों, सजावटों और फूलों से ढाँप दिया गया था। शिक्षक मुस्कराए- "बिलकुल सही बेटा, लेकिन इन सजावटों को हाथ मत लगाना, किराए पर आए हैं।" बच्चे को थोड़ी उलझन हुई, मगर उसने फिर कहा – "पेड़ों को काटना पाप है।" तभी पीछे से माली आता है और कहता है – "सर! वो नीम के पेड़ की डाली मंच में घुस रही थी, काट दी।" – "संदेश पर्यावरण बचाओ, व्यवस्था पेड़ हटाओ।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

# डॉ. पीएसजी कुमार : पुस्तकालय सूचना विज्ञान क्षेत्र में अतुलनीय योगदान

डॉ. पीएसजी कुमार जयंती विशेष

पुस्तकालयों के बिना शिक्षा क्षेत्र का अस्तित्व असंभव है, क्योंकि पुस्तकालयों को शिक्षा की आधारशिला कहा जाता है और गुणवत्तापूर्ण पुस्तकालय एक मजबूत शिक्षा प्रणाली का आधार और प्रतिबिंब होते हैं। पुस्तकालयों का अच्छा विकास एक उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। जब हम देश में पुस्तकालयों के विकास की बात करते हैं, तो हम निश्चित रूप से उन महान लोगों को याद करते हैं जिन्होंने इस क्षेत्र में महानतम कार्य किए हैं। आज हम एक ऐसे ही महान व्यक्ति के बारे में बात कर रहे हैं जिन्होंने अपने असाधारण कार्यों के माध्यम से पुस्तकालय सूचना विज्ञान के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। डॉ. पीएसजी कुमार, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ही पुस्तकालय सुचना विज्ञान क्षेत्र के विकास में समर्पित कर दिया। जिन्हे देश में इस क्षेत्र के लिए रोल मॉडल के रूप में देखा जाता है। देश में महत्वपूर्ण पदों पर उन्होंने कार्य कर विदेशों में भी विभिन्न अवसरों पर भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। देश भर में पुस्तकालय सूचना विज्ञान क्षेत्र में कार्यरत लोगों का सपना रहा कि डॉ. पीएसजी कुमार के मार्गदर्शन में कार्य कर कुछ सीखने मिले। लोग उन्हें पुस्तकालय सूचना विज्ञान विषय का विश्वकोश कहते है, वे गुणों की खान थे, पुस्तकालय क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी और विकास संबंधित कार्यप्रणाली उनके मस्तिष्क में छपी हुयी थी। अपने उत्कृष्ट योगदान और गुणवत्तापूर्ण कार्य के कारण डॉ. पीएसजी कुमार को पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन के समकक्ष माना जाता है। डॉ. पीएसजी कुमार ने अपने जीवन का अधिकांश कार्यकाल नागपुर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग में बिताया। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, विचारशील, बुद्धिजीवी, मृदुभाषी, समय के पाबंद और कार्य के प्रति अक्सर तत्पर रहते थे। प्रतिभावान अनुसंधानकर्ता, दृष्टिकोण में वैज्ञानिक, काम में व्यवस्थित, प्रबंधन में कुशल, लोगों के प्रति अपने दृष्टिकोण में मानवतावादी, निर्णय लेने में तार्किक, मुश्किलों से निपटने में मेहनती और ईमानदार, बेहतर शिक्षक, आदर्श पुस्तकालयाध्यक्ष, महान आयोजक, सक्षम प्रशासक, निपुण मार्गदर्शक, उत्कृष्ट लेखक, वक्ता और आलोचक जैसे अनेक भूमिकाओं में महारथी थे। डॉ. पीएसजी कुमार ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ख्याति प्राप्त की। उन्हें युनेस्को, एफआईडी, आईएफएलए द्वारा फेलोशिप से सम्मानित किया गया है, एबीसी कैम्ब्रिज द्वारा इंटरनेशनल मैन ऑफ द ईयर, एबीआई, यूएसए द्वारा मैन ऑफ द ईयर, सेक्युलर इंडिया हार्मनी अवार्ड, पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा "सत्काल" पंजाब लाइब्रेरियन अवार्ड, पी.एस. तेलुगु विश्वविद्यालय, हैदराबाद द्वारा प्रो. पी. गंगाधर राव अवार्ड, कौला एंडोमेंट फॉर लाइब्रेरी साइंस द्वारा "रंगनाथन कौला अवार्ड और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एमेरिटस फेलो से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने इफला (इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ लाइब्रेरी एसोसिएशन) के निमंत्रण पर यू.के., यू.एस.ए., मॉरीशस और फ्रांस का दौरा किया और सम्मेलन में भाग लिया, फीड (इंटरनॅशनल डॉक्युमेंटेशन फेडरेशन), कोमला (कॉमनवेल्थ लायब्ररी असोसिएशन), एएलए (अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन) ने उनके अंतर्राष्ट्रीय संपर्कों को बढ़ाया। उन्होंने देश के लगभग सभी राज्यों और विश्वविद्यालयो का दौरा किया। वे 77 से अधिक विश्वविद्यालयों से जुड़े और विभिन्न संस्थानों/विश्वविद्यालयों में 168 से अधिक व्याख्यान दिए हैं। उनकी जीवनी संबंधी प्रोफ़ाइल 16 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय जीवनी स्त्रोतों में प्रकाशित हुई है। देश-विदेश के ख्यातनाम रिसर्च पत्रिकाओं के संपादकीय मंडल में उन्होंने काम किया। डॉ. कुमार ने अपने कार्यकाल में अनेक संगठनों और संघो के प्रमुख पदों पर महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई। वे विदर्भ शैक्षणिक पुस्तकालय संघ के अध्यक्ष, भारतीय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शिक्षक संघ के महासचिव, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर केन्द्रीय संभागीय समिति के अध्यक्ष, भारतीय पुस्तकालय संघ (आईएलए) के उपाध्यक्ष और अंततः अध्यक्ष 1990-96, भारतीय विशेष पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र संघ के दो बार परिषद सदस्य; अध्यक्ष, सार्क देशों के पुस्तकालय संघ, गुड ऑफिस कमेटी, भारतीय पुस्तकालय संघों की संयुक्त परिषद और भारतीय पुस्तकालय एवं सूचना सेवा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उनका कार्य सराहनीय है, उन्होंने भारत में पुस्तकालय व्यवसाय के विकास में अमूल्य योगदान दिया। डॉ. कुमार ने 2004 में विदर्भ लाइब्रेरी एसोसिएशन की स्थापना की और युवा पेशेवरों को अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान किया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्या दिन थे त्योहार पर, घर भर होता साथ।
पूजा पर झुकते सदा, एक साथ सब माथ।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# भीड़ का हिस्सा नहीं, संवेदनशील दायित्ववान व अनुशासित सहभागी बनें

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और खेल आयोजन हमारी सांस्कृतिक विविधता और सामूहिक उत्साह के प्रतीक हैं। ये आयोजन निरंतर होते रहते हैं, किंतु जब यही उत्सव असंवेदनशीलता, अव्यवस्था और अनुशासनहीनता के कारण त्रासदी का रूप ले लेते हैं, तो एक गंभीर प्रश्न उठता है-क्या हम केवल एक भीड़ हैं या एक जिम्मेदार समाज? क्या भीड़ प्रबंधन केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है? क्या सहभागियों का कोई दायित्व नहीं बनता? हमारे देश में भीड़ के अनियंत्रित होने के कारण अनेक त्रासद घटनाएं घट चुकी हैं। 1954 के प्रयागराज कुंभ में हुई भगदड़ स्वतंत्र भारत की पहली बड़ी चेतावनी थी, जिसने प्रशासनिक सीमाओं को उजागर किया। इसके बाद 2003 में नासिक कुंभ, 2008 में नांदेड़ (हुज़ूर साहिब गुरुद्वारा), नैना देवी मंदिर (हिमाचल प्रदेश);2011में पुलुमेदु मकर संक्रांति मेला, केरल; 2013 में रतनगढ़ मंदिर, दतिया (मध्य प्रदेश);2014 में पटना देवी मंदिर (बिहार), डोमरी गांव (वाराणसी),2014 में दशहरा समारोह, पटना;2015 में पुष्करम उत्सव, राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश);2022 में वैष्णो देवी मंदिर;2023 में कुबेरेश्वर धाम, रुद्राक्ष महोत्सव;2024 में हैदराबाद थिएटर हादसा;2024 में हाथरस, सत्संग के बाद भगदड़;2025 में महाकुंभ हादसा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा, चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु) के बाहर आईपीएल विजय का जश्न जैसे आयोजनों में विभिन्न कारणों से भीड़ अनियंत्रित हुई, भगदड़ मची और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इन हादसों की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए? क्या आयोजनकर्ता पूर्णतः दोषी हैं? क्या प्रशासनिक व्यवस्था ही विफल रही? या फिर क्या भीड़ में शामिल हर व्यक्ति को भी आत्ममंथन नहीं करना चाहिए? भीड़भाड़ वाले आयोजनों में भाग लेना अनुचित नहीं है, किंतु सहभागी बनने से पहले कुछ मूलभूत प्रश्नों पर विचार करना आवश्यक है,क्या आयोजन को प्रशासन से अनुमति प्राप्त है?

आयोजन स्थल की क्षमता और व्यवस्था कैसी है?क्या यह आयोजन केवल आमंत्रित या पा सधारकों के लिए है या सभी के लिए खुला है? निजी वाहन लेकर वहां जाना कितना उचित है? क्या भीड़ में मेरी उपस्थिति आवश्यक है या घर से भी इसे देखा जा सकता है?आज के तकनीकी युग में बहुत से आयोजन घर बैठे टीवी या डिजिटल माध्यमों से देखे जा सकते हैं। यदि हर व्यक्ति यह मान ले कि वह केवल दर्शक नहीं, बल्कि आयोजन का सह-व्यवस्थापक है, तो कई समस्याएं स्वतः समाप्त हो सकती हैं। हम यह भूल जाते हैं कि लाइन तोड़ने वाला, धक्का देने वाला, गेट पर चिल्लाने वाला,शोर मचाते हुए, झंडा लहराते हुए तेज रफ्तार में दो पहिए वाहन चलाने वाला,अफवाह फैलाने वाला, नियमों की अनदेखी करने वाला व्यक्ति स्वयं अव्यवस्था का हिस्सा बन जाता है। भीड़ प्रबंधन केवल पुलिस बल, बैरिकेडिंग, स्मार्ट निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी, ड्रोन, आरएफआईडी टैगिंग, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम, मोबाइल ऐप्स, हाईटेक लाउडस्पीकर या वर्चुअल रूट मैपिंग से संभव नहीं। इसका मूल आधार है अनुशासन, संवाद और नागरिक सहयोग। एक जिम्मेदार सहभागी वही होता है जो समय का पालन करे, अनुशासन में रहे,अफवाहों से बचे,दूसरों की सुविधा का उतना ही ध्यान रखे जितना अपनी, असहज, असहाय लोगों की मदद करे,प्रशासन का सहयोग करे।यह आचरण किसी कानून या प्रशिक्षण से नहीं आता, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिक अनुशासन से उत्पन्न होता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हादसे केवल व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदार व्यवहार का भी परिणाम होते हैं। जांच रिपोर्ट, मुआवजा और खेद-प्रकट करना पर्याप्त नहीं। जरूरत है आत्मचिंतन और सक्रिय नागरिक सहभागिता की। अब समय आ गया है कि हम आयोजनों को केवल 'उपस्थित रहने' की प्रक्रिया न मानें, बल्कि अपनी भूमिका को रचनात्मक रूप से परिभाषित करें। जब हर नागरिक स्वयं को उत्तरदायी मानेगा, तभी भारत की आयोजन-संस्कृति सुरक्षित, गरिमामय और प्रभावशाली बन सकेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



डॉ. मनमोहन प्रकाश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# राम दरबार सजने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी

**एजेंसी। अयोध्या**

राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ गई है। रविवार को रामपथ पर सुबह से ही भक्त बड़ी तादाद में जुटे। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का यह नजारा रामनगरी को और भी पवित्र बना रहा है। पुलिस और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

राम मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग रामपथ पर दूर-दूर तक भक्तों की कतार देखी गई। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं, ताकि किसी भी भक्त को असुविधा न हो। राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। रामपथ पर जगह-जगह पानी, छांव और बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मंदिर परिसर में प्रवेश और दर्शन की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है।रविवार होने के कारण भीड़ में और इजाफा होने की संभावना है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और मंदिर परिसर में स्वच्छता का ध्यान रखें।

## अयोध्या में पहली बार राजा राम दरबार की झलक

पहली बार पूरी दुनिया के सामने राजा राम दरबार की झलक दिखाई गई। भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान समेत संपूर्ण राम दरबार की भव्य प्रतिमा मंदिर के प्रथम तल विराजमान हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य मंदिर में राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा की। इस मौके पर वैदिक मंत्रों की ध्वनि चारों दिशाओं में गुंजायमान रही। अभिजीत मुहूर्त, वेदघोष और मंत्रोच्चार की ध्वनि के बीच अयोध्या में गंगा दशहरा के अवसर पर श्रीराम दरबार सहित समस्त नवनिर्मित देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह सम्पन्न हुआ।

## अवैध प्रवासियों को असम से सीधा बाहर करेगी हिमंत बिस्व सरमा सरकार



- 1950 के इस कानून का होगा इस्तेमाल

**असम।** असम में अवैध अप्रवासियों को वापस भेजने के लिए 1950 के अप्रवासी निष्कासन आदेश नामक एक कम चर्चित कानून का पालन किया जाएगा। यह कदम भानुमती का पिटारा खोलने वाला है, क्योंकि यह पारंपरिक प्रक्रिया के खिलाफ है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से संबंधित मामलों के कारण धीमी हुई "विदेशियों" की पहचान करने की प्रक्रिया अब तेज गति से जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बार, अगर किसी की पहचान विदेशी के रूप में की जाती है, तो हमें उस व्यक्ति को वापस भेजने के लिए विदेशी न्यायाधिकरण के समक्ष मामला नहीं उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए पर पहले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उल्लेख किया था कि विदेशियों को वापस भेजने के लिए हमेशा न्यायपालिका से संपर्क करना असम सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं है। उन्होंने कहा, "एक पुराना कानून है - अप्रवासी निष्कासन आदेश। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कानून अभी भी लागू है। इस कानून के अनुसार, डीसी (जिला आयुक्त) के पास आदेश जारी करने और वापस भेजने की अनुमति देने का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा, "किसी भी कारण से हमारे वकीलों ने हमें इस आदेश के बारे में सूचित नहीं किया था और हमें भी इसकी जानकारी नहीं थी।

## पिछले 11 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए क्यों हैं : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मीडिया से बातचीत की पटकथा लिखने का आरोप लगाया और कहा कि अपने पूर्ववर्तियों के विपरीत, उनमें बिना किसी निर्देश के प्रेस वार्ता आयोजित करने का साहस नहीं है। एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दुनिया भर के नेता समय-समय पर स्वतंत्र प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, लेकिन हमारे यहां 11 साल से कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई है। जयराम रमेश ने कहा कि हर देश का शासनाध्यक्ष समय-समय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते ही हैं। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री को प्रेस के सीधे सवालों का सामना किए हुए 11 साल हो चुके हैं। पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान श्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया इंटरैक्शन को एक शो की तरह प्रोड्यूस, डायरेक्ट और स्क्रिप्ट किया - जिसमें उन्होंने खुद को "नॉन-बायोलॉजिकल" बताने वाला चर्चित दावा भी किया था। लेकिन अब तक उन्होंने कभी भी बिना एडिटिंग, बिना स्क्रिप्ट वाली एक भी असली प्रेस मीटिंग करने का साहस नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि यह उनके पूर्व प्रधानमंत्रियों से बिल्कुल उलट है। जिनसे वे विशेष रूप से नफरत करते हैं, वे तो लगभग हर दूसरे महीने बेधड़क प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे, जहां उनसे कठोर सवाल पूछे जाते थे और वे गंभीरता व संयम से जवाब देते थे।

### मणिपुर में फिर बढ़ा तनाव!

## पूरे इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया, इंटरनेट भी हुआ बंद



**इम्फाल। एजेंसी**

शनिवार शाम को राज्य की राजधानी में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक विरोध और झड़पों के बाद मणिपुर के घाटी जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। बिष्णुपुर जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है, जबकि इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, थौबल और काकचिंग के अन्य घाटी जिलों में पांच या उससे अधिक लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शनिवार रात को मैतेई संगठन अरंबाई टेंगोल के एक नेता और कुछ अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी की खबरों के बाद अशांति भड़क उठी।

प्रदर्शनकारियों ने सड़कों के बीचों-बीच टायर और पुराने फर्नीचर जलाए, हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार का घेराव किया और नेता की रिहाई की मांग करते हुए सुरक्षा बलों से भिड़ गए। उनमें से कुछ ने इंफाल में आत्मदाह का भी प्रयास किया। रविवार को स्थिति तनावपूर्ण रही। रविवार को लगभग 2 बजे, मणिपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी पुष्टि की और इंटरनेट सेवाओं के निलंबन, कर्फ्यू और निषेधाज्ञा के आदेश की प्रतियां साझा कीं।

### मणिपुर अशांति

- मीतेई संगठन अरम्बाई टेंगोल के एक नेता की गिरफ्तारी का दावा करने वाली रिपोर्टों के बाद फिर से हिंसा भड़क उठी। हालांकि पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान या उसके खिलाफ आरोपों का खुलासा नहीं किया, लेकिन रिपोर्टों से पता चला है कि नेता कानन सिंह है।
- शनिवार रात को राज्य की राजधानी में कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के साथ झड़प की। इंफाल पूर्वी जिले के खुरई लामलोंग इलाके में, एक उग्र भीड़ ने एक बस को आग लगा दी। क्वाकेथेल में, कई गोलियों की आवाज सुनी गई, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि गोली किसने चलाई।
- गिरफ्तार नेता को राज्य से बाहर ले जाने की अपुष्ट रिपोर्टों के बाद, प्रदर्शनकारी तुलीहाल में इंफाल हवाई अड्डे के गेट के बाहर भी एकत्र हुए। नेता को मणिपुर से बाहर ले जाने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों ने हवाई अड्डे की सड़क को अवरुद्ध कर दिया।

### कार्यकाल के 11 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने कहा

# नारीशक्ति की उपलब्धियां समाज और देश को गर्व से भर देती हैं

- मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 51 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया
- महिलाओं के बैंक खाते खोलकर उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे कर चुकी है। पीएम मोदी के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 51 सेकंड के एक वीडियो को पोस्ट कर बताया कि 11 वर्षों में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।

दूसरे पोस्ट में पीएम ने लिखा, "पिछले 11 वर्षों में एनडीए सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नए सिरे से परिभाषित किया है। स्वच्छ भारत के माध्यम से सम्मान सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों ने हमारी नारी शक्ति को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उज्ज्वला योजना ने कई घरों में धुआं रहित रसोई सुनिश्चित की। मुद्रा ऋणों ने लाखों महिला उद्यमियों को अपने सपनों को साकार करने में सक्षम बनाया। पीएम आवास योजना में महिलाओं के नाम पर घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन को प्रज्वलित किया। विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में, महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और कई लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

### पीएम मोदी की योजनाओं से बदली महिलाओं की तस्वीर



पीएम मोदी की ओर से उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई जा रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में इस वीडियो में बताया गया है। उज्ज्वला योजना के तहत लाखों महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले, जिससे उनकी सेहत और जीवनशैली में सुधार हुआ। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान ने लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आसान ऋण प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान स्वामित्व ने उनकी सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया। इन योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी योगदान दिया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वो दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।"

## राहुल अपनी कमियों को छिपाने के लिए झूठ गलत सूचना का सहारा ले रहे हैं: पीयूष

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपनी कमियों को छिपाने के लिए झूठ और गलत सूचना का सहारा लेने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया है कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ''लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट'' था। उन्होंने दावा किया है कि यह ''मैच फिक्सिंग'' अब बिहार में भी दोहरायी जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हार रही होगी। 'द इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित लेख में राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उसने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर लगातार चुनाव हारने के बाद हताशा में "विचित्र षड्यंत्र रचने" का आरोप लगाया। गोयल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी को अपनी कमियों को छिपाने के लिए झूठ और गलत सूचनाओं का सहारा लेना पड़ रहा है।

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का आरोप

## ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति कर रहे हैं कांग्रेस नेता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर पर कथित तौर पर राजनीति करने के लिए कांग्रेस नेताओं की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह मुद्दा देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

पत्रकारों से बात करते हुए पटेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा मामला है। कांग्रेस नेता इस विषय पर बेवजह राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब भारत का संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशी देशों के दौरे पर गया तो उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख के लिए व्यापक समर्थन मिला।

# आज का राशिफल

**मेष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते है। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृष :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेंगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेगा। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मिथुन :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है।

**कर्क :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग।

**सिंह :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ।

**कन्या :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृश्चिक :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पत्ति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

**धनु :** कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**मकर :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी।

**कुंभ :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मड्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

## बिहार चुनाव से पहले विवादास्पद यूट्यूबर मनीष कश्यप ने भाजपा छोड़ी

**पटना (आईएएनएस)**



बिहार में इस साल होने वाले चुनाव से पहले ही चर्चित यू-ट्यूबर मनीष कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने फेसबुक लाइव पर आकर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि "मैं अब भाजपा में नहीं हूं। मनीष कश्यप ने पिछले साल अप्रैल में भाजपा की सदस्यता ली थी। मनीष कश्यप ने फेसबुक लाइव आकर इसकी घोषणा करते हुए कहा, "मैं अपने गांव चनपटिया गया था, कई क्षेत्रों में गया, वहां पर लोगों से बात की है, उसके बाद मैंने यह निर्णय लिया है। मुझे बिहार के लिए लड़ना है, बिहारियों के लिए लड़ना है, यहां की समस्याओं के लिए लड़ना है।

उन्होंने आगे कहा कि पार्टी में रहकर भी मैंने बिहार की समस्याओं को उठाने की कोशिश की। अब मुझे लग रहा है कि पार्टी में रहकर मैं लोगों की आवाज को अच्छे से नहीं उठा पाऊंगा, इसलिए मैंने यह निर्णय लिया है। हालांकि इस निर्णय से कई लोग खुश भी होंगे, कई दुखी भी होंगे। इस निर्णय के लिए मुझे मजबूर किया गया। उन्होंने कहा, "कुछ नेता कहते थे कि मैं महत्वाकांक्षी हूं, लेकिन ऐसा होता तो 2024 का चुनाव लड़कर इनका खेल बिगाड़ता। मनीष कश्यप ने आगे कहा, "यहां रहकर मैं जब खुद की मदद नहीं कर पाया तो दूसरों की मदद क्या करता। अब निर्णय ले लिया। वैसे किसी न किसी प्लेटफॉर्म की तलाश रहेगी। यहां पर रहने का मतलब यह है कि आप उन भ्रष्टाचार पर पर्दा डालें जो आपकी आंखों के सामने आपके ही लोगों के साथ हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मेरी लड़ाई जारी रहेगी।"

## उत्तर पूर्वी दिल्ली में बच्ची की संदिग्ध मौत, दुष्कर्म का आरोप

**नई दिल्ली। एजेंसी**

उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में बकरीद के त्योहार के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक बच्ची जो अपने रिश्तेदार के घर बर्फ देने गई थी, रास्ते में लापता हो गई। परिजनों ने जब उसकी तलाश शुरू की तो वह एक फ्लैट की दूसरी मंजिल पर संदिग्ध हालत में मृत पाई गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, और पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। बच्ची के पिता ने मीडिया को बताया कि बच्ची अपनी ताई के घर बर्फ देने गई थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद पता चला कि एक व्यक्ति उसे अपने फ्लैट में ले गया था। जब परिजन फ्लैट पर पहुंचे तो मालिक ने बताया कि कमरा बंद है और चाबी उसके भाई के पास है।

### दिल्ली में मासूम की दर्दनाक मौत, पुलिस ने जांच शुरू की



बच्ची के निचले हिस्से में कपड़े नहीं थे और खून बह रहा था। उन्होंने कहा कि तुरंत बच्ची को पास के एक क्लीनिक में ले गए, जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर बताई और तत्काल अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन बच्ची को प्रवेश चंद्र हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को क जे में लेकर गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ था या नहीं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### क्या वाकई दूर हो गए गिले शिकवे?

## चार साल बाद मिले अशोक गहलोत और सचिन पायलट

**जोधपुर ।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जयपुर में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ पार्टी नेता अशोक गहलोत से मुलाकात की, जिसे उनके लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक संबंधों में संभावित सुधार के रूप में देखा जा रहा है। यह मुलाकात पायलट के पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम से पहले हुई है, जिनका 25 साल पहले एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। सचिन पायलट ने गहलोत को 11 जून को दौसा में आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि समारोह में आमंत्रित किया।

## कांग्रेस पार्टी झूठ और छल का खजाना है : चंद्रशेखर बावनकुले

**मुंबई (आईएएनएस)**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' का आरोप लगाने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व महाराष्ट्र सरकार में मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ और छल का खजाना है। महाराष्ट्र में साल 2024 के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग वाले आरोपों के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस ने 12 जून को मशाल यात्रा निकालने का फैसला किया है। इस पर चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, " लेकिन महाराष्ट्र की जनता अब समझ गई है कि राहुल गांधी और उनके समर्थकों का उद्देश्य केवल चुनाव के दौरान वोट हासिल करने के लिए गुमराह करना है।

## पटियाला में 5वां राष्ट्रीय योगासन जज कार्यक्रम पूरा



**पटियाला। एजेंसी**

जाब मैं 2 से 6 जून 2025 तक आयोजित-प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 जून को प्रतिष्ठित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएस एनआईएस), पटियाला, पंजाब में संपन्न हुआ। विश्व योगासन और योगासन भारत के महासचिव योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में योगासन भारत द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य महेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया की, प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति देखी गई, जिनमें शामिल हैं, रचित कौशिक, कोषाध्यक्ष, योगासन भारत और निदेशक, शिक्षा और प्रशिक्षण समिति डॉ. एम. निरंजना मूर्ति, उपाध्यक्ष, एशियाई योगासन, डॉ. सी.के. मिश्रा, मुख्य प्रशिक्षक, एनएस एनआईएस पटियाला, योगासन स्पोर्ट्स, अभिजीत बोस, उपाध्यक्ष, तमिलनाडु युवा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन,पंकज मजूमदार, राज्य सचिव, त्रिपुरा, विपनदीप, राज्य सचिव, पंजाब दयानिधि, राज्य सचिव, पुडुचेरी और अर्जुन तिवारी, तकनीकी निदेशक, पंजाब योगासन स्टेट बॉडी। भारत के 27 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 180 प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। पूरे भारत से दस विशेषज्ञ संसाधन व्यक्तियों ने प्रशिक्षण सत्रों के दौरान अपने बहुमूल्य ज्ञान और विशेषज्ञता का योगदान दिया।

# क्रिकेटर रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई हुई, रिंग पहनकर रो पड़ीं प्रिया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी लखनऊ के 'द सेंट्रम' होटल में हुई। रिंकू और प्रिया एक-दूसरे का हाथ पकड़कर हॉल में पहुंचे। स्टेज पर रिंकू ने प्रिया को रिंग पहनाई, तो वह भावुक हो गईं और फफक कर रो पड़ीं। रिंकू ने उन्हें संभाला। इसके बाद दोनों ने हाथ उठाकर प्यार का इजहार किया और सेरेमनी में आए लोगों को थैंक्यू कहा। इस दौरान प्रिया ने पिंक लहंगा पहना हुआ था, जबकि रिंकू व्हाइट शेरवानी में नजर आए। बैकग्राउंड में शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' का गाना ओ माही, ओ माही बज रहा था। रिंग सेरेमनी के बाद रिंकू और प्रिया ने केक काटा और एक-दूसरे को खिलाया। इससे पहले, रविवार सुबह रिंकू होटल में अपने परिवार के साथ ब्रेकफास्ट कर रहे थे, तभी प्रिया सरोज पहुंचीं। रिंकू ने उन्हें 'हैलो' कहा और वेटर से अपने रूम का एक्सेस कार्ड दिलवाया। प्रिया रिंकू के कमरे में गईं। वहां रिंकू का कोट-पैंट रखकर लौट आईं।

**प्रिया-रिंकू ने एक दूसरे को डिजाइनर रिंग पहनाई :** प्रिया ने रिंकू को कोलकाता से मंगवाई गई डिजाइनर रिंग पहनाई, जबकि रिंकू ने प्रिया को मुंबई से खरीदी गई डिजाइनर रिंग पहनाई। दोनों अंगूठियों की कीमत 2.5 लाख रुपए है। प्रिया का लहंगा दिल्ली की मशहूर फैशन डिजाइनर महिमा महाजन ने और रिंकू की शेरवानी मुंबई के एक डिजाइनर ने तैयार की।

## अखिलेश-डिंपल, जया बच्चन भी मौजूद रहीं



### 6 महीने बाद काशी के ताज होटल में होगी शादी

प्रिया सरोज और रिंकू सिंह की शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी के ताज होटल में होगी। आयोजन पारंपरिक और शाही अंदाज़ में किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसमें देशभर से राजनेता, क्रिकेट खिलाड़ी, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। शादी के लिए ताज होटल का पिकॉक लॉन और दरबार हॉल बुक कर लिया गया है। वीआईपी मेहमानों के ठहरने के लिए नदेसर पैलेस में कमरे आरक्षित किए गए हैं।

### अखिलेश सिंह समेत 300 वीआईपी गेस्ट शामिल हुए

रिंग सेरेमनी में अखिलेश यादव, डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल यादव, इकरा हसन समेत 300 वीआईपी गेस्ट शामिल हुए। अखिलेश ने दोनों के साथ फोटो खिंचवाई और काफी देर तक बातचीत की। समारोह में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व क्रिकेटर पीयूष चावला और प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा, गेंदबाज यश दयाल भी समारोह में पहुंचे, जिनकी गेंदों पर रिंकू ने लगातार 5 छक्के लगाकर क्रिकेट में स्टारडम हासिल किया था।

### अरसे बाद एक ही जगह नजर आया यादव परिवार का कुनबा

रिंग सेरेमनी में यादव परिवार का पूरा कुनबा एक ही जगह पर नजर आया। सबसे पहले राम गोपाल यादव होटल पहुंचे, इसके बाद शिवपाल, फिर अखिलेश, डिंपल और धर्मेंद्र यादव एक साथ पहुंचे। सैफई के अलावा, यह परिवार लखनऊ में लंबे समय बाद इकट्ठा हुआ। इससे पहले, मुलायम सिंह यादव जब मेदांता हॉस्पिटल में एडमिट थे, उस समय परिवार के सभी लोग एक साथ मौजूद थे।

# इंग्लैंड में भारतीय क्रिकेट टीम ने शुरू की ट्रेनिंग

**लंदन (आईएएनएस)**

ब्रिटेन पहुंचने के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम ने अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है। पांच मैचों की तैयारी के लिए युवा टीम ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लिया। इस टेस्ट सीरीज के साथ टीम इंडिया के लिए 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत भी हो जाएगी। यह सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए एक नए युग की शुरुआत का भी संकेत है, क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत का लक्ष्य 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतना है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर भारत के प्रशिक्षण सत्र की एक झलक साझा करते हुए कैप्शन लिखा, "इंग्लैंड में टीम इंडिया की लय में आने की पहली झलक। वीडियो में, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और



अर्शदीप सिंह नए कप्तान शुभमन गिल, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत के साथ प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल हुए।

ये एक कड़ा और तेज ट्रेनिंग सेशन था, जो लॉर्डस इंडोर क्रिकेट सेंटर में मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनकी कोचिंग टीम की निगरानी में हुआ। पांच मैचों की यह सीरीज 20 जून को लीड्स में शुरू होगी, जिसके बाद बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल क्रमशः सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए ओपनिंग की और नंबर तीन बल्लेबाज के तौर पर भी खेला है। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम पांच शतक और सात अर्द्धशतक शामिल हैं।

### भारत की टीम

शुबमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा. ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव


## नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एम्सटलवीन ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में पहले मैच में मिली हार से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। भारत ने शनिवार को पहले मैच में एक गोल की बढ़त गंवा दी और उसे ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

## पाकिस्तान ने अपने ही लीजेंड क्रिकेटर की मूर्ति बना दी गलत, हो रही फजीहत

**हैदराबाद । एजेंसी**

पाकिस्तान के महान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वसीम अकरम की मूर्ति, जिसे यहां नियाज स्टेडियम में रखा गया है, की आलोचना की जा रही है। मूर्ति में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को उनकी खास गेंदबाजी शैली में दिखाया गया है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान की ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप 1999 की जर्सी पहनी हुई है। मूर्ति का अनावरण अप्रैल 2025 में किया जाना था लेकिन आज सुबह ही यह प्रशंसकों के ध्यान का केंद्र बन गई, जब इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई जिसके बाद विश्व कप विजेता खिलाड़ी के चेहरे को लेकर प्रशंसक भड़क गए। एक यूजर ने एक्स पर लिखा, 'वसीम अकरम को सिल्वेस्टर स्टेलोन ने बनाया है।' एक



अन्य यूजर ने पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) की फ्रेंचाइजी कराची किंग्स के साथ अपने समय के दौरान अकरम की एक तस्वीर साझा की जिसमें दिग्गज अपनी टीम के प्रदर्शन से परेशान दिख रहे थे, जिसका कैप्शन था 'वसीम अकरम अभी।' कई यूजर्स ने मूर्ति को मीम्स में बदल दिया, वहीं एक यूजर ने पूर्व क्रिकेटर को इसे खुद अपडेट करने की सलाह दी।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को बढ़त इंग्लैंड में खेलने का ज्यादा अनुभव : आरोन फिंच

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

**डब्ल्यूटीसी फाइनल**

पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी को दक्षिण अफ्रीका पर थोड़ी बढ़त हासिल है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को इंग्लैंड में टेस्ट खेलने का ज्यादा अनुभव है। ये दोनों टीमें 11 से 15 जून के बीच लॉर्ड्स मैदान में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में आमने-सामने होंगी। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, "दोनों टीमों की गेंदबाजी बहुत ही मजबूत है। ऑस्ट्रेलिया के पास मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और स्कॉट बोलैंड जैसे गेंदबाज हैं। इनके साथ नाथन लायन भी हैं जो स्पिन गेंदबाज हैं।




दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के पास कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को जानसेन और केशव महाराज जैसे अच्छे गेंदबाज हैं। फिंच ने बताया कि दोनों टीमों की गेंदबाजी बराबरी की है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को थोड़ा फायदा इस वजह से है क्योंकि उनके गेंदबाज इंग्लैंड में ज़्यादा टेस्ट मैच खेल चुके हैं और वहां की पिचों को अच्छे से समझते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब भारत को हराकर जीता था।

तब पैट कमिंस टीम के कप्तान थे। उनके नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। खासकर जब ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद भारत को घरेलू मैदान पर 3-1 से हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी। साल 2023-25 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में ऑस्ट्रेलिया ने अब तक छह में से चार सीरीज जीत ली हैं।

## इंग्लैंड महिला टीम ने 61 रन से जीता अंतिम वनडे मैच वेस्टइंडीज को किया क्लीन स्वीप

**टॉन्टन ।** सेरा ग्लेन (तीन विकेट), एमिली आरलट (दो विकेट) के बाद कप्तान नेट सायबर ब्रंट (नाबाद 57) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड की महिला टीम ने शनिवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया। किआना जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाए। आलियाह एलेन ने (27), कप्तान शमेन कैंपबेल ने (18) रनों का योगदान दिया। जाहजरा क्लैक्सटन (11) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से सेरा ग्लेन ने तीन, एमिली आरलट ने दो विकेट लिए। केट क्रॉस, लॉरेन फाइलर और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# टीम इंडिया की दिव्यांग ब्रिगेड इंग्लैंड मिशन पर निकली, जयपुर में लगा कैंप

**जयपुर (आईएएनएस)**

भारतीय पुरुष मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 21 जून से शुरू होने वाली सात मैचों की टी20 सीरीज से पहले रविवार को जयपुर में अपना तैयारी प्रशिक्षण शिविर शुरू किया। मिक्स्ड डिसेबिलिटी वाइटैलिटी टी20 सीरीज 21 जून 2025 को टॉन्टन में शुरू होगी। सीरीज का समापन 3 जुलाई को ब्रिस्टल में सातवें टी20 के साथ होगा। जयपुर में प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी नेट पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास करेंगे। वह अपनी तकनीक और मैच जागरूकता को निखारेंगे। मुख्य कोच रोहित झालानी सहित कोच खिलाड़ियों को चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन करेंगे। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट




परिषद (डीसीसीआई) द्वारा आयोजित यह शिविर 8 से 13 जून तक जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। सभी चयनित खिलाड़ी जयपुर पहुंच चुके हैं और अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में शारीरिक फिटनेस, मैच की तैयारी और टीम तालमेल पर केंद्रित गहन सत्रों में भाग ले रहे हैं।

### टीम इस प्रकार है

रवींद्र गोपीनाथ सैंटे (कप्तान) (पीडी), वीरेंद्र सिंह (उप-कप्तान) (बधिर), राधिका प्रसाद (पीडी), राजेश इरप्पा कन्नूर (पीडी), योगेंद्र सिंह (विकेटकीपर), नरेंद्र मंगोरे (पीडी), विक्रांत रवींद्र केनी (पीडी), साई आकाश (बधिर), उमर अशरफ (बधिर), संजू शर्मा (बधिर), अभिषेक सिंह (बधिर), विवेक कुमार (बधिर), विकास गणेश कुमार (आईडी), प्रवीण नेलवाल (आईडी), ऋषभ जैन (आईडी), तरुण (आईडी), माजिद मगरे (पीडी) (रिजर्व), कुलदीप सिंह (बधिर) (रिजर्व), कृष्णा गौड़ा (बधिर) (रिजर्व), जितेंद्र नागराजू (पीडी) (रिजर्व)



# पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में कृषि क्षेत्र में आया बड़ा बदलाव, बजट पांच गुना बढ़ा, एमएसपी दोगुनी हुई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के कृषि क्षेत्र में बीते 11 वर्षों में बड़ा बदलाव आया है। एक तरफ कृषि क्षेत्र के लिए सरकार ने बजट को पांच गुना बढ़ाया है और दूसरी तरफ किसानों को उचित मूल्य देने के लिए गेहूं और धान जैसी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को दोगुना कर दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच वर्षों में कृषि क्षेत्र का बजट पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 1,37,664 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 27,663 करोड़ रुपए था। इससे कृषि क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और किसान कल्याण को बढ़ावा देने में मदद मिली है। इसके साथ ही मोदी सरकार बीते 11 वर्षों में किसानों के लिए एमएसपी को दोगुना करने में सफल रही है। गेहूं के लिए एमएसपी वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,425 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 1,400 रुपए प्रति क्विंटल थी। वहीं, धान के लिए एमएसपी वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,369 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 1,310 रुपए प्रति क्विंटल थी। 2014 और 2025 के बीच 14 खरीफ फसलों की खरीद 7,871 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक पहुंच गई, जबकि पिछले दशक में यह 4,679 एलएमटी थी। इसके अलावा सरकार के प्रयासों के कारण देश के खाद्य उत्पादन में बीते एक दशक में काफी प्रगति हुई है। खाद्य उत्पादन 2014-15 में 265.05 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 347.44 मिलियन टन हो गया है। इसमें चावल, गेहूं, दालें और तिलहन जैसे प्रमुख खाद्य उत्पाद शामिल हैं।

## नरेंद्र मोदी सरकार की कृषि नीति में पारदर्शिता और सशक्तिकरण का मेल, किसानों को मिला सीधा लाभ



जलवायु-अनुकूल और पोषण-समृद्ध फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे मोटे अनाज, दालों और तिलहनों के लिए उत्पादन में तेज वृद्धि देखी गई है। मोदी सरकार के केंद्र में किसानों का वित्तीय सशक्तिकरण रहा है। पीएम-किसान योजना के तहत, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ आय सहायता सुनिश्चित करते हुए 11 करोड़ से अधिक किसानों को सीधे 3.7 लाख करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। 7.71 करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं, जिससे 10 लाख करोड़ रुपए का ऋण किसानों में वितरित किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण सीमा 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

## एयरपोड्स में मिलेगा कैमरा कंट्रोल और स्लीप डिटेक्शन फीचर, आईफोन या आईपैड में मिलेगी सुविधा...

एपल अपने वायरलेस ईयरबड्स एयरपोड्स को और ज्यादा एडवांस करने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी एयरपोड्स में कैमरा कंट्रोल, स्लीप डिटेक्शन, नए हेड जेस्चर और एआई फीचर्स जोड़ने पर काम कर रही है। इन नए अपडेट्स की झलक डब्यूडब्यूडीसी 2025 में 9 जून को देखने को मिल सकती है। ऐप्पल अपने वायरलेस ईयरबड्स एयरपोड्स को और ज्यादा एडवांस करने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी एयरपोड्स में कैमरा कंट्रोल, स्लीप डिटेक्शन, नए हेड जेस्चर और आई फीचर्स जोड़ने पर काम कर रही है। इन नए अपडेट्स की झलक डब्यूडब्यूडीसी 2025 में 9 जून को देखने को मिल सकती है, हालांकि कुछ फीचर्स 2026 या उसके बाद रोलआउट हो सकते हैं।

साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि एप्पल एक ऐसे फीचर पर काम कर रहा है जिससे यूजर एयरपोड्स के जरिए आईफोन और आईपैड के कैमरा को कंट्रोल कर सकेंगे। उदाहरण के लिए यूजर स्टेम को टैप करके फोटो क्लिक कर सकते हैं या कैमरा मोड्स स्विच कर सकते हैं। ये फीचर आईफोन के कैमर ऐप और एयरपोड्स के बीच रियल टाइम इंटीग्रेशन के साथ जा सकता है। रिपोर्ट आगे बताती है कि स्लीप डिटेक्शन एयरपोड्स में आने वाला एक और स्मार्ट फीचर हो सकता है। इसके जरिए एयरपोड्स यूजर के सोने की अवस्था को डिटेक्ट कर सकेंगे और ऑडियो प्लेबैक को ऑटोमैटिक पॉज कर देंगे। ये भी कहा गया है कि ये फीचर एप्पल वॉच और हेल्थ एप्स से भी लिंक किया जा सकता है जिससे यूजर की नींद की क्वालिटी का ट्रैक बेहतर हो। ऐपल कथित तौर पर एयरपोड्स में नए जेस्चर सपोर्ट पर भी काम कर रहा है। इनमें सिर घुमाकर वॉल्यूम कम-ज्यादा करना जैसे ऑप्शन शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही एक नया स्टूडियो क्वालिटी वॉयस आइसोलेशन मोड भी टेस्ट किया जा रहा है जो कॉलिंग और रिकॉर्डिंग के दौरान बैकग्राउंड नॉइज को बेहतर तरीके से कम करेगा।



## देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहीं महिलाएं : सीतारमण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में महिलाएं देश में प्रगति की प्रमुख चालक के रूप में उभरी हैं और नरेंद्र मोदी सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। वित्त मंत्री ने 'सशक्त नारी के 11 वर्ष' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए 55.7 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं, जो जमीनी स्तर पर उनके सशक्तिकरण को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि देश भर में मुद्रा लोन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत



महिलाएं हैं। इन लोन ने लाखों महिलाओं को उद्यमी बनने और स्वतंत्र रूप से अपने सपनों को साकार करने में सक्षम बनाया है। वहीं, स्टार्ट-अप इंडिया उद्यमी योजना के तहत लाभ पाने वालों में से 74 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके अलावा, गरीबों के लिए पीएमएवाई (ग्रामीण) योजना के तहत 73 प्रतिशत घरों का स्वामित्व महिलाओं के पास है।

## श्रीनगर और कटरा के बीच वंदे भारत ट्रेन का वाणिज्यिक परिचालन शुरू

**जम्मू (आईएएनएस)।** उत्तर रेलवे ने श्रीनगर शहर और जम्मू-कश्मीर के कटरा शहर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन का वाणिज्यिक परिचालन शनिवार को शुरू हो गया, जिसे 6 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाई थी। यह रेल सेवा रियासी जिले के कटरा कस्बे को कश्मीर घाटी से जोड़ती है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर विस्तार कार्य पूरा होने के बाद इस साल सितंबर में जम्मू से घाटी तक रेल सेवा संचालित होगी। अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन को इस क्षेत्र में तापमान की चरम सीमाओं और मौसम की अनिश्चितताओं के अनुरूप बनाया गया है।

## भारत में तेजी से बढ़ रही इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री, मई में मार्केट शेयर 4 प्रतिशत के पार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश में कारों की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर 4 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जो कि पिछले साल 2.6 प्रतिशत थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) की ओर से जारी किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। इस साल मई में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की हिस्सेदारी कुल बिक्री में अप्रैल के 3.5 प्रतिशत की तुलना में 0.5 प्रतिशत बढ़ी है, जो दिखाता है कि ईवी तेजी से ग्राहकों के बीच में लोकप्रिय हो रही है। रिटेल डेटा के मुताबिक, मई में 12,304 इलेक्ट्रिक



कारें बेची गईं, जबकि मई 2024 में यह संख्या सिर्फ 8,029 यूनिट्स थी। इस साल अप्रैल में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 12,233 यूनिट्स रही थी। फाडा के सीईओ सहर्ष दमानी ने कहा, "यह हमारे उद्योग के इलेक्ट्रिफिकेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# चापाकल से लौह अयस्क युक्त पानी पीने को विवश हैं ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामनगर में सरकारी सार्वजनिक चापानल से लौह अयस्क युक्त पानी निकल रहा है। इस चापानल को काफी देर तक चलाने के बाद ही पीने अथवा नहाने लायक पानी मिल पाता है। ग्रामीण रामजन्म राम का कहना है कि दरअसल, काफी समय पहले मरम्मत के काम के दौरान लोहे का एक पाइप खुलकर अंदर गिर गया था। जो जंग खाकर पानी के साथ लौह अयस्क के रूप में निकलता है। अभी गर्मी के मौसम में पानी की जरूरत बढ गई है। ऐसे में अगर किसी को प्यास लगी हो, और इस चापानल पर पहुंचकर उसे जल्दी पानी नहीं मिल पाए, तो उसकी तड़प को महसूस किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गांव के कई घरों के साथ ही राहगीरों और अप और डाउन रूट की रेलवे मालगाड़ी के गार्ड और चालकों के पानी की जरूरत इसी चापानल से पूरी होती है। अक्सर जब मालगाड़ी खड़ी होती है, तो इस गांव के रेलवे लाइन के नजदीक स्थित होने की वजह से इसी चापानल पर पानी लेने गार्ड और चालक पहुंचते हैं। जिन्हें भी काफी मशक्कत करने के बाद ही पानी मिल पाता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को संबंधित विभाग को अवगत कराने बाद भी इस चापानल का रखरखाव नहीं होने से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होना टेढ़ी खीर बन गई है। इससे ग्रामीण निराश हैं। जबकि चालू मौसम में पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसे लेकर विभागीय स्तर पर विशेष तैयारी की बात सामने आई थी। मगर, धरातल पर क्या प्रभाव है, इस चापानल को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

# मजदूरों को काम से हटाने के नोटिस का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चमातू ग्राम के बरगद पेड़ के पास रविवार को चमातू रैयत चेतलाल रामदास के अध्यक्षता में भू रैयत एवं विस्थापितों की अहम बैठक हुआ. बैठक में मगध सीसीएल फेस 3 (चूमातू) विस्तारीकरण के दौरान सीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी भीपीआर द्वारा चमातू ग्राम के भूरैयतो से हुवे एग्रीमेंट पर विस्तार पूर्वक चर्चा होई .मौके पर विस्थापित रैयतों ने कहा कि भी पी आर आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा कहा गया है कि माइंस में गार्ड एवं ब्लास्टिंग आदि में जो ग्रामीण कार्य कर रहे हैं जिसे अगले महीना कार्य मुक्त कर दिया जाएगा. जिस पर ग्रामीण गहरा आक्रोश



जताते हुए विस्थापित चेतलाल रामदास,नागेश्वर साव आदि ने कहा है की भीपीआर कंपनी आज से 5 वर्ष पूर्व मगध सीसीएल फेस 3 विस्तारीकरण के दौरान हम ग्रामीणों के साथ हुए एग्रीमेंट में 200 लोगों को अलग से आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार, ट्रांसपोर्टिंग, लिफ्टिंग आदि कुल पांच बिंदु पर कंपनी ने एग्रीमेंट किया था जिस एग्रीमेंट के विरुद्ध अब आउटसोर्सिंग कंपनी जा रही है।

इसके अलावा सीसीएल ने नौकरी मुआवजा रोजगार आदि कुल 8 बिंदु पर ग्रामीणों से एग्रीमेंट किया था जिस एग्रीमेंट पर आउटसोर्सिंग कंपनी के अलावा मगध परियोजना पदाधिकारी एवं महाप्रबंधक का हस्ताक्षर भी किया गया है। विस्थापितों ने एक स्वर में कहा कि जो भी वादा की गई थी उसे अब तक पूरा नहीं किया गया है. अगर एग्रीमेंट के विरुद्ध भीपीआर कंपनी कार्य करती है तो इसका हम ग्रामीण कड़ा विरोध करेंगे और अपने हक अधिकार कले कर रहेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो चरणवद्ध आंदोलन करेंगे. मौके पर विस्थापित चेतलाल राम के अलावे चमातू ग्राम के विस्थापित भू रैयत सत्यनारायण साव त्रिवेणी साव खुशियाल साव विजय साव मुकेश साव विजय यादव हरिनंदन साव प्रदीप राम हिरामन साव कैलाश भुयाई शिवंदन साव जलेश्वर साव दसई साव रामानुज कुमार दिलेश्वर साव मोहन साव सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# सड़क लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी धराया

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली सटीक इनपुट पर जिले की छिपादोहर पुलिस ने सड़क लूटपाट करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. रविवार को छिपादोहर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने इसकी जानकारी दी. उन्होने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी की छिपादोहर थाना के तुंबागड़ा सड़क में रबदी पुल पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति जमा हो कर बड़ी घटना देने की योजना बना रहे हैं. इस सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व मे एक छापामारी टीम का गठन किया गया. छापामारी टीम ने उक्त स्थल पर छापामारी की. पुलिस को देख कर पांच-छह की संख्या में अपराधी वहां से भागने लगे. पुलिस ने खदेड़ कर एक अपराधी को गिरफ्तार किया.उसके पास से पुलिस ने देशी कट्टा एवं एक 8 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद किया है. पूछताछ में उक्त अपराधी ने अपना नाम चिंटू मिश्रा उर्फ सियाराम मिश्रा (22), पिता विजय मिश्रा, स्थायी पता ग्राम दुबे मरहटिया, जिला–थाना गढ़वा बताया. उसने अपना वर्तमान पता, भीमगढ़ा चियांकी, अतुल टेम्पु शोरूम के पास, जिला–थाना पलामू बताया. सख्ती से पूछताछ में उसने कबूला कि उन लोगों 10 से 12 लोगो का ग्रुप है।

# युवा कांग्रेस नेता ने किया मृतक के आश्रितों की मदद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रविवार को भंडरा प्रखंड के ग्राम धोबाली निवासी रूपइ उरांव पिता स्वर्गीय जवा उरांव,उम्र 15 वर्ष का सुबह 4 बजे फांसी के फंदे से लटका शव बरामद हुआ। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा थाना को दी तत्पश्चात शव को सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया। जिसकी सूचना पाकर लोहरदगा युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंच मामले की जानकारी ली एवं शव का पोस्टमार्टम करवाया एवं परिवारजनों से मिलकर ढांढस बंधाया एवं फ़ोन पर सीओ भंडरा से बात कर आश्रितों को राशन मुहैया कराने की बात कही और कहा इस दुख की घड़ी में हम दुःखित परिवार के साथ हैं और उन्हें हर संभव मदद करेंगे। मौके पर युवा उपाध्यक्ष असलम अंसारी, गुलशन उरांव, अंजली उरांव, कृष्णा उरांव आदि उपस्थित थे।

# पेज एक के शेष

## धरती आबा को...

धीरे-धीरे बिरसा मुंडा का ध्यान आदिवासी समुदाय की गरीबी की ओर गया। आदिवासियों का जीवन अभावों से भरा हुआ था। वे आदिवासियों को समस्याओं से मुकाबला करने के लिए शिक्षित करते और उन्हें धर्म एवं संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करते थे। लोग बिरसा मुंडा की कही बातों पर विश्वास करने लगे। धीरे-धीरे बिरसा मुंडा आदिवासियों के भगवान हो गए और उन्हें 'धरती आबा' कहा जाने लगा। उनकी बातों पर जनजातीय समुदाय के लोग विश्वास करते थे। और, यह बात अंग्रेजों के साथ-साथ बहुत से लोगों को खटकने लगी। साजिश रचकर बिरसा मुंडा को 03 मार्च 1900 को अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें रांची जेल में डाल दिया गया। किसी ने पैसे के लालच में उनके गुप्त ठिकाने के बारे में प्रसाशन को सबकुछ बता दिया था। उनके साथ पकड़े गए लगभग 400 लोगों को दोषी बनाया गया। 09 जून 1900 की सुबह उन्हें खूब उल्टी होने लगी। वे बंदीगृह में अचेत हो गए। डॉक्टर को बुलाया गया और उसने बिरसा मुंडा को मृत घोषित कर दिया। अंग्रेजों ने कहा कि उनकी मृत्यु हैजे से हुई। लेकिन, लोग मानते हैं कि अंग्रेजों ने उनके दातुन या पानी में विषैला पदार्थ मिला दिया था, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

## दलितों की उपेक्षा...

ऐसे में भाषा ठोका गलत निर्णय है। यहां कोई भी शिक्षक नागपुरी भाषा में नहीं है, तो बच्चे कैसे कुरुख और नागपुरी सीखेंगे। वीडी राम ने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुसूचित जातियों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, स्टैंड-अप इंडिया और आयुष्मान भारत। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से दलित वर्ग को सीधा लाभ मिला है, जबकि झारखंड सरकार इन वर्गों के विकास के लिए न कोई ठोस योजना चला रही है, न ही केंद्र से मिले फंड का सही उपयोग हो रहा है। सांसद वीडी राम ने राज्य सरकार से अनुसूचित जाति आयोग का गठन शीघ्र करने, शिक्षक पात्रता परीक्षा में सभी क्षेत्रों की भाषाओं को समान अवसर देने और पलामू-गढ़वा जैसे क्षेत्रों के साथ होने वाले भाषायी और सांस्कृतिक भेदभाव को समाप्त करने की मांग की।

## गुजरात कांग्रेस के...

एक कार्यक्रम आयोजित करते हैं और इस बार उन्होंने मुझे आमंत्रित किया। मैंने सुझाव दिया कि वे टैबलेट भी वितरित करें। उन्होंने माना और बच्चों को टैबलेट दिए। सोनी के पार्टी सहयोगियों का कहना है- 'सोनी को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वह कट्टर नेता हैं और पहले पार्टी के आईटी सेल के प्रभारी रह चुके हैं। वह हमारी टीवी बहस टीम का हिस्सा हैं और उनकी मौजूदगी से भाजपा सरकार को परेशानी हुई होगी। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2023 में उनके सोशल मीडिया पोस्ट के लिए भी उन पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा, 'हमने तय किया है कि पार्टी के सभी शीर्ष नेता राजेश सोनी के (कथित आपत्तिजनक) पोस्ट को फिर से पोस्ट करेंगे और फिर गिरफ्तारी देने के लिए डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) कार्यालय जाएंगे।' प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल और कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता अमित चावड़ा जैसे शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने सोनी के खिलाफ कार्रवाई की आलोचना की है।

## दर्दनाक हादसा : लातेहार...

दोनों महिलाओं को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण प्रशासन से मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा और नौकरी देने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि गाड़ियों के रफ्तार पर भी अंकुश लगाया जाए। घटना की सूचना मिलने के बाद नेतरहाट थाना प्रभारी और महुआडांड़ थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किए, परंतु ग्रामीण किसी की भी बात सुनने को तैयार नहीं थे। पुलिस अफसरों ने काफी समझा-बुझाकर लोगों को जाम हटाने पर राजी कराया। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर सरकार की ओर से मुआवजे के भुगतान का प्रावधान है। ग्रामीणों को सरकारी स्तर पर अविलंब औपचारिकताएं पूरी करने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गाड़ियों की तेज रफ्तार के कारण सड़क पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। पुलिस प्रशासन इसके रोकथाम को लेकर कोई भी सकारात्मक पहल नहीं कर रही है।

## गुमला के चैनपुर...

जहां कहा-सुनी के बाद छोटू और बुधराम ने मिलकर सुखदेव मुंडा की हत्या कर शव को मनरेगा गड्ढे में छिपा दिया। जब परिजन तलाश में जुटे, तो शक के आधार पर बुधराम और छोटू से पूछताछ की गई। ग्रामीणों की सख्ती के बाद दोनों ने हत्या की बात कबूल की। इसके बाद गुस्से में आकर शनिवार को सुखदेव मुंडा की बेटी जातरी मुंडा ने लाठी से बुधराम पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। रविवार को जातरी मुंडा ने पूरे मामले की जानकारी चैनपुर थाना को दी, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी छोटू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि चैनपुर क्षेत्र में नशे और अंधविश्वास के कारण हत्या जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। सरकार और एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति और जागरूकता अभियानों का असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा है। खुलेआम शराब की बिक्री और युवाओं की लत इलाके को हिंसक बना रही है।

## पेसा कानून लागू...

ऐसे में अधिकारों को बचाने की जिम्मेदारी भी इन दोनों समुदाय में सबसे ज्यादा है। डॉ योगेश प्रजापति ने कहा कि सदानों के विकास के लिए राज्य में आज तक कोई नीति नहीं बनाई गई। डॉ संजय सारंगी ने कहा कि सदानों को पार्टी की बात छोड़कर अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा।बैठक में विशाल सिंह, मुरारी गुप्ता, विशाल साहू, मोहित कुमार, मुकेश सिंह, अमित साहू, राजू पासवान, अंकित राम, राज वर्मा, अर्पित राम, सहदेव साहू, आलोक राज आदि उपस्थित थे।

# चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी

- लटपौरी में लाल बिंदी लगाकर दिए गए संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के 6 वें चरण के अंतिम दौर में इसे सफल बनाने की दिशा में जागरूकता परवान चढ गया है। मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर महिलाओं और किशोरियों में उत्साह देखने को मिल रही है। लटपौरी पंचायत की जलसहियाओं और सखी मंडल की दीदीयों ने हथेली पर लाल बिंदी लगाकर रेड डॉट चैलेंज का संदेश दिए। इससे मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। गांव की गलियों में छोटे-छोटे समूह में विचार विमर्श होने लगे हैं। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि अभियान को सफल बनाने को लेकर मुखिया उमेश राम और उपमुखिया शशि देवी की कोशिश से परिवार और समुदाय में इसे लेकर फैली भ्रांतियों और मिथक को तोड़ने, अपशिष्ट के उचित निपटान और भष्मक के उपयोग के प्रति सजगता बढी है। इसे लेकर जलसहिया और सखी मंडल की दीदीयां परिवारिक और सामाजिक दायित्व को पूरा कर स्वस्थ एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण के निर्माण में कर्त्तव्य का ईमानदारी के साथ निर्वहन कर रही हैं। मुखिया ने कहा कि इस अभियान को घर-घर पहुंचाने को लेकर जलसहिया सोना,मंजु, मीना,पूनम और उर्मिला देवी, स्वास्थ्य सहिया अनीता देवी और जेएसएलपीएस की एफएल सीआरपी पूनम कुमारी सखी मंडल की दीदीयों के साथ समन्वय स्थापित कर मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का माहौल बनाने में जुटी हैं।

# कांग्रेस प्रभारी के राजू 10 को लातेहार में, तैयारी शुरू

**लातेहार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत आगामी 10 जून को लातेहार में झारखंड प्रभारी के राजू झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार जिला प्रभारी सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू का लातेहार आगमन हो रहा है। वहीं मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी इस कार्यक्रम का उपस्थित रहेंगे। इसे देखते हुए पार्टी स्तर पर उनके स्वागत को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि 10 जून को 10 बजे इन दिग्गज नेताओं का लातेहार में आगमन होगा। इसके बाद जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष गूँजर उरांव अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है।

# विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा निकाला गया पथ संचलन




**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय की सड़कों पर रविवार को सुबह हजारों की संख्या में विरांगनाएं उतरी और अपनी शक्ति को प्रदर्शित किया।इस दौरान उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के करतब दिखाए गए। इसे देख लोग भी अचंभित रह गए और उनके मुह से बरबस निकल पड़ा ये हैं हमारे श्रृष्टि रचईता।आपको जानकारी हो कि सरस्वती विद्या मंदिर में पिछले एक सप्ताह से विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा शौर्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।इसी के नीमित रविवार को शौर्य प्रशिक्षण के अंतिम दिन विद्यालय परिसर से पथ संचलन गाजे बाजे के साथ निकाला गया। जो शहर भ्रमण के उपरांत पुनः विद्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई। मौके पर अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि इसका उद्देश्य पूरे विश्व को शांति को शांति का संदेश देना है। हमारा देश मातृ प्रधान होने के साथ साथ नारी शक्ति का सम्मान देने वाला देश है।मौके पर विहिप संरक्षक रामनाथ अग्रवाल ,अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल ,जिला मंत्री संजय तिवारी ,निर्मल महलका ,नितेश यादव समेत विहिप के पदाधिकारी कार्यकर्ता दुर्गावाहिनी की बहने सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य आचार्य समेत बड़ी संख्या मे स्कूली बच्चे शामिल थे।

# पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम जांच अभियान

**बालूमाथ।** आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से बालूमाथ बसिया पिकेट पुलिस द्वारा रविवार को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बसिया पिकेट के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया. जहां आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की गई. इस जांच अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया, चारपहिया तथा भारी वाहनों को रोककर उनके कागजातों की गहनता से जांच की. इसके साथ ही सुरक्षा मानकों जैसे हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया. बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे. उन्होंने कहा कि जांच अभियान में नियम विरुद्ध ड्राइविंग व अन्य विसंगतियों पाए जाने पर जिला परिवहन विभाग को जुर्माना व अन्य अग्रतर कार्रवाई के लिए फोटो उपलब्ध कराया जा रहा है. एएसआई देव मंगल सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने सक्रियता के साथ वाहनों की जांच की. पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने स्पष्ट संकेत दिया है कि जिले में शांति और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# हरही नदी को अतिक्रमण मुक्त कर सुदंरीकरण कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के सटे हरही नदी को अतिक्रमण मुक्त व सुंदरीकरण की मांग समाजिक कार्यकर्ता सैयद जक्की हुसैन रिजवी उर्फ शम्मू हुसैन ने उपायुक्त पलामू से की है। जिसमें कहा गया है कि शहर से सटे हरही नदी की गहरीकरण, सुंदरीकरण करने की जरूरत है। ताकि जल संचयन किया जा सकें। जो शहर के लिये काफी लाभकारी साबित होगा। इस नदी का अस्तित्व मिटता जा रहा है। नक्सा के अनुरूप इस नदी को बचाने की दिशा में पहल करने की मांग की गयी थी। इसकी प्रतिलिपि झारखंड सरकार के स्वच्छता व पेयजल मंत्री व पलामू उपायुक्त को भी दी गयी थी। इसके बाद भी नापी व निरीक्षण करने के बाद आगे इस पर कोई प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पहल नहीं किया गया। जबकि पूर्व में ज्ञापन देने वालों में निवर्तमान पार्षद नजीर अहमद, विक्टर वेंगरा, प्रदीप पटेल, शक्ति पासवान आदि युवा मौजूद थे। उन्होंने जल संचय की दिशा में हुसैनाबाद के युवाओं से भी इस मुद्दे पर आगे आने का आह्वान किया गया है।

# आईटीआई के पीछे दस दिनों बाद भी जल जमाव का नहीं हुआ निदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो व तीन वार्डों में हुसैनाबाद आईटीआई के पीछे जर्जर सड़क पर बने गढ्ढे में नाली का गंदे पानी को हटाने व कीचड़ की सफाई दस दिन बाद भी नहीं होने से क्षेत्र के स्कूली बच्चे व राहगीरों की परेशानी काफी बढ़ गई हैं। समाजिक कार्यकर्ता नजीर अहमद उर्फ मिथुन ने पलामू उपायुक्त से इसकी निराकरण कराकर पहल कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि नाली के पानी जमा होने से राहगीरों व स्कूलों के बच्चे को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। मालूम हो कि इस क्षेत्र मे दो- दो प्राईवेट स्कूल हैं, इसके बाद भी इस जनसमस्याओं पर गंभीरता से नहीं लिया गया। इस संबंध में वार्ड तीन के पूर्व पार्षद राजेन्द्र पाल ने भी कार्यपालक पदाधिकारी को भी कई बार लिखित रूप में जानकारी देने की बात कही है। इसके बावजूद इसका समाधान नहीं किया गया है। उनका कहना है कि शहरी क्षेत्र केवल नाम का ही रह गया हैं,इसकी स्थिति तो ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर हो गई हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्रों में साल मे एक बार भी सफाई नहीं होती हैं। परंतु शहरवासियों को टैक्स के नाम पर दोहन व शोषण किया जा रहा है और सुविधाओं की स्थिति बिल्कुल नगण्य हैं।बारिश होने के बाद तो शहर की स्थिति और भी खराब हो जाती है। अभी नगर पंचायत में मात्र 16 वार्ड हैं। जिसमें आधे से कम वार्डों में ही नियमित सफाई हो पाती हैं।अन्य वार्ड में कोई देखने वाला भी नहीं है। कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने कहा कि उक्त सड़क पर नाली का गंदे पानी सड़कों पर बह रहा हैं। इससे परेशानी से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। परंतु बरसात के पूर्व इस समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने उक्त नाली के पानी को शीघ्र हटाकर पहल करने को कहा है।

# किसानों के बीच किया गया जीराफूल धान के बीज का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले के महुआडांड़ क्षेत्र में जीराफूल धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास शुरू कर दी है. उपायुक्त के निर्देश पर महुआडांड़ प्रखंड में जीराफूल धान खेती बढ़ावा देने के लिए फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से कृषकों के बीच जीराफूल धान बीज वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया.बता दें कि उपायुक्त के पहल पर चालू वर्ष 2025-26 में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 1500 एकड़ में जीराफूल धान की खेती प्रस्तावित है. कृषकों के साथ जेएसएलपीएस, फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी एवं कृषि विभाग के समन्वय स्थापित कर कार्य किया जा रहा है. जीराफूल धान की खेती के लिए एक किसान को 20 किलोग्राम जीराफूल धान फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से 52 रूपये के दर से उपलब्ध कराया जा रहा है. फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी के पास आठ हजार किलोग्राम जीराफूल धान बीज उपलब्ध है।

# संभावित प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर उपभोक्ताओं को चालू माह में ही मिल रहा राशन

- 15 तक जून-जुलाई और 16 से 30 अगस्त का राशन वितरण सुनिश्चित करने का सरकार का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्र सरकार ने सभी कार्डधारक को चालू माह में 15 तक जून-जुलाई और 16 से 30 तक अगस्त का राशन वितरण सुनिश्चित करने का आदेश दिए हैं। बताया गया कि इस आदेश के तहत प्राकृतिक आपदा यथा-मॉनसून और बाढ के संभावित खतरों के मद्देनजर राज्य सरकार ने इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिए हैं। इसे सुनिश्चित करने के लिए सभी खासकर, पंचायत प्रतिनिधियों को उनके इलाके के सभी राशन कार्ड धारी को इसकी सूचना देने का आग्रह विभागीय स्तर से किया गया है। इसमें यह बताने को कहा गया है कि सभी कार्डधारक को चालू माह में तीन महीने का राशन एडवांस में मिलेगा।

जिसके लिए उक्त तारीख तय कर दी गई है। इस तरह से जून माह में कुल मिला कर 3 महीने का राशन कार्ड धारी को डीलर को देना है। इसे लेकर सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने पंचायत में इसका व्यापक प्रचार करेंगे। राशन कार्ड धारी के साथ कोई धोखाघड़ी नहीं हो, इसके लिए समय-समय पर डीलर के दुकान पर जरूर जाने की हिदायत भी दी गई है। सभी राशन कार्ड धारी को भी इस सूचना को ध्यान में रखते हुए इलाके में इसका प्रचार करने की सलाह दी गई है। साथ ही डीलर की दुकान पर जाकर राशन वितरण संबंधित जानकारी प्राप्त करने और इसमें किसी भी प्रकार की समस्या पर निकटतम अधिकारी अथवा पंचायत प्रतिनिधि को शिकायत करने को कहा गया है।



### 30 तक ई-केवाईसी भी जरूरी

इसके साथ ही उन्होंने शेष बचे कार्डधारकों का 30 जून तक ई-केवाईसी करना भी सुनिश्चित करने का निर्देश डीलरों को दिया है। उन्होंने बताया परिवार के जिस किसी भी सदस्य का ई-केवाईसी नहीं हो पाएंगे उनका आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के स्वदेश लौटने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा

# आतंकवाद के खिलाफ भारत-यूरोप साथ

## पाकिस्तान की भूमिका पर प्रकाश डाला गया, प्रवासी, थिंक-टैंक शामिल हुए

प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद के अधिकारियों, विदेश नीति और रक्षा समिति के प्रमुख सदस्यों और कोनराड एडेनॉयर स्टिफ्टंग (केएएस) जैसे प्रमुख थिंक-टैंक से भी मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत बहुपक्षीय प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की और आतंकवाद, रक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर गहन सहयोग की संभावना तलाशी।



**नई दिल्ली । एजेंसी**

राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहाः "भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल छह यूरोपीय देशों के राजनयिक दौरे के बाद रविवार को दिल्ली लौटा, इस दौरान सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया और पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अपने समकक्षों को जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहाः "भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विदेशी देशों में काफी गुस्सा है और सभी देशों ने इसकी निंदा की है। हम यूरोपीय संसद भी गए। भारतीय समुदाय हमसे मिलने के लिए बहुत उत्साहित था। भारत और यूरोप के बीच एक नया रिश्ता स्थापित होने जा रहा है। यह एक बहुत ही संतोषजनक यात्रा थी।

बर्लिन में प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और बुंडेस्टैग के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर सहित जर्मनी के शीर्ष सरकारी और संसदीय नेताओं से मुलाकात की। सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति और सीमा पार हमलों के प्रति इसके सैद्धांतिक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने पहलगाम की घटना के जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की गैर-उग्र, सटीक और जिम्मेदार प्रकृति पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहाः "हमने यूरोप के छह देशों का दौरा किया और हमें पता चला कि पूरा यूरोप एक नई आर्थिक व्यवस्था में आने की कोशिश कर रहा है और हर देश ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। हमने यह संदेश दिया है कि अगर सीमा पर कोई आतंकवादी गतिविधि देखी जाती है, तो उसका जवाब अलग होगा। हमने किसी देश से मध्यस्थता की मांग नहीं की।

जर्मनी में भारतीय दूतावास के एक बयान के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है जिसका सामना एकजुट वैश्विक प्रतिक्रिया से किया जाना चाहिए। जर्मन वार्ताकारों ने चर्चा का स्वागत किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की।

### पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर ने नियंत्रण रेखा पर अग्रिम चौकियों का दौरा किया


**करांची ।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने शनिवार



को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अग्रिम चौकियों का दौरा किया और सैनिकों से बातचीत की। सेना ने एक बयान में कहा कि बातचीत के दौरान जनरल मुनीर ने सैनिकों के उच्च मनोबल, परिचालन तैयारियों और सतर्कता की सराहना की। सेना ने एक बयान में कहा कि बातचीत के दौरान जनरल मुनीर ने सैनिकों के उच्च मनोबल, परिचालन तैयारियों और सतर्कता की सराहना की।

### कनाडा में पत्रकार पर खालिस्तानियों का हमला

**कनाडा ।** कनाडा में रविवार को खालिस्तानी समर्थक ने एक पत्रकार



मोचा बेजिरगन पर हमला कर दिया। जो पिछले एक साल से उनका पीछा कर रहा था और उसकी गतिविधियों पर ऑनलाइन निगरानी कर रहा था। मोचा ने बताया कि यह हमलावर ब्रिटेन का नागरिक है। साथ ही लंबे समय से मोचा को परेशान कर रहा था और उसके खिलाफ गंदी भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा था। मोचा पिछले एक साल से कनाडा, अमेरिका, यूके और न्यूजीलैंड में खालिस्तानी प्रदर्शनों को कवर कर रहे हैं।

# इजरायल के नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर है संकट!

### युद्ध का माताओं व सैनिकों पर पड़ रहा गंभीर असर

**जेरूसलम पोस्ट**

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली ।** चल रहे युद्ध के कारण इजरायल एक अभूतपूर्व मानसिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। एकत्रित डेटा एक गंभीर तस्वीर पेश करता है - एक तिहाई महिलाएं वर्तमान युद्ध के दौरान प्रसवोत्तर अवसाद का अनुभव करने की रिपोर्ट करती हैं, साथ ही आईडीएफ आईडीएफ सैनिकों में पीटीएसडी के मामलों में तेज वृद्धि हुई है। इज़राइल में 862 महिलाओं के एक हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई। साथ ही, तेल अवीव विश्वविद्यालय के शोध से संकेत मिलता है कि लगभग 12% रिजर्व सैनिक कई पीटीएसडी लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं - नियमित सेवा के दौरान देखे गए 4%-6% की तुलना में एक नाटकीय वृद्धि, और छुट्टी के छह महीने बाद मापे गए 8% से दोगुना से भी अधिक। ये दो अलग-अलग संकट नहीं हैं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकट है जिस पर तत्काल, व्यवस्थित ध्यान देने की आवश्यकता है। नई माताओं और सैनिकों के संकट के बीच संबंध कोई संयोग नहीं है। राष्ट्रीय आघात हम सभी को प्रभावित करता है, लेकिन यह विशेष रूप से कमजोर आबादी को नुकसान पहुंचाता है। डेटा विशेष रूप से चिंताजनक हैः 34% महिलाओं ने पीटीएसडी के लक्षणों की सूचना दी, 62% युद्ध से संबंधित दुःस्वप्नों से पीड़ित हैं; 69% सक्रिय रूप से युद्ध से संबंधित विचारों से बचती हैं; 73% लगातार तनाव में रहती हैं या आसानी से चौंक जाती हैं; 40% लोगों और अपने परिवेश से अलग-थलग महसूस करती हैं; और 17% युद्ध की घटनाओं से संबंधित अपराध बोध का अनुभव करती हैं। समवर्ती रूप से, रिजर्व सैनिकों को सीधे दर्दनाक युद्ध के मैदान के अनुभवों के संपर्क में आना पड़ा है। दोनों समूहों के लिए सामान्य बात राज्य प्रणालियों से पर्याप्त और अनुरूप प्रतिक्रिया की कमी है। युद्ध से पहले भी, हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनाव में थी अब, यह दबाव में झुक रही है। मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी है, उपचार के लिए प्रतीक्षा समय बढ़ रहा है, और संसाधन कम हैं। इस उपेक्षा की मानवीय कीमत विनाशकारी हो सकती है - अध्ययनों से पता चलता है कि उचित उपचार के बिना, प्रसवोत्तर अवसाद और पीटीएसडी जैसी स्थितियाँ जीर्ण हो सकती हैं और यहाँ तक कि भावी पीढ़ियों को भी प्रभावित कर सकती हैं।

राज्य को क्या करना चाहिए? सबसे पहले, इसे एक राष्ट्रीय आपातकाल के रूप में पहचानना चाहिए जिसके लिए एक व्यापक योजना की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए महत्वपूर्ण संसाधन आवंटित किए जाने चाहिए, जिसमें उच्च जोखिम वाली आबादी पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। अधिक आघात देखभाल पेशेवरों की भर्ती और प्रशिक्षण किया जाना चाहिए, और समर्पित उपचार कार्यक्रम स्थापित किए जाने चाहिए।दूसरा, उपचार में आने वाली बाधाओं को समाप्त किया जाना चाहिएः कलंक को कम करना, पहुँच में सुधार करना, और यह सुनिश्चित करना कि युद्ध से प्रभावित लोगों के लिए उपचार मुफ़्त है। प्रतिक्रियाओं को विभिन्न समूहों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाना चाहिए - उदाहरण के लिए, नई माताओं और सैनिकों के लिए विशेष उपचार मॉडल पेश करना। अंत में, जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षा जाल के रूप में काम करने के लिए मजबूत सामुदायिक सहायता प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। साक्ष्य बताते हैं कि आघात से निपटने में सामाजिक समर्थन एक महत्वपूर्ण सुरक्षात्मक कारक है।युद्ध किसी दिन समाप्त हो जाएगा, लेकिन इसके भावनात्मक निशान सालों तक रह सकते हैं। हमारी आबादी के मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करना कोई विलासिता नहीं है - यह इजरायली समाज के लचीलेपन और भविष्य के लिए एक रणनीतिक आवश्यकता है।


**(लेखक बेनाफशेनु – इजरायली मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सहायता केंद्र के निदेशक मंडल के अध्यक्ष हैं, जिसकी स्थापना अमचा ने की थी)**

### कीव के एयरबेस पर हमले के कुछ दिनों बाद रूस का सबसे बड़ा अटैक

**कीव ।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि मलबे को हटाने और मलबे में फंसे पीड़ितों को बचाने के लिए कई क्षेत्रों में आपातकालीन अभियान चलाए जा रहे हैं। ज़ेलेंस्की ने एक बयान में कहा रूसियों ने 400 से ज़्यादा ड्रोन और 40 से ज़्यादा मिसाइलें दागीं। 80 लोग घायल हुए हैं और कुछ अभी भी मलबे के नीचे हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि रूस अपने हमलों के प्रति वैश्विक उदासीनता का फ़ायदा उठाना जारी रखता है। रूस ने यूक्रेन पर 400 से अधिक ड्रोन और 40 मिसाइलें दागीं, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए और लगभग 80 घायल हो गए।

### कोलंबिया : राष्ट्रपति उम्मीदवार को नाबालिग ने सिर में गोली मारी

**कनाडा ।** कनाडा में रविवार को खालिस्तानी समर्थकों ने एक



पत्रकार मोचा बेजिरगन पर हमला कर दिया। जो पिछले एक साल से उनका पीछा कर रहा था और उसकी गतिविधियों पर ऑनलाइन निगरानी कर रहा था। मोचा ने बताया कि यह हमलावर ब्रिटेन का नागरिक है। साथ ही लंबे समय से मोचा को परेशान कर रहा था और उसके खिलाफ गंदी भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा था।

### प्रतिस्पर्धा और अहंकार के बीच यह झगड़ा अपरिहार्य था!

# आखिरकार शुरू हो ही गया ट्रंप-मस्क झगड़ा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** जब से दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति, एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति अभियान के पीछे अपना वित्तीय वजन डाला और एक रैली मंच पर उम्मीदवार के पीछे मूर्खतापूर्ण तरीके से उछलते हुए दिखाई दिए, तब से राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने सोचा है कि दोनों पुरुषों के बीच अपरिहार्य झगड़े का कारण क्या होगा।क्या यह प्रतिस्पर्धात्मक अहंकार का मामला होगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति दूसरे की शक्ति और प्रभाव से नाराज़ होगा? क्या यह संस्कृतियों के टकराव का मामला होगा, जिसमें ट्रंप की गंदगी मस्क की सिलिकॉन वैली की खौफनाक छवि के विपरीत होगी? क्या यह एक वैचारिक टकराव होगा, जिसमें ट्रंप के घटते आंतरिक घेरे के पैलियोकॉन राष्ट्रवादी मस्क के किशोर डोगे हैकर्स और महानगरीय तकनीकी-प्रतिक्रियावादियों के कैडर के खिलाफ हो जाएंगे? यह सब तो होना ही था। ट्रंप, आखिरकार, सौहार्दपूर्ण गठबंधन बनाए रखने की अपनी क्षमता के लिए नहीं जाने जाते हैं - यहां तक कि उन लोगों के साथ भी नहीं जो मस्क की तरह उपयोगी रहे हैं। ट्रंप का पहला कार्यकाल, उनके राष्ट्रपति बनने से पहले के करियर की तो बात ही छोड़िए, खराब गठबंधनों, एक समय के साझेदारों के खिलाफ सार्वजनिक विरोध और कर्मचारियों और सलाहकारों के संक्षिप्त, विनाशकारी कार्यकालों से चिह्नित था, जो जल्दी ही नाराज होकर चले गए। इस बीच, मस्क अपने असामान्य रूप से घृणित व्यक्तित्व, एक प्रबंधन शैली जिसे व्यंजनापूर्ण रूप से "मर्क्युरी" कहा जाता है, और अपने स्वयं के बढ़ते अनियमित व्यवहार के लिए जाने जाते हैं, जिसमें उनके बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं के हरम के साथ टकराव, कथित रूप से समस्याग्रस्त और बढ़ती हुई नशीली दवाओं की आदत और मूत्राशय की समस्याओं की अफवाह शामिल है। यह सिर्फ इतना ही नहीं है कि ये बहुत होशियार लोग नहीं हैं; ऐसा है कि वे ऐसे लोग हैं जिनकी शक्ति और धन ने उनके अहंकार को इस हद तक बढ़ा दिया है कि वे अब स्थिर नहीं हैं, या विशेष रूप से कार्यात्मक भी नहीं हैं। वे काफी दुखद मामले होते यदि उनके व्यक्तिगत ह्रास के विश्व-ऐतिहासिक परिणाम न होते; यदि वे केवल खुद को चोट पहुँचाते और दूसरों के लिए इतना अनावश्यक दुख पैदा नहीं करते। जैसा कि है, ये लोग एक-दूसरे के खिलाफ होने के लिए बाध्य थे और उनकी अपरिहार्य लड़ाई रिपब्लिकन पार्टी को पुनः उन्मुख करने के लिए बाध्य थी - नए मीडिया प्रकारों, मैनोस्फीयर प्रभावों और धन के अस्थिर गठबंधन पर संदेह पैदा करना, जिसने उन्हें 2024 में जीत दिलाई थी। जब आखिरकार यह इस गुरुवार को हुआ - ट्रंप और मस्क ने अपने-अपने मालिकाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्रुथ सोशल और एक्स पर एक-दूसरे के खिलाफ तेजी से शत्रुतापूर्ण अपशब्द पोस्ट किए - तो लड़ाई काफी हद तक पैसे को लेकर थी। अपनी ओर से, मस्क ने कई पोस्ट शुरू किए, जिसमें उन्होंने दावा किया कि सरकार की एपस्टीन फाइलों में ट्रंप का नाम था - "यही असली कारण है कि उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है," उन्होंने कहा - और ट्रंप को पद से हटाने के लिए ट्वीट को फिर से पोस्ट किया। मस्क ने रिपब्लिकन की 2024 की जीत का श्रेय लिया, और ट्रंप को "कृतघ्न" कहा। टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई। जल्द ही विभिन्न दक्षिणपंथी मीडिया और ट्रंप-दुनिया के लोग इस कार्रवाई में शामिल होने लगे, ट्रंप या मस्क के पीछे खड़े हो गए, उन बच्चों की तरह, जिनके माता-पिता तलाक ले रहे हैं।



यह डेमोक्रेट्स के लिए प्रस्तुत करता है एक अनूठा अवसर

कुछ हफ़्ते पहले ट्रंप मस्क से नाराज़ हो गए थे, जब यह स्पष्ट हो गया कि डोगे, मस्क का उन्मत्त और आक्रामक अतिरिक्त-कानूनी, लागत-कटौती उद्यम जिसने अरबपति के स्वतंत्रतावादी विश्व दृष्टिकोण की खोज में संघीय नौकरशाही को खत्म करने की कोशिश की थी, अव्यवस्थित, अक्षम और सबसे बढ़कर, बेहद अलोकप्रिय था।

इस बीच, मस्क ट्रंप के व्यापार युद्ध से नाराज थे, जिसने उनकी कंपनियों के मूल्य को खतरे में डाला था, और ट्रंप के घरेलू नीति बिल से, जिसने इलेक्ट्रिक कारों के लिए संघीय सब्सिडी में कटौती की थी, जिससे मस्क की ऑटो कंपनी टेस्ला को फायदा हुआ था। अपने हिस्से के लिए, मस्क के पास हमेशा ट्रंप खेमे के भीतर दुश्मन रहे हैंः दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी स्टीव बैनन, वास्तव में हमेशा दक्षिण अफ्रीकी अरबपति से नफरत करते थे, भले ही वे कुछ हाथ के इशारों के प्रति प्रेम साझा करते हों। मस्क के बारे में अप्रिय लीक प्रेस में आने लगे, जिनमें से कुछ उन्हें शर्मिंदा करने के इरादे से प्रतीत हुए। मस्क ने ट्रंप प्रशासन से अपने प्रस्थान की घोषणा करते हुए एक मीडिया टूर शुरू किया और ट्रंप प्रशासन के साथ अपनी निराशा और व्यापक वाशिंगटन विरोधी शिकायत का संकेत दिया। उन्होंने राष्ट्रपति के बिल के लिए अपनी नापसंदगी के बारे में पोस्ट करना शुरू कर दिया।यह झगड़ा रिपब्लिकन राजनेताओं के लिए नए दबाव बनाता है, जिन्हें अब मस्क को नाराज करने के बीच चयन करना होगा, जिनके पैसे से उनमें से किसी को भी मुख्य चुनौती दी जा सकती है, और ट्रंप को भड़काना होगा, जिनकी स्वीकृति उनके राजनीतिक करियर को बना या बिगाड़ सकती है। और यह डेमोक्रेट्स के लिए एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है, जिनके पास अब ट्रंप बिल को खत्म करने, रिपब्लिकन गठबंधन में अस्थिरता और मेगा गठबंधन के भीतर दरार को चौड़ा करने और अपने मतदाताओं को यह याद दिलाने का अभूतपूर्व अवसर है कि ट्रंप शासन न केवल भ्रष्ट है, बल्कि अक्षम भी है - द्वेषपूर्ण, क्षुद्र और सरकार को लूटने और अरबपति वर्ग को और समृद्ध करने के लिए लोगों को वंचित करने की साझा इच्छा के अलावा किसी भी चीज पर सहमत होने में असमर्थ है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के सामने डेमोक्रेट लंबे समय से फीके और अनिश्चित रहे हैं, बंदूक से डरने वाले और आसानी से डरने वाले पार्टी नेतृत्व ने प्रगतिशील राजनेताओं और कार्यकर्ता आधार को ट्रंप-मस्क का विरोध न करने, बल्कि उन्हें अपने दम पर खत्म होने देने के लिए डांटा है। अब उन्होंने ऐसा किया है। वह क्षण आ गया है। यह डेमोक्रेट्स पर निर्भर है कि वे इसे बर्बाद न करें।

**(साभार : मोइरा डोनेगन)।**

# वोटर लिस्ट कांग्रेस को देने को मजबूर हुआ चुनाव आयोग

### महाराष्ट्र व हरियाणा की वर्ष 2009 से 2024 तक की मतदाता सूची की मांग थी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आख़िर दिल्ली हाई कोर्ट की कार्रवाई के डर से चुनाव आयोग को महाराष्ट्र व हरियाणा की 2009 से 2024 तक की वोटर लिस्ट कांग्रेस को देने को मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने इसके लिए अर्जी दी थी। दिल्ली हाई कोर्ट में इलेक्शन कमीशन ने वोटर लिस्ट देने के बारे में आश्वासन दिया था, जो पहले ना - नुकुर कर रहा था। इसी चुनाव आयोग ने पहले कांग्रेस के आरोपों को नकारा था। लेकिन हाईकोर्ट के डर से अब महाराष्ट्र व हरियाणा के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर्स ने वोटर लिस्ट देने के आदेश जारी कर दिए हैं। कांग्रेस नेता अब 2009, 2014, 2019 और 2024 के चुनावों की वोटर लिस्ट ले सकते हैं। वे जिले व चुनाव अधिकारियों से यह डेटा ले पाएंगे।बीते सप्ताह , दोनों राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने आदेश जारी किए। चुनाव आयोग ने



महाराष्ट्र व हरियाणा की 2009 से 2024 तक की वोटर लिस्ट कांग्रेस पार्टी को देने की मंजूरी दे दी है। आमतौर पर, राजनीतिक पार्टियों को चुनाव के समय वोटर लिस्ट मुफ्त में मिलती है। लेकिन, पुरानी वोटर लिस्ट लेने के लिए चीफ इलेक्शन ऑफिसर या चुनाव आयोग से मंजूरी लेनी होती है और इसके लिए पैसे भी देने होते हैं। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने दिसंबर 2024 में यह अनुरोध किया था। सुरजेवाला ने दिसंबर 2024 में एक अर्जी दी थी। उन्होंने महाराष्ट्र व हरियाणा के सभी चुनावों का डेटा मांगा था। उनका कहना था कि उन्हें 2009 से लेकर अब तक के सभी चुनाव के आंकड़े चाहिए। जब डेटा मिलने में देरी हुई, तो उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की। फरवरी 2025 में, चुनाव आयोग ने कोर्ट को फरवरी 2025 में बताया कि उन्हें डेटा की जांच करने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें कानून के अनुसार फैसला लेने के लिए 3 महीने का समय चाहिए। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वे याचिकाकर्ता (सुरजेवाला) को भी सुनेंगे। इसके बाद, संबंधित चुनाव अधिकारियों ने ने सुनवाई की। सुरजेवाला ने अपनी याचिका में कहा कि राजनीतिक पार्टियों को चुनाव आयोग की ओर से जमा किए गए डेटा की जांच करने का अधिकार होना चाहिए। इससे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। कांग्रेस ने महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी होने की बात कही है। सुरजेवाला का कहना है कि वोटर लिस्ट की जांच से पता चल सकेगा कि क्या वाकई में कोई गड़बड़ी हुई है या नहीं। उनका मानना है कि पारदर्शिता लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है। सुरजेवाला ने कोर्ट में कहा कि राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों की जांच करने में सक्षम होना चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इसका मतलब है कि पार्टियां यह देख सकें कि वोटर लिस्ट सही है या नहीं। इधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी आरोप लगाया कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 'लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट' था। उन्होंने कहा कि यह 'मैच फिक्सिंग'' अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा जहां-जहां भाजपा हार रही होगी। राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी का ताजा लेख उनकी बार-बार चुनाव हारने की निराशा दर्शाता है।

# पवन कल्याण ने पूरी की 'ओजी' फिल्म की शूटिंग




### 25 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

प्रोडक्शन बैनर ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि 'ओजी' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह फिल्म 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता पवन कल्याण ने अपनी आगामी फिल्म 'ओजी' की शूटिंग पूरी कर ली है। 'ओजी' फिल्म का निर्देशन सुजीत ने किया है। सुजीत ने 'साहो', 'रन राजा रन' और 'केए' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। यह फिल्म डीवीवी एंटरटेनमेंट के बैनर तले डी वी वी दानय्या और कल्याण दासारी द्वारा निर्मित की गई है। प्रोडक्शन बैनर ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि 'ओजी' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह फिल्म 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

